सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 03 जून, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 150, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 77 अंकों की गिरावट

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में भी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 77 अंक टूट गया। } 14

## ऋण सुविधा का विस्तार करें पैक्स : अमित शाह

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कृषि अवसंरचना कोष के तहत पैक्स को ऋण सुविधा का विस्तार करने के लिए तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया, ताकि उनकी वित्तीय स्थिति में सुधार हो सके। } 16

# अपराधियों के खिलाफ होगी निर्णायक कार्रवाई

### महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम व समाधान पर देंगे जोर : डीजीपी

विशेष संवाददाता



डीजीपी राजीव कृष्ण

लखनऊ। यूपी के नवनियुक्त डीजीपी राजीव कृष्ण आज पुलिस मुख्यालय में मीडिया से बात चीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेंगे। हमारी यह नीति कानून प्रवर्तन रणनीति की आधारशिला होगी।जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है।

डीजीपी राजीव कृष्ण नें कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण और संरक्षण भी करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी रूपों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और समाधान पर विशेष जोर दिया जाएगा। हमारी पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा और संरक्षा की भावना को बढ़ाने की दिशा में होगी। डीजीपी नें कहा कि विश्व के सबसे बड़े पुलिस बल का नेतृत्व प्रदान करते हुए मुझ पर विश्वास जताने के लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार व्यक्त करना चाहता हूँ।यह एक बड़ी जिम्मेदारी है, और मैं उत्तर प्रदेश पुलिस को उत्कृष्टता की अभूतपूर्व ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।उन्होंने कहा कि बीते 08 वर्षों में मुख्यमंत्री के ऊजार्वान नेतृत्व व मार्गदर्शन से पुलिसिंग की दिशा स्पष्ट रही है।इस दिशा में ये कार्य उनके मार्गदर्शन में नए जोश और रणनीतिक जोर के साथ जारी रहेगें।उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो सहिष्णुता की नीति रहेगी।हम अपराध और अपराधियों के खिलाफ एक अडिग रुख बनाए रखेंगे। डीजीपी राजीव कृष्ण नें कहा कि जन शिकायतों का सफल समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।हर स्तर पर सभी शिकायतों से निपटने में बहुत सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील दृष्टिकोण ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत के विमानन क्षेत्र में निवेश के बेहतरीन अवसर

### नेतृत्व, नवोन्मेष व समावेशी विकास पर जोर : प्रधानमंत्री

एजेंसी



नयी दिल्ली।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वैश्विक कंपनियों को देश के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित नियामकीय ढांचे, अनुपालन में सुगमता और सरल कर ढांचे के साथ भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री ने उभरते क्षेत्र रखरखाव और मरम्मत (एमआरओ) का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विमान रखरखाव के लिए वैश्विक केंद्र बनने के प्रयासों में तेजी ला रहा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक और विश्व हवाई परिवहन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएटीएस) के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में भारत में 96 एमआरओ सुविधाएं थीं, जो अब बढ़कर 154 हो गई हैं।इसके अलावा स्वतः मंजूर मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), मालएवं सेवा कर (जीएसटी) में कमी और कर को युक्तिसंगत बनाने के उपायों ने एमआरओ क्षेत्र को नई गति दी है।मोदी ने यह भी कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक मरम्मत और रखरखाव क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का है।उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

### भारत-पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट : पीएम

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं और दोनों के पास साइबर अपराध तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपार संभावनाएं हैं।मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में यह टिप्पणी की।पालासियोस समग्र सहयोग बढ़ाने के तरीकों की खोज के लिए भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर आज सुबह दिल्ली पहुंचे।यह उनकी पहली भारत यात्रा है, जबकि दक्षिण अमेरिकी देश के किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के लिए पराग्वे एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र की कई भारतीय कंपनियां पराग्वे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### रूस-यूक्रेन के बीच नहीं हुआ समझौता

इस्तांबुल।रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों के बीच सोमवार को तुर्किये में नये दौर की प्रत्यक्ष शांति वार्ता समाप्त हो गई।बैठक एक घंटे से कुछ अधिक समय तक चली।यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और रूसी सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी।जेलेंस्की ने लिथुआनिया के विनियस में कहा कि दोनों पक्षों ने तुर्किये के माध्यम से दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया और हम नये सिरे से युद्धबंदियों की अदला-बदली की तैयारी कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि 16 मई को हुई पिछली दौर की वार्ता के बाद दोनों पक्षों के 1,000 बंदियों की अदला-बदली हुई थी। जेलेंस्की के कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने कहा कि यूक्रेन ने रूस को उन बच्चों की एक आधिकारिक सूची भी सौंपी है, जिनके बारे में कहा गया है कि उन्हें जबरन निर्वासित किया गया था और उन्हें वापस किया जाना चाहिए। अफसरों ने बताया कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने किया जबकि रूसी प्रतिनिधिमंडल व्लादिमीर पुतिन के करीबी सहयोगी व्लादिमीर मेदेंस्की के नेतृत्व में बैठक में शामिल हुआ।

### भारत को 2026 तक मिलेंगी एस-400 की बाकी यूनिट

नयी दिल्ली।रूस 2025-2026 तक भारत को एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की बाकी इकाइयां देने के लिए प्रतिबद्ध है।भारत में रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने सोमवार को यह जानकारी दी।बाबुश्किन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष में एस-400 मिसाइल प्रणाली ने बेहद प्रभावी ढंग से काम किया।बाबुश्किन ने वायु रक्षा और ड्रोन रोधी प्रणालियों के क्षेत्र में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के संकेत भी दिए।उन्होंने कहा हमने सुना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष के दौरान एस-400 ने बहुत ही प्रभावी ढंग से काम किया।



आज का मौसम

अधिकतम : 43.06 डिसे.
न्यूनतम : 29.04 डिसे.

**भीतर पढ़ें**


- हुस्नआरा, तोतापरी व लंगड़ा आमों की बढ़ी मांग (पृष्ठ-02)
- यूपी में बनेंगे 1000 मीट्रिक टन क्षमता तक के गोदाम (पृष्ठ-02)
- सोना 330 रुपये बढ़कर 98,930 रुपये (पृष्ठ-14)
- रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की हो सकती है कटौती (पृष्ठ-14)
- कोल इंडिया का उत्पादन 6.35 करोड़ टन पर (पृष्ठ-14)


# आस्था का सम्मान, शुरू न हो नयी परंपरा

### जनहित सर्वोपरि, सजगता, सतर्कता व संवाद से बेहतर रहेगी कानून व्यवस्था : सीएम योगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 'जनहित सर्वोपरि' शासन का मूल मंत्र है।फील्ड में तैनात प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को संवाद, सजगता और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे विवाद ही लापरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले लेते हैं। ऐसे में सजगता, सतर्कता और संवाद के माध्यम से बड़े से बड़े विवाद का समाधान किया जा सकता है।उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र में विवाद की स्थिति में संबंधित थाना 'तहरीर' की प्रतीक्षा न करे, आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। प्रदेश में शांति, सुरक्षा और सौहार्द का माहौल बना रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री सोमवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियोंए मंडलायुक्त, जोन, पुलिस कमिश्नरेट, रेंज तथा जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश की कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई व्यवस्था और आगामी पर्व.त्योहारों के तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 जून को गंगा दशहरा, 7 जून को बकरीद और 24 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरती जाए। यह समय कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। सभी जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान अपने.अपने क्षेत्रों में विगत वर्षों में हुई घटनाओं का विवरण खंगालें। प्रतिबंधित पशुओं के काटनेए परंपरा से हटकर कार्य करने, अराजकता फैलाने वालों की सूची तैयार कर, संदिग्धों पर निषेधात्मक कार्रवाई की जाए। सभी थाना, तहसील, जनपद में पीस कमेटियों से संवाद सुनिश्चित किया जाए। सार्वजनिक मार्गों पर यातायात अवरुद्ध न हो। धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस बल की पैदल गश्त सतत जारी रहे।उन्होंने निर्देश दिए कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए पूर्व निर्धारित स्थल चिन्हित हों। अन्यत्र कतई न हो।प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी पूर्णत : वर्जित रहे। प्रत्येक जिले में कुबार्नी के उपरांत अपशिष्ट निस्तारण की सुनियोजित व्यवस्था रहे। नमाज परंपरागत स्थलों पर ही हो।सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की अनुमति न हो। आस्था का सम्मान हो किंतु नई परंपराओं को प्रोत्साहित न किया जाए।

मुख्यमंत्री ने हाल के दिनों में बर्ड फ्लू के केस सामने आने का उल्लेख करते हुए इस पर विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।साथ ही मृत पशुओं को नदियों में प्रवाहित न करने के लिए आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अवैध स्लॉटर हाउस किसी भी दशा में संचालित न हों। वैध स्लॉटर हाउस में निर्धारित क्षमता से अधिक पशु न रखे जाएं। खुले में मांस विक्रय प्रतिबंधित रहे। निराश्रित गोआश्रय स्थलों में हरा चारा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था बनी रहे।उन्होंने कहा कि तेज हवा व आंधी के कारण बाधित बिजली आपूर्ति की स्थिति में तत्काल रिस्पांस दिया जाए। बिजली आपूर्ति ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सड़क हादसों में 9 की मौत, 4 गंभीर

लखनऊ। बाराबंकी, पीलीभीत, मुरादाबाद और बिजनौर जिले में हुए सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत हो गई जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।बाराबंकी जिले के रामनगर क्षेत्र में सोमवार की सुबह लखनऊ - बहराइच मार्ग पर तेज गति से जा रहे एक ट्रक की टक्कर लगने से कार सवार चार लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।कार लखनऊ की ओर से गोंडा जा रही थी औररामनगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर मोड़ पर एक ढाबे के पास दुर्घटनाकी शिकार हो गई।

इस हादसे में कार सवार सुधीर मौर्य, उनकी पत्नी शांति मौर्य, जीजा रमाशंकर मौर्य और कार चालक अयान कुरैशी की मौके पर ही मौत हो गईजबकि पूजा कुशवाहा, अक्ष और अनवी गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद राजमार्ग पर करीब दो किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया।पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। मृतकों के रिश्तेदार राधेश्याम मौर्य ने बताया कि कार सवार सभी लोग कानपुर में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे।वहां से ...शेष पृष्ठ 14 पर

# जेईई-एडवांस्ड : रजित गुप्ता ने किया टॉप

### परीक्षा में कुल 1,80,422 अभ्यर्थी हुए थे शामिल, 54378 उत्तीर्ण

एजेंसी



नयी दिल्ली।दिल्ली जोन के रजित गुप्ता ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस में शीर्ष रैंक हासिल किया है। इस इम्तिहान के परिणाम सोमवार को घोषित किए गए।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के लिए इस बार आयोजन करने वाले संस्थान आईआईटी कानपुर के अधिकारियों के अनुसार 18 मई को आयोजित जेईई (एडवांस्ड) में पेपर एक और दो दोनों में कुल 1,80,422 अभ्यर्थी शामिल हुए थे।उन्होंने कहा, परीक्षा में 54,378 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं।कुल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में से 9404 छात्राएं हैं। कोटा निवासी रजित गुप्ता ने 360 में से 332 अंक प्राप्त कर कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। आईआईटी खड़गपुर जोन की देवदत्ता माझी शीर्ष रैंक हासिल करने वाली महिला अभ्यर्थी हैं। उन्होंने 360 में से 312 अंक तथा सीआरएल में 16वां स्थान प्राप्त किया। जेईई-मेन देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए ली जाने वाली परीक्षा है और यह जेईई-एडवांस्ड के लिए पात्रता परीक्षा है।कुल 116 विदेशी अभ्यर्थी भी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 13 उत्तीर्ण हुए। शीर्ष 100 अभ्यर्थी में से 31-31 मुंबई और दिल्ली जोन से हैं जबकि 23 आईआईटी हैदराबाद जोन से हैं। कानपुर जोन से शीर्ष 100 में चार अभ्यर्थी, खड़गपुर से पांच और रुड़की से छह अभ्यर्थी हैं। रैंक लिस्ट में शामिल होने के नियम समझाते हुए अधिकारी ने कहा रैंक सूची में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को विषयवार और कुल योग्यता अंकों को पूरा करना होगा। देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय मॉक पेपर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मेरठ : किसान के घर में निकले सैकड़ों सांप

मेरठ।जनपद के दौराला क्षेत्र स्थित समौली गांव में एक किसान के घर के आंगन से अचानक सैकड़ों सांप निकलने लगे। घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और डर के मारे किसान ने परिजनों और गांव वालों के साथ मिलकर 50 से अधिक सांपों को मारकर गड्ढे में दबा दिया।

वन विभाग के प्रभागीय वन अधिकारी राजेश कुमार ने सोमवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक वीडियो वायरल होने के बाद विभागीय टीम को मौके पर जांच के लिए भेजा गया है।सांपों को मारने और बिना सूचना दिए जमीन में दबा देने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि सांप वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत संरक्षित जीव हैं और किसी भी प्रकार की कार्रवाई से पूर्व वन विभाग को ...शेष पृष्ठ 14 पर

# स्वदेशी उत्पादों को मिले प्रोत्साहन : धामी

### मुख्यमंत्री जिलाधिकारियों को वर्चुअल बैठक के माध्यम से दिये निर्देश

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत @2047 संकल्प को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड को हर स्तर पर विकसित बनाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्राम स्तर से लेकर जनपद स्तर तक होनी चाहिए ताकि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को भी लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में एक जनपद दो उत्पाद योजना को बढ़ावा दिया जाए।सरकारी आयोजनों में स्थानीय उत्पादों का उपयोग अनिवार्य किया जाए और जनता को स्वदेशी उत्पादों के प्रति प्रेरित किया जाए।साथ ही, भूमि बैंक की समीक्षा, वर्षा जल संचयन और वनाग्नि नियंत्रण की दिशा में भी प्रभावी प्रयास किए जाएं।उन्होंने कहा कि जिलों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं से वंचित न रहे।मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने जिलों में जनहित से जुड़े कम से कम पांच नवाचारों पर कार्य करें।इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि राज्य के पहले तीन टीबी मुक्त जिलों को विशेष पुरस्कार दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने आगामी 5 जून से 25 जुलाई तक पौधारोपण का वृहद अभियान चलाने के निर्देश दिए। एक पेड़ मां के नाम अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने और प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने को कहा गया। जलस्त्रोतों के संरक्षण के लिए अमृत सरोवर परियोजनाओं की निगरानी की जिम्मेदारी भी जिलों को सौंपी गयी।उन्होंने...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर भारी और अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक वर्षा की जतायी संभावना

# असम में भीषण बाढ़ से 10 की मौत, चार लाख प्रभावित

एजेंसी



गुवाहाटी। असम में बाढ़ की स्थिति सोमवार को भी गंभीर बनी रही क्योंकि राज्य के कई हिस्सों में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के गुवाहाटी स्थित क्षेत्रीय मौसम केंद्र ने राज्य के अधिकतर हिस्सों में मध्यम वर्षा, कुछ स्थानों पर भारी वर्षा और अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक वर्षा की संभावना जताई है।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की रिपोर्ट के अनुसार, कछार और श्रीभूमि जिलों में दो और लोगों की मौत हो गई है और 15 जिलों में लगभग चार लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इस वर्ष बाढ़ और भूस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 10 हो गई है। कछार जिला सबसे अधिक प्रभावित है जहां एक लाख से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में हैं।इसके बाद श्रीभूमि में 85,000 और नागांव में 62,000 लोग प्रभावित हैं।प्रशासन ने 12 जिलों में 155 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र संचालित किए हैं जहां फिलहाल 10,272 विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया है। बीते 24 घंटों में प्रशासन ने 1,090.08 क्विंटल चावल, 284.63 क्विंटल दाल, 952.76 क्विंटल नमक और 4,726.26 लीटर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### यूपी में तेज हवा व बारिश से आज बदलेगा मौसम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है।सोमवार सुबह राजधानी समेत कई जिलों में आसमान में बादल छाए थे, मगर दोपहर होते-होते सूरज की तपिश ने पसीना निकाल दिया। हालांकि तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने मंगलवार को कई इलाकों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।पश्चिमी यूपी के ज्यादातर जिलों में तेज बारिश होने की संभावना जताई है।इस दौरान 50-60 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।वहीं पूर्वी यूपी के जिलों में 30-40 किमी की रफ्तार से हवाओं के झोंके चलेंगे।मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अब यूपी के 71 जिलों में खुलेंगे आधार सेवा केंद्र

समरेश पति त्रिपाठी



उप महानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह

- अभी तक लखनऊ समेत 12 जिलों में है ये सुविधा

लखनऊ। अब आधार में नाम, जन्मतिथि और अन्य संशोधन अपने जिले में ही करा सकते है। इसके लिए आधार सेवा केंद्र प्रदेश के 71 जिलों में जल्द शुरु होने जा रहे है। अभी तक यह सेवा प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित 12 जिलों में चल रही है। इसके लिए भारतीय विशिष्ठ पहचान प्राधिकरण (आधार) के उप महानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह ने प्रस्ताव बनाकर आधार के मुख्यालय को भेजने की जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि यदि प्रस्ताव पास हो जाता है तो विभिन्न जिलों में रहने वाले लोग अपने आधार से जुड़े कोई भी संशोधन आसानी से अपने ही जिले में करा सकते है।उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 300 से अधिक आधार कार्डधारक अपना जन्मतिथि संशोधन कराने के लिए लखनऊ ...शेष पृष्ठ 14 पर

# प्रतिशोध का भाव न रखें और भविष्य में एक अच्छा जीवन व्यतीत करें :आनंदी बेन

## महिला बंदियों से जानी खाने की गुणवत्ता, ली अन्य जानकारी, राज्यपाल ने हरदोई जिला कारागार की महिला बैरक का किया निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को हरदोई स्थित जिला कारागार की महिला बैरक का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने नवस्थापित वाटर कूलर का फीता काटकर उद्घाटन किया। महिला बैरक में उन्होंने महिला बंदियों से भोजन की गुणवत्ता सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और कहा कि वाटर कूलर से ठंडा पानी पिएं तथा जल का अपव्यय न करें। राज्यपाल प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया और महिला बैरक के अस्पताल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने महिला बंदियों के बच्चों की शिक्षा के लिए संचालित स्मार्ट क्लास की व्यवस्था को देखा। भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने कारागार परिसर में उपस्थित महिला बंदियों और माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि उन्हें अपने जीवन में अनुशासन अपनाना चाहिए। उन्होंने जेल में की जा रही आधुनिक और जैविक खेती की सराहना की तथा छात्राओं से जेल भ्रमण के अनुभवों पर निबंध लिखकर राजभवन को भेजने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने महिला बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने मन में किसी प्रकार का प्रतिशोध का भाव न रखें और भविष्य में एक अच्छा जीवन व्यतीत करें। उन्होंने कहा कि सभी को विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने महिला बंदियों और उनके बच्चों को उपहार प्रदान किए। साथ ही, जेल अधीक्षक को उपयोगी पुस्तकों का एक सेट भेंट किया। जिलाधिकारी अनुनय झा ने राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय खुलने के उपरांत 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की सभी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन तथा जेल प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी, स्कूली बच्चे तथा अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

## राजभवन में मनाया गया तेलंगाना का स्थापना दिवस

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से सोमवार राजभवन के गांधी सभागार में तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर वृत्तचित्र, रंगोली तथा प्रदर्शनी के माध्यम से तेलंगाना राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति, कला, व्यंजन, इतिहास, धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक स्थलों, प्रमुख दर्शनीय स्थलों जैसे चारमीनार, गोलकोंडा किला, रामप्पा मंदिर, वारंगल किला, देवराकोंडा फोर्ट, नागार्जुन सागर बांध, राम लिंगेश्वर मंदिर, लुंबिनी पार्क, बीएम बिरला विज्ञान केंद्र, सालार जंग संग्रहालय, पारंपरिक त्योहार, पारंपरिक परिधान एवं शिल्प के नमूने और बिरला मंदिर आदि धरोहरों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में तेलंगाना की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए माधुरी नृत्य, हार्वेस्ट नृत्य, बाटुकम्मा नृत्य, जनपद नृत्य, बंजारा नृत्य, ढिमसा नृत्य एवं लंबाड़ी जैसे पारंपरिक लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस आयोजन के माध्यम से न केवल तेलंगाना राज्य की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक विशिष्टताओं को सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया गया, बल्कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की उस भावना को भी सशक्त किया गया जिसमें विविधता में एकता की झलक मिलती है। यह पहल राष्ट्र की सांस्कृतिक एकात्मता को सुदृढ़ करने, राज्यों के बीच आपसी समझ और सौहार्द बढ़ाने तथा भावी पीढ़ियों को भारत की गौरवशाली विरासत से जोड़ने की दिशा में एक प्रेरक प्रयास सिद्ध होगी। इस अवसर पर विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज एल. जानी, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के अधिकारीगण तथा राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# त्यौहार-गर्मी को लेकर अस्पताल अलर्ट मोड पर : ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आगामी त्यौहार व भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी मेडिकल संस्थानों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दवाएंए मरीजों की भर्ती व इमरजेंसी

- **डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ को बिना जरुरत छुट्टी पर रोक**
- **दवा व जांच के इंतजाम पुख्ता रखने के निर्देश**
- **डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने जारी किया पत्र**

सेवाओं को और पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को अपरिहार्य कारणों के अलावा अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

सोमवार को डिप्टी सीएम के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पत्र जारी किया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि इमरजेंसी सेवाओं की व्यवस्था और बेहतर रहे। डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की विशेष टीमें बनाई जाएं। मरीजों को इलाज हासिल करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



102, 108 व एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सेवाएं भी क्रियाशील रखी जाएं। कम समय में मरीजों को नजदीक के सरकारी अस्पतालों में पहुंचाया जाए। अस्पतालों में पर्याप्त दवाओं का इंतजाम रखें। खासतौर पर गर्मी से होने वाली बीमारियों की। एन्टी स्नैक वेनम और एन्टी रैबीज वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। 24 घंटे पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी समेत दूसरे उपकरण क्रियाशील रखे जाये। डिप्टी सीएम ने निर्देश दिए कि संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए पूर्व में निर्गत दिशा-निर्देशो के आधार पर प्रभावी कार्यवाही अन्तर्विभागीय समन्वय, जन सहभागिता, प्रतिरक्षण, सर्विलॉस, केस बेस्ड एक्टीविटी एवं बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित किया जाये। चिकित्सा भवनों की स्ट्रक्चर सुरक्षा, अग्निशमन एवं विद्युत सुरक्षा का सतत अनुश्रवण किया जाये। अस्पतालों में बिजली एवं पीने के पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। गर्मी के मद्देनजर मरीजों एवं तीमारदारों के लिये साफ व ठंडे पानी का इंतजाम किया जाये। वार्डों व रैन बसेरे में एयर कंडीशन व कूलर का इंतजाम किया जाये। तीमारदारों के लिए छायादार स्थान की व्यवस्था की जाए। गुणवत्तापरक भोजन मुहैया कराया जाये। इसके साथ ही साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाये।

## यूपी के 16 जिलों में बनेंगे 1000 मीट्रिक टन क्षमता तक के गोदाम

**लखनऊ।** यूपी में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए राज्य के 16 जिलों में 24 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के माध्यम से 1000 मीट्रिक टन तक की क्षमता वाले गोदाम बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत संचालित की जा रही है। इसमें कहा गया है कि इस योजना से किसानों को उनके कृषि उत्पादों के भंडारण की बेहतर सुविधा मिलेगी जिससे उन्हें फसल बेचने में जल्दबाजी नहीं करनी पड़ेगी और उचित दाम मिल सकेगा। इसके अलावा इन गोदामों से कृषि, उद्योग तथा रोजमर्रा की वस्तुओं के वितरण और विक्रय का भी सशक्त प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच, रायबरेली, एटा, मथुरा, फर्रुखाबाद, लखीमपुर खीरी, कानपुर नगर, महाराजगंज, कुशीनगर, जालौन, पीलीभीत और झांसी में इन गोदामों का निर्माण किया जा रहा है।

# समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगी : केशव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि

- **उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम**

समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाये और समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाये। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि परेशान हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाये कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद एदुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युतए अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जनता दर्शन मे कई जिलों से आये लोगों ने अपनी समस्याएं रखी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाये और सार्थक समाधान कराया जाये।

# पंचायत चुनाव तय करेगा विधानसभा चुनाव का रास्ता : लोकदल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि पंचायत चुनाव केवल स्थानीय निकाय का चुनाव नहीं है, बल्कि यह आगामी विधानसभा चुनाव की दिशा और दशा तय करने वाला महत्वपूर्ण भूमिक निभाने वाला है। गांव की सरकार, यानि पंचायत, जनता के सबसे नजदीक होती है और यह वही स्थान है जहां से असली बदलाव की शुरूआत होती है। आज जब देश और प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से जूझ रही है, तब पंचायत चुनाव एक अवसर है कि जनता अपने जनप्रतिनिधियों को सोच-समझ कर चुने और एक मजबूत विकल्प को आगे बढ़ाये। लोकदल का प्रत्येक कार्यकर्ता गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर यह संदेश दे रहा है कि यदि बदलाव लाना है, तो इसकी शुरूआत पंचायत से ही करनी होगी। लोकदल ने अपने पंचायत प्रतिनिधियों के चयन में पारदर्शिता, ईमानदारी और जनसेवा की भावना को प्राथमिकता देगा। हर पंचायत में योग्य, निष्ठावान और जनता के बीच से चुने गए प्रतिनिधि सत्ता में आयें ताकि लोकनीति का असली स्वरूप सामने आ सके। लोकदल पार्टी आगामी पंचायत चुनाव में पूरी ताकत के साथ उतरने जा रही है। खास तौर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के साथ-साथ पार्टी ने गांव-गांव में जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है और सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करने का निर्णय की तैयारी कर रहा है। लोकदल पार्टी हमेशा से किसानों, मजदूरों, युवाओं और ग्रामीण समाज की आवाज रही है। पंचायत चुनाव के जरिए पार्टी गांवों में विकास, पारदर्शिता और जनहित की नीतियों को सशक्त बनाने का संकल्प ले रहा है। लोकदल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने आगे कहा, हमारा लक्ष्य है कि हर पंचायत में लोकदल की भागीदारी हो और जनहित में सशक्त निर्णय लिए जाये। हम योग्य, जनसेवाभावी और ईमानदार प्रत्याशियों को मैदान में उतारेंगे।

# यूपी में बिजली व्यवस्था चौपट : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था चौपट कर दी है। इस सरकार ने अपने आठ साल के कार्यकाल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई नया पावर प्लांट नहीं लगाया। आज जनता को जो भी बिजली मिल रही है, समाजवादी सरकार ने पावर प्लांट और बिजली उत्पादन बढ़ाने का कार्य किया था।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बिजली उत्पादन बढ़ाने, पारेषण के लिए काम नहीं ट्रांसफारमर फुंक रहे है। तार गिर रहे हैं। अघोषित कटौती हो रही है। ग्रामीण इलाकें और छोटे शहरों में बिजली कटौती से आमजन त्रस्त है। भाजपा सरकार ने आम जनता के हित में कोई काम नहीं किया। जनता बिजली, पानी के संकट से जूझ रही है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। लोगों में आक्रोश है। लोग जगह-जगह उपकेंद्रों पर सरकार के खिलाफ अपने आक्रोश का प्रदर्शन कर रहे है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बिजली व्यवस्था ठीक करने के बजाय विद्युत निगमों को बेचने और उनके निजीकरण के लिए सारे तिकड़म अपना रही है। सरकार का ध्यान बिजली उत्पादन बढ़ाने और वितरण व्यवस्था सुधारने की जगह कर्मचारियों को डराने, धमकाने और विभाग के जबरदस्ती निजीकरण पर है। भाजपा सरकार का पूरा फोकस कमीशनखोरी पर है।

# मऊ सदर सीट से हमारी पार्टी उपचुनाव लड़ेगी : राजभर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी की मऊसीट से अपने विधायक अब्बास अंसारी को भड़काऊ भाषण के मामले में दो साल की कैद की सजा सुनाए जाने के कारण उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त किये जाने के बाद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने सोमवार को कहा कि यह उसकी सीट है और वह इसके लिए होने वाला उपचुनाव लड़ेगी। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने सोमवार को संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, कि वह सीट हमारी है.... उस पर हमारी पार्टी (उपचुनाव) लड़ेगी। अब्बास अंसारी वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत सुभासपा के टिकट पर मऊसदर विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने थे। नफरत भारत भाषण देने के आरोप में अदालत द्वारा 2 साल कैद की सजा सुनाई जाने के चलते उन्हें विधानसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराए जाने के बाद अब यह सीट रिक्त घोषित कर दी गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अगर अदालत किसी सदस्य को दो साल या उससे ज्यादा की सजा सुनाती है तो उसकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त करने का प्रावधान है। सुभासपा वर्तमान में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की सहयोगी है और पार्टी अध्यक्ष राजभर राज्य में कैबिनेट मंत्री हैं। अंसारी को लेकर पार्टी के अगले कदम के बारे में पूछे जाने पर राजभर ने कहा, कि अगर वह अदालत जाते हैं, तो पार्टी उनके साथ है। फिलहाल उच्च न्यायालय में छुट्टियां हैं और वह एक महीने के लिए बंद रहेगा। अब्बास अंसारी को अयोग्य ठहराए जाने के बाद 403 सदस्यीय उत्तर प्रदेश विधानसभा में सुभासपा के पांच विधायक रह जाएंगे। राजभर ने जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव जनता के प्रत्यक्ष वोटों से कराने के बारे में राजभर ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है।

# हुस्नआरा, तोतापरी, रटौल और लंगड़ा आमों की फिर से बढ़ने लगी है मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** अपनी खुशबू और बेहतरीन जायके के लिये पूरी दुनिया में मशहूर दशहरी आम वैसे तो हर खास-ओ-आम की पहली पसंद है, मगर अब आम के शौकीन लोग दशहरी के अलावा फलों के राजा की अन्य खास

- **दशहरी आमों की अमेरिका, चीन, सऊद्री अरब, दुबई और ओमान जैसे देशों में होता है निर्यात**
- **आम्रपाली, मलका, टॉमी ऐटकिंस, हुस्नआरा, तोतापरी, रटौल और तुकमी की बढ़ रही डिमांड**

किस्मों को भी अपने भोजन का हिस्सा बनाने के 5060 साल पुराने दौर की तरफ लौट रहे हैं। इससे लुप्त हो रही आम की अनेक प्रजातियों को नया जीवन मिला है।

खासकर मलीहाबाद के दशहरी आम ने अपने स्वाद से दुनिया में अपने अनेक दीवाने पैदा किये हैं लेकिन आम की अन्य किस्मों से जुड़ी यादें आम के शौकीनों को एक बार फिर लुभा रही है। दशहरी के अलावा हुस्नआरा, तोतापरी, रटौल और लंगड़ा जैसी अनेक लुप्तप्राय हो चुकी किस्मों की मांग भी हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ी है। आम उत्पादक किसानों के संगठन ऑल इंडिया मैंगो ग्रोअर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंसराम अली ने रविवार को बताया कि बढ़ती मांग को देखते हुए किसान अब दशहरी के साथसाथ आम की अन्य किस्मों की पैदावार पर भी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि 5060 साल पहले आम के किसान दशहरी के साथसाथ अन्य किस्मों को भी पैदा करते थे, क्योंकि उस वक्त दूसरी किस्मों के आम भी शौक से खाये जाते थे। मगर बाद में सिर्फ दशहरी, चौसा और सफेदा का ही आम बाजार पर दबदबा हो गया। हालांकि हाल के



वर्षों में आम के शौकीनों का अन्य किस्मों की तरफ रुझान बढ़ा है इसीलिये आम उत्पादक पुराने दौर में लौटते हुए अब दशहरी को कम करके अन्य किस्मों की पैदावार की तरफ ध्यान दे रहे हैं। अली ने कहा, आम के किसान अब खासकर रेड वेरायटी (लाल रंग वाले आम) पर ध्यान दे रहे हैं। एक बड़े बाजार की आहट में आम उत्पादक अब सुर्खा मटियारा, आम्रपाली, मलका, टॉमी ऐटकिंस, हुस्नआरा, तोतापरी, रटौल और तुक्मी जैसी किस्मों के उत्पादन को बढ़ा रहे हैं। ऐसा इसलिये क उन्होंने कहा कि जहां दशहरी, चौसा और सफेदा आम 40 से 60 रुपये प्रति किलोग्राम मिलते हैं, वहीं उक्त किस्मों की कीमत आमतौर पर 80 से 120 रुपये प्रतिकिलो तक मिल जाती है। अली ने एक सवाल पर कहा कि अभी इन किस्मों के उत्पादन सही आंकड़ों का पता लगना मुश्किल है क्योंकि अभी ये शुरुआती दौर में है। लखनऊके आम उत्पादक परवेज खान ने बताया कि पिछले दो वर्षों में आम की बाकी किस्मों की तरफ रुझान बढ़ा है। उन्होंने कहा, करीब 50 साल पहले हमने अन्य किस्मों के पेड़ इसलिये कटवा दिये गये थे, क्योंकि उनकी ज्यादा मांग नहीं थी लेकिन अब आम के शौकीनों की जुबान पर अन्य किस्मों का जायका चढ़ रहा है। अब बहुत अच्छी मांग आ रही है इसलिये बागवानों ने उन्हें फिर से लगाना शुरू कर दिया है। ये किस्में विलुप्ति की कगार पर थीं। बदलती मांग से उन्हें नया जीवन मिला है।

करीब 25 बीघे में फैले आम के बाग के मालिक खान ने बताया कि वह सुर्खा मटियारा, गिलास, जौहरी सफेदा, खासुल खास, पाकीजा, हाथी झूल, हामिल तहसील, बनारसी लंगड़ा, चौसा, आमिन अब्दुल अहद, हुस्नआरा और लखनउवा सफेदा समेत करीब 22 किस्मों के आम का उत्पादन करते हैं। अब इनका रकबा भी बढ़ाया जा रहा है। खासतौर से बागपत जिले के रटौल गांव में उगाये जाने वाले रटौल आम का जायका भी लोगों के जुबान पर चढ़ रहा है। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर मेराजुद्दीन अहमद ने इस आम के अनोखे जायके को अमेरिका, चीन, सऊद्री अरब, दुबई और ओमान जैसे देशों तक फैलाने में अहम भूमिका निभायी थी। अहमद के बेटे फैज़ महमूद ने बताया कि रटौल आम अपनी मिठास और खुशबू के लिए जाना जाता है। छोटे आकार के इस आम की खुशबू इतनी तेज होती है कि डाल पर पकने पर दूर से ही अहसास हो जाता है। उन्होंने बताया कि उनके पिता द्वारा रटौल आम की कई भव्य प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें देश-विदेश से आम प्रेमियों ने शिरकत की थी।

# अनिल दुबे ने ममता पांडेय को दिलायी रालोद की सदस्यता




लखनऊ। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर दाऊ जी सेवा संस्थान की सचिव एवं समाज सेविका ममता पाण्डेय को रालोद की सदस्यता ग्रहण करायी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह, प्रदेश सचिव सुजाता चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने के बाद उन्होंने भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह की नीतियों तथा पार्टी की विचारधारा को आगे बढाते हुए रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# 5000 भूखण्डों की आईटी सिटी योजना दीवाली पर होगी लांच

## 188 एकड़ में बनेगा सेंट्रल पार्क व गोल्फ कोर्स, डेवलपमेंट का कार्य शुरू, किसानों ने खुद भूमि पूजन कर अधिकारियों को सौंपी मिट्टी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से आईटी सिटी योजना को दीवाली पर लांच करेगा। सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व किसान पथ के मध्य लगभग 2,858 एकड़

- **मोहारी खुर्द व मोहारी कलां गांव में 200 बीघा जमीन पर एलडीए का कब्जा**
- **बेहतरीन आवासीय सुविधाओं के साथ रोजगार के मिलेंगे अवसर**

क्षेत्रफल में आईटी सिटी विकसित की जाएगी। योजना में 72 वर्गमीटर से 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के लगभग 5,000 आवासीय भूखण्ड सृजित किये जाएंगे। इसके अलावा ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखण्ड भी नियोजित किये जाएंगे। साथ ही यहां लगभग 188 एकड़ क्षेत्रफल में सेंट्रल पार्क व गोल्फ कोर्स विकसित किया जाएगा।



सोमवार को एलडीए की टीम ने स्थल पर सेक्टर डेवलपमेंट का कार्य शुरू करा दिया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया सेंट्रल पार्क व गोल्फ कोर्स के लिए ग्रीन बेल्ट की भूमि का डिमार्केशन कराया जा रहा है। इस वर्ष दीवाली के अवसर पर योजना लांच कर दी जाएगी। जिसके लिए मोहनलालगंज तहसील के ग्राम-बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली और भटवारा की जमीन ली जाएगी। यह योजना अपनी सर्वोत्तम रोड कनेक्टिविटी के कारण लोगों के लिए काफी उपयोगी होगी।

**इंडस्ट्रियल व व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा :** आईटी सिटी को इस तरह विकसित किया जाएगा, जिससे अधिकतम निजी निवेश आकर्षित हो। इसके लिए योजना में लगभग 445.65 एकड़ इन्डस्ट्रियल एरिया व व्यावसायिक गतिविधियों के लिए लगभग 260 एकड़ क्षेत्रफल आरक्षित किया जाएगा। इससे इंडस्ट्रियल व व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके अलावा योजना में लगभग 200 एकड़ ग्रीन बेल्ट के बड़े भू-भाग में गोल्फ सिटी बनायी जाएगी। साथ ही लगभग 15 एकड़ क्षेत्रफल में फैली वाटर बॉडी योजना को पर्यावरण के अनुकूल बनाएगी।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय किसानों की ओर से बड़ी संख्या में लैंड पूलिंग नीति के माध्यम से योजना के लिए जमीन दी जा रही है। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह के नेतृत्व में एलडीए की टीम ने सोमवार को मोहारी खुर्द व मोहारी कला गांव की लगभग 200 बीघा भूमि पर एक साथ कब्जा लेते हुए 02 सेक्टरों के डेवलपमेंट का कार्य शुरू कराया। इस मौके पर क्षेत्रीय किसान/भू-स्वामी भी उपस्थिति रहे। किसानों ने विकास कार्य में भागीदारी दिखाते हुए स्वयं भूमि पूजन करके एलडीए अधिकारियों के हाथों में मिट्टी सौंपी।

**लैंड पूलिंग से किसानों को कई गुना लाभ :** संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि लैंड पूलिंग नीति के माध्यम से योजना के लिए अपनी जमीन देने वाले किसानों को कई गुना लाभ होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि मोहारी खुर्द गांव में जमीन का डीएम सर्किल रेट लगभग 8 लाख रुपए बीघा है। प्रतिकर के रूप में चार गुना मुआवजा दिये जाने पर भी किसान को 32 लाख रुपए ही मिलेगा। वहीं, लैंड पूलिंग नीति के तहत अपनी शत प्रतिशत भूमि निःशुल्क देने वाले किसान को योजना में 25 प्रतिशत विकसित आवासीय भूमि क्रमशः 6800 वर्गफिट मिलेगी। जिसकी कीमत 03 करोड़ रुपये से अधिक होगी और किसान को कई गुना अधिक लाभ होगा।

## एलडीए ने अपार्टमेंट में कैम्प लगाकर जमा किया अनुरक्षण शुल्क



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण फ्लैटों का अनुरक्षण शुल्क जमा करने के लिए अपार्टमेंट्स में कैम्प लगा रहा है। इस क्रम में रविवार को गोमती नगर स्थित पारिजात अपार्टमेंट व जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-जे स्थित सृष्टि अपार्टमेंट में कैम्प लगाया गया। जिसमें आवंटियों ने 43.23 लाख रुपये अनुरक्षण शुल्क जमा कराया। अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि आवंटियों ने मांग की थी कि अनुरक्षण शुल्क जमा कराने के लिए अपार्टमेंट्स में ही कैम्प आयोजित किया जाए। जिस पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा जनहित में निर्णय लेते हुए स्थल पर ही कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये गये थे। इसके अनुपालन में पारिजात एवं सृष्टि अपार्टमेंट में रविवार सुबह 11 बजे से शाम 5:00 बजे तक कैम्प लगाया गया। इसमें प्राधिकरण के अभियंत्रण व लेखा एवं वित्त अनुभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। दिन भर चली कार्रवाई के दौरान सृष्टि अपार्टमेंट में 30,49,752 रुपये और पारिजात अपार्टमेंट में 12,73,704 रुपये अनुरक्षण शुल्क प्राप्त किया गया। उन्होंने बताया कि आवंटियों की सुविधा के लिए आगामी शनिवार व रविवार को भी अपार्टमेंट्स में कैम्प लगाकर अनुरक्षण शुल्क जमा कराया जाएगा।

# सैरपुर में दो अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को प्रवर्तन टीम ने सैरपुर में कार्रवाई करते हुए 02 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया। वहीं, गोसाईगंज के दुलारमऊ में एक अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किया

- **गोसाईगंज में व्यावसायिक कॉम्पलेक्स सील**
- **एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 एवं जोन-4 की टीम ने की कार्रवाई**

गया। प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि बलराम रावत, राजकिशोर चौबे व अन्य द्वारा सैरपुर के घुवैला कमलाबाद में लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी तरह राजेश रावत व अन्य की ओर से




कमलाबाद में लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम द्वारा पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि राकेश सिंह, प्रशांत सिंह व अन्य द्वारा गोसाईगंज के दुलारमऊ में किसान पथ के पास लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। जिसे विहित न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पूर्व में सील किया गया था। वर्तमान में विपक्षी की ओर से सील तोड़कर बिल्डिंग में निर्माण/फिनिशिंग का कार्य कराया जा रहा था। स्थल निरीक्षण में मामला उजागर होने पर प्रवर्तन टीम द्वारा बिल्डिंग को पुनः सील कर दिया गया।

# निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने किया बुद्धि शुद्धि यज्ञ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने कहा है कि ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा यह स्पष्ट करें कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत निगम के निजीकरण के बाद सरकार निजी घरानों को सब्सिडी की धनराशि देगी या नहीं। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि ग्रांट थॉर्टन को क्लीन चिट देने के मामले में पॉवर कॉरपोरेशन के पैनल पर काम कर रहे अधिवक्ताओं से राय लेकर निदेशक वित्त ने फाइल पर क्लिन चिट दे दी है। निजीकरण के विरोध में आज 187 वें दिन प्रांत व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

आज प्रयागराज में बुद्धि शुद्धि यज्ञ किया गया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से पूछा है कि वह बताएं कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत आने वाले 42 जनपदों का निजीकरण हो जाने के बाद निजी कंपनी को उत्तर प्रदेश



सरकार सब्सिडी की धनराशि देगी या नहीं देगी। संघर्ष समिति ने कहा कि विगत वर्ष किसानों, बीपीएल उपभोक्ताओं, बुनकरों आदि की सब्सिडी की धनराशि 22000 करोड रुपए से ऊपर की है। यह धनराशि सरकार ने सब्सिडी के रूप में दी है। ऊर्जा मंत्री और पावर कारपोरेशन के चेयरमैन घाटे के नाम पर निजीकरण करने की दलील देते समय इस धनराशि को जोड़कर घाटा बता रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1 अप्रैल 2024 से किसानों को ट्यूब वेल के लिए मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी किए गए संकल्प पत्र में यह लिखा था कि बीपीएल उपभोक्ताओं को 3 रुपए प्रति यूनिट की दर पर बिजली दी जाएगी। इसी प्रकार बुनकरों आदि को भी लागत से कम मूल्य पर बिजली दी जाती है जो सरकार की और पार्टी की घोषित नीति के अनुसार है। अब जब निजीकरण की दलील देते समय यह कहा जा रहा है कि सरकार यह बोझ नहीं उठा सकती तो ऊर्जा मंत्री को आम जनता के सामने स्पष्ट करना चाहिए कि बिजली का निजीकरण हो जाने के बाद सरकार यह सब्सिडी की धनराशि का भार उठाएगी या नहीं जिससे निजीकरण को लेकर आम जनता धोखे में न रहे। संघर्ष समिति ने कहा की निदेशक वित्त निधि नारंग के फर्जीवाड़ा लगातार सामने आ रहे हैं फिर भी निधि नारंग पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है इससे स्पष्ट हो जाता है कि पावर कारपोरेशन के चेयरमैन और निधि नारंग की मिली भगत है और निजीकरण के पीछे मेगा स्कैम होने जा रहा है। सोमवार को वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिजार्पुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, में विरोध सभा हुई।

# नगर निगम में अफसर व कर्मचारियों ने स्व. राम अचल को दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को आठ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। साथ ही नगर निगम कर्मचारी संघ के महामंत्री एवं लेखा विभाग में कार्यरत स्वर्गीय राम अचल के असामयिक निधन पर त्रिलोकीनाथ सभागार में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

स्व. राम अचल का निधन 31 मई को एक दुखद सड़क दुर्घटना में हो गया था। उनकी स्मृति में आयोजित शोक सभा में नगर निगम परिवार के सैकड़ों कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा का वातावरण अत्यंत भावुक था। वक्ताओं ने राम अचल के सेवाभाव, ईमानदारी एवं संगठन के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अपर



नगर आयुक्त ललित कुमार, अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह, मुख्य अभियंता (सिविल) महेश वर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.के. श्रीवास्तव सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, अभियंताओं और कर्मचारियों ने राम अचल के साथ बिताए पलों को साझा किया। उन्होंने कहा कि राम अचल एक कुशल लेखाकार होने के साथ-साथ संवेदनशील, सहयोगी और प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से नगर निगम ने एक कर्मठ और समर्पित कर्मचारी को खो दिया है, जिसकी भरपाई कर पाना आसान नहीं होगा। इस शोक सभा में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने भी स्व. राम अचल के कर्मचारियों के हितों के लिए किए गए संघर्ष, उनकी निष्ठा और कार्यशैली की सराहना की। प्रमुख नेताओं में राजेश सिंह, राजेश भारती, सय्यद कैसर रजा, सुनील धानुक, रमेश चौरसिया, शैलेन्द्र तिवारी, जुगल वाल्मीकि, आनंद वर्मा, शमील अखलाख, राकेश लक्खा, जगदीश अटल और हरी शंकर पांडेय सहित सैकड़ों कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार ने भी शोक व्यक्त किया।

### आठ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई विदाई

शोक सभा के पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। नगर निगम से 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में संपत्ति विभाग के प्रथम श्रेणी लिपिक प्रदीप कुमार सेठ, स्वास्थ्य विभाग के सफाई नायक अजय कुमार शुक्ला, उद्यान विभाग के माली अर्जुन प्रसाद, स्वास्थ्य विभाग की सफाई कर्मी प्यारी, रजनी, सुरेश, बेला और अभियंत्रण विभाग की अनुचर नीलम सिंह शामिल हैं। विदाई समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनके सेवा काल के योगदान को सराहा गया। वक्ताओं ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## एमार की 36 मंजिला आवासीय योजना लांच

**लखनऊ।** राजधानी के गोमती नगर विस्तार में दुबई की तर्ज पर 36 मंजिल की आवासीय योजना लांच होने जा रही है। एमार इंडिया ने लखनऊ में सोमवार को गगनचुंबी आवासीय परियोजना 'एलीट ओएसिस' की घोषणा की है। लगभग 11,827 वर्ग मीटर में विकसित इस परियोजना में आधुनिक सुविधाओं, सुविधाजनक जीवन और उच्च स्तरीय जीवनशैली के बेहतरीन मिश्रण को डिजाइन सौंदर्य के साथ तैयार किया गया है। सीईओ कल्याण चक्रवती ने बताया यह परियोजना शहर की स्काईलाइन को नया रूप देगी। एलीट ओएसिस में 3 बीएचके व 4 बीएचके के दो श्रेणियों में फ्लैटब उपलब्ध होंगी। इनकी कीमत 2.75 से 4.15 करोड़ रुपये के बीच होगी। खास बात यह है कि इन आवासों में डेक के रूप में खुलने वाली बाल्कनी दी गई है, जो दोनों ओर से खुली हवा और प्राकृतिक रोशनी का अनुभव कराएगी।

## अपर नगर आयुक्त से कर्मचारी संघ ने की भेंट



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ के अध्यक्ष राजेश सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से नव आगंतुक अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कर्मचारियों के सेवा संबंधित देयकों और आउटसोर्स कर्मचारी के वेतन में भिन्नता के संबंध में भी अवगत कराया। नगर निगम में कर्मचारी समस्याओं के विषय में अपर नगर आयुक्त का ध्यान आकर्षण कराया गया। अपर नगर आयुक्त की ओर से कर्मचारी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किये जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का विश्वास दिलाया गया। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक कंचन सक्सेना, महामंत्री रमेश चौरसिया, उपाध्यक्ष कृष्णा मगन सिंह, दीपक शर्मा, मोहम्मद रेहान संगठन मंत्री, राजीव रतन राय, हिमांशु सावंत, सर्वेश पाल, राजीव जैन, अमित शुक्ला,,शील भान सिंह, मंगल सिंह मंत्री एवं तमाम कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

# भारत विश्व पटल पर परचम लहरा रहा : सरना

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी किसानों व्यापारियों मजदूर महिलाओं युवाओं और बुजुर्गों के हितों की सुरक्षा की गारंटी देते हुए उन्हें विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने का काम कर रही है। आज कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है जो विकास से छूटा हो देश और प्रदेश में विकास के कार्यों को देखते हुए आने वाले दिनों में भारत को विश्व गुरु के पटल पर चमकने से कोई नहीं रोक सकता।यह बात आज वरिष्ठ व्यापारी नेता सनी सरना ने कहीं

- **प्रदेश का हो रहा है चौमुखी विकास**
- **गरीबों को मिल रहा है मुफ्त चिकित्सा का लाभ**

उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में भाजपा ने देश को उन्नत की ओर ले जाने की पहल की है। आज व्यापारियों किसानों महिलाओं बुजुर्गों एवं नौजवानों का उत्थान किया जा रहा है उनकी छोटी सी छोटी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। श्री सरना ने कहा पूर्व की सरकारों ने हमेशा जनता को धोखा दिया जनता को विकास के बड़े-बड़े सपने दिखाए लेकिन हकीकत में कुछ भी नहीं किया देश और प्रदेश की जनता भली भात जान चुकी है कि भाजपा ही देश का उत्थान कर सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक चिकित्सा सहित कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। आज गरीबों को मुफ्त इलाज सरकारी अस्पतालों में मिल रहा है दवाइयां मिल रही है और जटिल से जटिल ऑपरेशन



का इलाज एकदम मुफ्त में किया जा रहा है। उन्होंने कहा बृजेश पाठक पूरे प्रदेश में घूम-घूम कर चिकित्सालय का निरीक्षण कर रहे हैं तथा डॉक्टर को निर्देशित कर रहे हैं कि गरीबों को अच्छे से अच्छा इलाज मिले। श्री पाठक दिन रात जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर उनके पास जाता है तो वह प्राथमिकता के आधार पर उन समस्याओं का निराकरण करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान विश्व के पटल पर दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।अमेरिका ब्रिटेन जापान फ्रांस इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हुए है। श्री सरना ने कहा विपक्षी दल सत्ता पाने के लिए जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं लेकिन देश की जनता अब इनके झांसे में आने वाली नहीं है। इनके तुष्टिकरण वाले मुखोटे को वह भली बात पहचान चुकी है उन्होंने कहा कि जनता का मत है कि यह पार्टियों मात्र सत्ता सुख के लिए कोई भी कदम उठा सकती हैं इसलिए जनता अभी दलों से दूरी बना चुकी है। इस अवसर पर युवा नेता मिकी सरना ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रोजगार के क्षेत्र या व्यापारियों को आगे बढ़ने का काम हो या किसानों की उपज को दुगना करने का काम हो बुजुर्गों और महिलाओं को पेंशन देने का काम हो यह काम पूरी पारदर्शिता के साथ कर रहे है। उन्होंने कहा की बिहार पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ अपना परचम लहराएगी। इस अवसर पर गुरमीत सिंह, सुरेश वर्मा, राजू यादव, निखिल सोनकर, निक्की तोलानी, कुलदीप सिंह, जीतू चावला, पवन कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# पावर कार्पोरेशन ग्रांट थ्रोनटन कंपनी को बचाने में लगा है: उपभोक्ता परिषद

**लखनऊ।** 42 जनपदों के निजीकरण का मसौदा तैयार करने वाली ग्रांट थ्रोनटन कंपनी जिसको यह शपथ पत्र दिया था कि पिछले तीन वर्षों में उसके ऊपर कोई भी पेनल्टी नहीं लगी है लेकिन उसके द्वारा छुपा कर पावर कारपोरेशन में ट्रांजैक्शन एडवाइजर का टेंडर लिया गया उपभोक्ता परिषद ने जब इसका खुलासा किया कि अमेरिका रेगुलेटर द्वारा ग्रांट थॉर्नटन के ऊपर रुपया 40 हजार डॉलर की पेनल्टी लगाई गई है तो पावर कॉरपोरेशन उसको बचाने में जुटा अंततः तीन बार कंसल्टेंट कंपनी ने पावर कारपोरेशन को जबाब दिया तीसरी बार 23 अप्रैल 2025 को ग्रांट थॉर्नटन भारत ने जवाब दिया की वर्तमान में उसके ऊपर कोई पेनल्टी नहीं लगी है जो लगी थी उसने उसे जमा कर दिया उसने अपने शपथ पत्र के क्रम में जवाब दिया जबकि शपथ पत्र में लिखा है कि पिछले तीन वर्षों में ग्रांट थॉर्नटन पर कोई पेनल्टी नहीं लगी यानी कि उसका झूठा शपथ पत्र साबित हो गया क्योंकि अमेरिका रेगुलेटर द्वारा वर्ष 2024 में ही पेनल्टी लगाई गई थी अब क्या था पावर कारपोरेशन के हाथ पांव फूल गए निदेशक वित्त निधि कुमार नारंग द्वारा पावर कारपोरेशन के अपने पैनल अधिवक्ता को ही संपर्क करके उनसे एक सलाह लेकर पूरे मामले को समाप्त कराने के लिए पत्रावली को आगे बढ़ाया गया क्योंकि पैनल अधिवक्ता से राय ली थी इसलिए पावर कार्पोरेशन प्रबंधन के हाथों पॉव फूल गए पावर कारपोरेशन के पैनल अधिवक्ता ने अपनी सलाह में कहा कि अमेरिका रेगुलेटर द्वारा जो पेनल्टी लगाई गई है वह किसी समझौते को पूरा करने में आसफलता के कारण नहीं लगाई गई बल्कि वह लेखा परीक्षा समिति के साथ कुछ अनिवार्य संचार बनाए रखने में फार्म की आसफलता के लिए लागाई गयी। जिसे ग्रांट थॉर्नटन कंपनी द्वारा फरवरी 2024 में ही जमा कर दी गई थी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा पावर कॉरपोरेशन को भी पता है की अब पूरा मामला फंस चुका है इसलिए वह ना तो अपने विधिक विंग से राय लिया ना प्रमुख सचिव विधायी उत्तर प्रदेश सरकार से राय लिया वह भी व्यक्तिगत रूप से पावर कारपोरेशन के निदेशक वित्त ने पावर कॉरपोरेशन की पैनल अधिवक्ता से ही राय मंगा लिया।

**सड़क काटकर डाल दिया केबिल, हो सकती है दुर्घटना :** गर्मी बढ़ने से बिजली के केबल भी फाल्ट हो रहे है। बिजली के तार जो जमीन के ऊपर से होकर जा रहा है और वह फाल्ट हो जाता तो उसे तत्काल बना दिया जाता है लेकिन जमीन के नीचे जाने वाला तार फाल्ट होने पर उसे बनाने के लिए सड़क को खोदना पड़ता है। सड़क खोदने के पहले नगर निगम और पीडब्लूडी को पैसा भी जमा किया जाता है। पैसा जमा होने के बाद भी सड़क महिनों नही बन पाता है। बीच सड़क खोदने पर धीरे-धीरे वहा पर बड़ा गढढा हो जाता है। आलमबाग, सरोजनीनगर, गोमतीनगर, अमीनाबाद सहित कई क्षेत्रों में सड़क के किनारे बिजली के केबिल ऊपर दिख रहा है। आशियाना के पराग चौराहे के पास नाले के पहले 11 केवी का तार खुले में जमीन के ऊपर रखा है जिसपर दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन उसके ऊपर से जाता है। इसके लिए आशियाना में कई बार शिकायत किया गया लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उसपर कोई कार्रवाई नही किया। गोमतीनगर विस्तार के पास सड़क के किनारे कई दिनो से 11 केवी तार पड़ा हुआ है। लेकिन अभी तक बिजली विभाग नही देखने आया।

## अस्थायी दुकानों व ठेलों को हटाया, रैंप तोड़े



**लखनऊ।** नगर निगम प्रशासन की ओर से अलग-अलग इलाकों में अस्थाई अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ चेतावनी भी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वार्ड कन्हैया माधवपुर प्रथम में जोनल अधिकारी जोन 6 के नेतृत्व में बालागंज चौराहे से एकता नगर चौराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान 8 ठेले, 5 अस्थाई दुकानों को हटाया गया। इसके अतिरिक्त एक बैंड-बाजा वाली गाड़ी, 5 कैरेट, एक लोहे का स्टूल, 5 टायर, एक फ्लैक्स बोर्ड और एक प्लास्टिक की कुर्सी जब्त की गई। अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे पुनः उस स्थान पर अतिक्रमण न करें। जोन-7 में मुंशीपुलिया चौराहे से मेट्रो स्टेशन होते हुए माही मेडिकल तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 2 ठेले, 2 ठेलियां, 1 गुमटी और 1 लोहे का काउंटर हटाया गया। इसके साथ ही हिम सिटी पार्ट-1, देवा रोड, चिनहट स्थित दो स्थलों पर बने रैंपों को भी तोड़ा गया। अतिक्रमणकारियों को पुनः अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# छोटे भाई की गला दबाकर हत्या, हिरासत में






विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जानकीपुरम थाना क्षेत्र के सेक्टर 6 में सोमवार सुबह अमित मिश्रा उर्फ बाला (35) ने घर मे हंगामा, तोड़फोड़ कर रहे अपने छोटे भाई रवि मिश्रा(20)को जमकर पीटा। इसके बाद गला कसकर मार डाला। शराब के लिए रुपए की मांग पर विवाद हो गया था। बात इतनी बढ़ी मारपीट हो गई। हत्या की सूचना पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने आरोपित अमित को हिरासत में ले लिया है। जानकीपुरम पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

जानकीपुरम वविस्तार सेक्टर-6 निवासी रामलखन मिश्रा सपरिवार रहते है रामलखन मेडिकल स्टोर पर काम करते है ।रामलखन के परिवार में पत्नी निर्मला और चार बच्चे तीन बेटेऔर एक बेटी के साथ रहते है बताया जा रहा है कि रामलखन का बड़ा बेटा अमित एक दवा की दुकान पर काम करता है। छोटा बेटा रवि स्मैक और शराब का लती था। उनकी मां निर्मला ने बताया कि सुबह रवि शराब के लिए रुपए मांग रहा था। विरोध पर उसने घर के सामान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। बड़े भाई अमित ने समझाने का बहुत प्रयास किया पर मना नहीं, वह उससे भी उलझ गया। विवाद शुरू हो गया। बात इतनी बढ़ी कि दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान अमित ने रवि की पिटाई की और गला कस दिया। जिससे रवि की जान चली गई। इसके बाद रवि को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने रवि को मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए ट्रामा सेंटर भेज दिया।

बड़ी बहन नेहा तिवारी ने बताया रवि नशे का आदी था। घर में आए दिन विवाद करता था। पैसे न मिलने पर तोड़फोड़ करता था। सुबह भी हंगामा कर रहा था। भाई ने विरोध किया तो मारपीट करने लगा। मारपीट में ही मौत हो गई।

**हिरासत में लिया गया आरोपी बड़ा भाई :** जानकीपुरम थाना प्रभारी विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि माामला संज्ञान में आया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बड़े भाई अमित को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्राथमिक जांच में नशे को लेकर सामने आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेंगी।

## दो पक्षों में मारपीट, बाप-बेटे घायल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** चिनहट इलाके में कार से मुर्गा दबने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट के दौरान बाप-बेटे के सिर में गंभीर चोट आई। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

डूडा कालोनी हरदासी खेड़ा चिनहट निवासी जगने प्रसाद पुत्र शंकर अपने घर में मुर्गा पालन करते हैं। रविवार को दोपहर के वक्त मोहल्ले में रहने वाले अविनाश नाम के युवक ने कार से उनके मुर्गे को दबाकर मार दिया। रात करीब 10 बजे जगने ड्यूटी से वापस लौटे तो उन्हें जानकारी हुई। इस पर जगने शिकायत लेकर अविनाश के घर पहुंचे। जहां शनि, अभिनाश, अमित, उदय, करन व अन्य साथियों ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान एक युवक ने सिर पर ईंट मार दी। इससे सिर में गंभीर चोट लग गई।

शोर शराबा सुनकर जगने का बेटा मनीष उन्हें बचाने पहुंचा। इस पर दबंगों ने उसको भी पीट दिया। दोनों बाप-बेटे को काफी चोट आई। जगने का आरोप है कि लंबे समय से आरोपी परेशान कर रहे हैं। उनकी बेटी के स्कूल जाने के दौरान भी रास्ता रोककर परेशान करते हैं। इंस्पेक्टर चिनहट का कहना है कि मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

## शिविर लगाकर दी गयी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी

- आयुष्मान श्रम किसान सम्मान निधि समेत अन्य विभागों के किये गये पंजीकरण

**नगराम।** सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण स्तर पर पात्र लाभार्थियों को दिलाने के उद्देश्य से सोमवार के दिन बहरौली गांव में पंचायत स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया ।कैंप में ग्राम्य विकास पंचायती राज खाद्य एवं रसद स्वास्थ्य बाल विकास कृषि श्रम लघु सिंचाई व राजस्व समेत अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपने अपने विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत कमल किशोर शुक्ला ने बताया कि कैंप में विधवा वृद्धा विकलांग पेंशन किसान सम्मान निधि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आय निवास जाति प्रमाण पत्र आयुष्मान कार्ड प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राशन कार्ड सहित अन्य योजनाओं के आवेदनों का पंजीकरण किया गया । खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से मौजूद पूर्ति निरीक्षक अर्पिता उपाध्याय द्वारा 12 राशन कार्ड जारी किए गए वहीं यूनिट संशोधन के छः आवेदनों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया ।राजस्व विभाग की तरफ से मौजूद स्थानीय लेखपाल आलोक वर्मा द्वारा कुल 11 मामलों का निस्तारण किया गया। ए एन एम कुमारी द्वारा 30 आभा आई डी जारी की गई व महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत एक टी एम गजराज सिंह वर्मा द्वारा पात्र लाभार्थियों की त्रुटियों के सुधार का आश्वासन दिया गया। खादी ग्रामोद्योग विभाग के स्टाल पर 31 लोगों का पंजीकरण किया गया । श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुनील कुमार द्वारा श्रमिक पंजीकरण/नवीनीकरण समेत विभाग की अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई ।इस अवसर पर ए डी ओ पंचायत गोसाईं गंज कमल किशोर शुक्ला, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुनील कुमार, पूर्ति निरीक्षक अर्पिता उपाध्याय, पंचायत सचिव दीपक सिंह, लेखपाल आलोक वर्मा, जल जीवन मिशन से शैलेन्द्र निगम, बी टी लघु सिंचाई विक्रम जीत, ए एन एम रंजू कुमारी, आशा कार्यकर्त्री प्रमिला विश्वकर्मा, गीता पांडेय, अर्चना पांडेय, विश्व मोहिनी, सुषमा वर्मा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री समेत अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी सहित ग्रामीण व लाभार्थी मौजूद रहे ।

## युवक को बैंक एजेंटों ने पीटा, एफआईआर दर्ज

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में बैंक लोन रिकवरी एजेंटों की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। हरदोई के रहने वाले हृदयेश सिंह के साथ मारपीट की गई। घटना 20 मई की सुबह करीब 11 बजे की है। हृदयेश दुबग्गा से फैजाबाद रोड स्थित आनंदी वाटर पार्क जा रहे थे। आशियाना के कासाग्रीन के पास मंदिर के निकट दो लोगों ने उन्हें रोका। दोनों ने खुद को बैंक रिकवरी एजेंट बताया और गाड़ी की बकाया किस्त जमा करने की बात करने लगे। हृदयेश ने जब आरोपियों से आईडी कार्ड मांगा तो वे भड़क गए। उन्होंने अपने दो अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया। चारों ने गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने हृदयेश के सिर पर हेलमेट से कई वार किए और मौके से फरार हो गए। घायल हृदयेश ने लोकबंधु अस्पताल में प्राथमिक उपचार लिया। इसके बाद आशियाना थाने में चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## छह माह में नौ बड़ी चोरियां, किसी भी चोरी का नहीं हुआ खुलासा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले 6 महीनों में क्षेत्र के पुरसेनी, हुलासखेड़ा, सिसेंडी, भरसवा, मनोहरापुर, अमिलिहाखेड़ा और फत्तेखेड़ा में 9 चोरियां हुई हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के अलावा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

4 अप्रैल को हुलासखेड़ा में रिटायर्ड कमांडेंट धर्मेंद्र बहादुर सिंह, होमगार्ड बुद्धवीर सिंह और अधिवक्ता चंद्र प्रकाश के घरों से लाखों की नगदी और 15 लाख के जेवरात चोरी हुए। संत अन्ना हॉस्पिटल के पास रिटायर्ड इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह भदौरिया के घर भी पिछले साल चोरी हुई थी।

हाल के प्रमुख मामलों में 28 मई को पुरसेनी में प्रशासनिक अधिकारी शिवराम यादव के घर से 1 लाख की नगदी और 20 लाख के जेवरात चोरी हुए। 24 मई को फत्तेखेड़ा में त्रिमोहन यादव और बृज मोहन की दो भैंसें चोरी हुईं। 22 अप्रैल को अमिलिहाखेड़ा में किसान ओम प्रकाश शुक्ला के घर से, 4 जनवरी को मनोहरापुर में कंपनी कर्मचारी मनोज के घर और 27 दिसंबर को भरसवा गांव में किसान ललित कुमार और सुरेश चंद्र के घरों से नगदी और जेवरात चोरी हुए। इन सभी घटनाओं का खुलासा न होने से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पुलिस की निष्क्रियता से चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि बीते महीनों में हुईं चोरियों के खुलासे के लिये पुलिस और सर्विलांस टीम लगाई गई है। जल्द ही चोरियों का खुलासा किया जाएगा।

### दवा व्यापारी के घर में चोरी आरोपित सीसीटीवी में कैद

लखनऊ। कृष्णानगर इलाके में चोरों ने दो घरों में चोरी कर ली। छत से घर की वेंटिलेशन जाली काटकर चोर लाखों के जेवर और नकदी लेकर चले गए। परिवार उस समय बाजार गया हुआ था। पुलिस ने पुलिस के पास तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शुभम सिटी पंडित खेड़ा कृष्णानगर निवासी इंद्रपाल सिंह दवा के व्यापारी हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम करीब 7 बजे परिवार के साथ बाजार गए थे। वहां से करीब 11.50 बजे वापस लौटे तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। घर की वेंटिलेशन जाली टूटी हुई थी। घर में रखी 80 हजार की नकदी और तीन लाख रुपए की ज्वैलरी गायब थी। इंद्रपाल सिंह ने बताया कि चोर पहले उनके बगल में बने दूसरे घर में घुसे। वहां पर उन्हें कुछ नहीं मिला तो छत के रास्ते ग्रिल और वेंटिलेशन जाली काटकर उनके घर में घुस गए और लाखों का सामान पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस के पास तहरीर दी है। घर के पास में सत्संग चल रहा है। जिसकी आवाज का फायदा उठाकर घर में घुसे। आराम से बैठकर ग्रिल और जाली काटी इसके बाद निकल गए। मौके से एक अज्ञात बाइक भी मिली है। पुलिस बाइक को कब्जे में लेकर सीसीटीवी की मदद से चोरों की पहचान कर रही है।

## बिना मिशन के विजन अधूरा : डॉ . जीके गोस्वामी

- आरपीएफ अधिकारियों का यूपीएसआईएफएस में साइबर एवं फॉरेंसिक विषयों पर साप्ताहिक प्रशिक्षण प्रारम्भ
- आरपीएफ के महानिरीक्षक ने प्रशिक्षण सत्र का किया शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में सोमवार को साइबर एवं फॉरेंसिक विषयों पर विशेषज्ञता हासिल करने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के राजपत्रित अधिकारियों के लिए एक साप्ताहिक कोर्स का शुभारम्भ किया गया। प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी की अध्यक्षता में जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी लखनऊ के महानिरीक्षक बी वेंकटेश्वर राव ने किया। इस अवसर पर डॉ जीके गोस्वामी ने महानिरीक्षक बी वेंकटेश्वर राव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में मिशन का होना आवश्यक है। बिना मिशन के आपका विजन अधूरा होगा और अधूरे विजन से जीवन का मिशन पूर्ण करना संभव नहीं हो सकता है इसलिए आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य को स्थापित कर सदैव कुछ न कुछ सीखते रहना चाहिये।



डॉ. गोस्वामी ने कहा कि जुलाई 2024 से हमारे तीन नये कानून लागू हुए है, पहले गंभीर घटना स्थलों पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट का जाना अनिवार्य नहीं था लेकिन अब इसे अनिवार्य कर दिया गया है इसलिए हमें अपने कार्यशैली में भी बदलाव लाना होगा अन्यथा कानूनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इस अवसर पर उप महा निरीक्षक राजीव मल्होत्रा ने कोर्स और संस्थान के बारे में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के लिए यह एक अनोखा मौका है, इस कोर्स को यूपीएसआईएफएस के अधिकारीगण एवं फैकल्टी ने आपकी नवीन उपयोगिता के दृष्टिगत डिजायन किया है। इस अवसर पर महा निरीक्षक आरपीएफ बी वेंकटेश्वर राव ने कहा कि हमारा यह सौभाग्य है कि हमें यूपी एसआईएफएस में प्रशिक्षण का मौका मिला है। हमें यहां से बहुत कुछ सीख कर जाना है। आज की तारीख में साइबर सिक्योरिटी और साइबर फॉरेंसिक हमारे कार्यों का एक अभिन्न हिस्सा है, इन विषयों में ज्ञान हासिल करना अपने संस्थान एवं व्यक्तिगत दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी अतुल यादव ने मुख्य अतिथि वेंकटेश्वर राव को पुष्प-पौध देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण सत्र में उप निदेशक चिरंजीव मुखर्जी, विवेक कुमार, जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक बृजेश सिंह, गिरिजेश राय, डॉ मनीष राय एवं शैलेन्द्र सिंह सहित सभी प्रशिक्षु सहायक सेना नायक अधिकारी उपस्थित रहे।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी सेवा बुक में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश अमित कुमार दर्ज है जबकि उसका सही नाम अमित कुमार सिंह है। मेरी सेवा बुक में मेरे पुत्र का सही नाम ही अंकित किया जाये। **अरबिन्द कुमार सिंह पुत्र सरिखा सिंह नि.-47, न्यू एमिटी यूनिवर्सिटी के पास, लौलाई, लखनऊ।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने एक आवासीय सम्पत्ति जिसकी गाटा संख्या 2171 मि. व 2172 ब व 2173, 2174 जिल्द संख्या 10235 के पृष्ठ 97 से 112 तक क्रमांक 6080 पर दिनांक 23/06/2023 को रजिष्ट्रीकृत किया गया है कि मेरी आवासीय सम्पत्ति की एक CHAIN DEED जिसकी बही संख्या। जिल्द संख्या 6086 पृष्ठ संख्या 123 से 148 पर क्रमांक 1774 (जो दिनांक 30/05/2025 को सिविल लाइन्स रायबरेली में कही मेरे बैग से गिर गया है। एकता सिंह पुत्री राकेश सिंह पति विजय प्रताप सिंह ग्राम जगतपुर पोस्ट परशदेपुर तहसील सलोन जिला रायबरेली

### सूचना

मैं ननकऊ प्रसाद मिश्रा/पुत्र स्वा. सांवली प्रसाद मिश्रा-निवासी लपोखी बगही थाना नवीन मार्डन पुलिस थाना श्रावस्ती परगना व तहसील इकौना श्रावस्ती का हूं। ये की मेरे क्रमशः तीन पुत्र है जिसमें पंकज कुमार मिश्रा जिनकी उम्र 40 वर्ष है गलत संगत में पड़ कर नशा आदि करने लगा है, नशे में धुत्त हो कर घर आकर अपने माता पिता वा बच्चों को मारता पीटता है, और भद्दी भद्दी गाली देता है, इस लिए आज दिनांक 02/06/2025 के बाद से मेरे उपरोक्त पुत्र के किसी कृत्य लेन देन वा झगड़ा लड़ाई आदि से मेरा कोई वास्ता वा सरोकार नहीं है ये कि मेरे चल और अचल संपत्ति से मेरे बड़े पुत्र पंकज कुमार मिश्रा को बेदखल करता हूं।

## पुनर्वास विवि परिसर में योगाभ्यास



**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा गठित विभिन्न समितियों ने सोमवार को योगाभ्यास कराया। ज्ञातव्य है कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ है। विभिन्न समितियों के समन्वयको एवं सदस्यों ने सुबह से योगाभ्यास के विभिन्न कार्यक्रम कराए जिसमें प्रमुख रूप से सामूहिक योगाभ्यास, सूर्य नमस्कार, संगीत के साथ योगाभ्यास इत्यादि थे। एक साथ योगः संकल्प एवं सामूहिकता का प्रतीक नामक समिति ने दिव्यांग एवं गैर दिव्यांग विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। प्रतिभागियों को योगाभ्यास डॉ. अंजलि सिंह एवं योग इंस्ट्रक्टर किरण यादव के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर डॉ. विजय वर्मा ने विद्यार्थियों को योग के महत्व को बताया तथा प्रतिदिन योग करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस योग अभ्यास में विश्वविद्यालय के दिव्यांग एवं गैर दिव्यांग विद्यार्थियों के अतिरिक्त शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। जिसमें से प्रमुख रूप से प्रो. वीरेंद्र सिंह यादव चीफ प्रोवोस्ट छात्रावास, डॉ. विनोदिनी कटियार, डॉ. विजय शंकर शर्मा, डॉ. आलोक पांडेय, डॉ. विजय वर्मा, डॉ. प्रज्ञा श्रीवास्तव, डॉ. सुरभि श्रीवास्तव, डॉ. अंजली सिंह, डॉ. स्वाति ठाकुर, डॉ बृजेश कुमार राय, अजीत यादव, अभिषेक कटियार, अनामिका आदि मौजूद रहे।

## सस्ते मेडिकल उपकरण के नाम पर लाखों की ठगी

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। फार्मास्यूटिक्स फर्म की महिला संचालक को सस्ती दवा सप्लाई करने के नाम पर साइबर ठगों ने ठग लिया। ठगों ने उनसे पैसे लेने के बाद मेडिकल उपकरणों की सप्लाई नहीं की। गोमतीनगर विस्तार टीम मामले की जांच कर रही है। खरगापुर निवासी प्रियंका भारद्वाज हेल्थ हब फार्मास्यूटिक्स की संचालिका हैं।

उनके मुताबिक 13 मई को उनके पास एक कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को श्रीनाथ मेवी लिंक फर्म का संचालक रमन बताया। उसने उन्हें कम कीमत पर मेडिकेयर उत्पादों को बेचने की बात कही। समान के रेट सही लगने पर अगले दिन फोन करने वाले के बताए खाते में 2.91 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। ठग ने मेडिकल उपकरण नहीं भेजे। रकम मांगने पर आरोपी ने धमकाना शुरू कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया ठगी की जानकारी होने पर बैंक गई। जहां से पता चला कि जिस खाते में पैसे भेजे वो अरमान हुसैन के नाम से है। जिसका पता बिहार चंपारण कल्याणपुर फुलवारिया है। उसने संपर्क करने पर बता कि मेरे खाते में पैसा आया है, लेकिन वापस नहीं करूंगा। जिसके बाद साइबर सेल, बैंक और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। गोमतीनगर विस्तार पुलिस के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर साइबर एक लाख अस्सी हजार की ठगी :** आलमबाग में एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। ब्लंट स्क्वायर निवासी दिशा नवलानी को टेलीग्राम पर एक व्यक्ति ने संपर्क किया। उसने खुद को आनंद कुमार बताया। आरोपी ने ऑनलाइन पैसे कमाने का लालच देकर एक पोर्टल से जुड़ने को कहा। आरोपी ने पीड़िता को कई खातों में पैसे ट्रांसफर करने को कहा। दिशा ने कुल 1.80 लाख रुपए ट्रांसफर किए। इसके बाद आरोपी ने पोर्टल को बंद कर दिया। पीड़िता को जब ठगी का एहसास हुआ, तो उसने साइबर सेल और आलमबाग थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच में पता चला कि आरोपी ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर यह ठगी की। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## युवती को घर में घुसकर पीटा फाड़े कपड़े, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। काकोरी के विश्वेश्वर खेड़ा में पिता-पुत्र ने नल पर पानी भरने के विवाद में एक युवती को पीट दिया। युवती जान बचाकर भागी, तो घर में घुसकर उसे पीटा और कपड़े फाड़ दिए। चीख-पुकार सुनकर पहुंची उसकी मां की अंगुली में दांत से काट कर जख्मी कर दिया। इस दौरान दोनों पक्ष से एकत्रित हुईं महिलाएं भी आपस में भिड़ गईं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

विश्वेश्वर खेड़ा निवासी युवती का आरोप है कि शुक्रवार शाम नल पर पानी भरते समय प्रिंस कनौजिया आ गया। पानी भरने पर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसके पिता संतोष भी आ गए। जिन्होंने बिना कोई बात किए मारना शुरू कर दिया। मार से बचने के लिए वह घर में घुस गई। वहां भी दोनों ने मिलकर पीटा। यहां तक मेरे कपड़े तक फाड़ दिए। मां की अंगुली में प्रिंस ने दांत काट लिया। पड़ोसियों के जुटने पर धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता के मुताबिक घटना के समय उसके पिता और भाई काम पर गए थे। अस्पताल में इलाज कराने के बाद रविवार को काकोरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई। दूसरी तरफ संतोष कनौजिया की पत्नी राजरानी का आरोप है कि युवती ने बेटे के साथ पहले विवाद शुरू किया।

बाद में पूरे परिवार ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। हम लोगों ने किसी तरह भाग कर जान बचाई। काकोरी पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। दोनों ओर से दर्ज कराए गए मुकदमों की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## केन्द्रीय चिकित्सालय में आधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर का लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बनारस रेल इंजन कारखाना के केन्द्रीय चिकित्सालय में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई। बरेका केन्द्रीय चिकित्सालय में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करते हुए सोमवार को अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर का लोकार्पण के साथ ही नये ओपीडी भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन बरेका महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया । नव-निर्मित मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर आधुनिक तकनीक से युक्त, व्यवस्थित रूप से डिजाइन किया गया, स्वच्छ, संक्रमण-नियंत्रण और उन्नत उपकरणों से सुसज्जित है। इसका निर्माण में इस बात का विशेष ध्यान दिया गया है कि सर्जरी के दौरान चिकित्सक को आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुगमता से हो सके, जिससे मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में बरेका चिकित्साालय में उच्च श्रेणी के सर्जरी जैसे घुटना प्रत्यारोपण तथा लेप्रोस्कोपी आदि अधिक संख्या में होने लगी है, जिसमें संक्रमण में नियंत्रण की अति आवश्यकता होती है। मॉड्युलर ऑटी बन जाने से ऐसे संक्रमण पर रोकथाम किया जा सकेगा तथा सर्जीकल टीम निश्चिंत होकर ऑपरेशन कर सकेंगे व रोगी में कम्पलिकेशन की संभावना नगण्य हो जाएगी । विदित हो कि महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने पूर्व में ही चिकित्सालय का निरीक्षण कर ओपीडी को नया रूप और सुविधाओं युक्त बनाने का परामर्श दिया था, जिसके तहत चिकित्सालय में मरीजों के सुविधाओं का ध्यान रखते हुए नए ओपीडी भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम विधिवत सम्पन्न किया गया। ओपीडी भवन का निर्माण बरेका के कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त परामर्श सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। भूमि पूजन के साथ ही इस परियोजना का कार्य प्रारंभ हो गया है और यह शीघ्र ही पूर्ण कर रोगियों को समर्पित किया जाएगा। इस पहल से बरेका प्रशासन ने कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को सुलभ, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के अपने संकल्प को और अधिक मजबूत किया है। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर सुशील कुमार श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्रविवेक शील, प्रमुख मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश कुमार, प्रमुख मुख्य इंजीनियर विनोद कुमार शुक्ला, संयुक्त सविच, कर्मचारी परिषद श्रीकांत यादव सहित समस्त कर्मचारी परिषद सदस्य एवं काफी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति थे।

### एनईआर से 23 रेलकर्मी हुए सेवानिवृत्त



लखनऊ । पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, लखनऊ के बहुउद्देशीय हाल में आज मण्डल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार की उपस्थिति में सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी प्रमोद कुमार भारती द्वारा 23 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर भाव भीनी विदाई देते हुए समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मण्डल वित्त प्रबंधक द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों के दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# जेठ का चौथा बड़ा मंगल आज, फूलों से सजेंगे हनुमान मंदिर






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जेठ के चौथा बड़े मंगल पर राजधानी के हनुमान मन्दिर सज धजकर तैयार हो चुके है। अलीगंज के नये व पुराने हनुमान मन्दिर में चौथे बड़े मंगल की तैयारी पूरी हो गयी है। मंगलवार भोर से ही बजरंगबली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का रेला आना शुरू हो जायेगा।

भक्त भोर की आरती में हिस्सा लेने के लिए और अंजनी के लाल के दर्शन करने के लिए जुटना शुरू हो जायेंगे। हनुमान सेतु मन्दिर में जेठ के चौथे व आखिरी बड़े मंगल पर कई कुंटल फूलों से सजावट होगी। जेठ का चौथा बड़ा मंगल फूलों की खुशबू से महकेगा। शहर भर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन होगा, जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी है। हजरतगंज के हनुमान मन्दिर, अलीगंज नये व पुराने हनुमान मन्दिर, हनुमान सेतु मन्दिर, मेडिकल कालेज चौराहा स्थित छांछी कुंआ हनुमान मन्दिर, पक्कापुल स्थित लेटे हुए हनुमान मन्दिर समेत अन्य मन्दिर फूलों और बिजली की रंगबिरंगी झालरों से सजकर तैयार हो चके है। अलीगंज के नये व पुराने हनुमान मन्दिर में हनुमान जी महाराज का फूलों से और सिंदूर से श्रृंगार होगा। यहां दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के आने का क्रम सोमवार की देर रात से ही शुरू हो जायेगा। भक्तों को दर्शन करने में परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए मन्दिर ट्रस्ट ने तैयारी पूरी कर ली है। बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर में सुबह पहले आरती होगी उसके बाद 11 किलो लड्डू का भोग लगेगा। मन्दिर की ओर से बाहर भण्डारे के आयोजन होंगे। शाम को संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन होगा। अमीनाबाद हनुमान मन्दिर में सिन्दूर और चमेली के तेल से हनुमान जी महाराज का श्रृंगार किया जायेगा। चौक चौराहा स्थित प्राचीन श्री कोतवालेश्वर मन्दिर के पुजारी ने बताया कि जेठ के आखिरी मंगल पर मन्दिर का फूलों से श्रृंगार होगा और भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

राजेन्द्रनगर के महाकाल मन्दिर में सुन्दरकाण्ड और भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। तालकटोरा स्थित बालाजी मन्दिर में सोने, चांदी के वर्क से बाबा का श्रृंगार किया जायेगा। पक्कापुल स्थित लेटे हुए हनुमान मन्दिर गेंदे और गुलाब से सजाया जायेगा। सुन्दरकाण्ड के बाद प्रसाद वितरण होगा। भूतनाथ मन्दिर के सामने भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा रकाबगंज चौराहा स्थित हनुमान मन्दिर, आईटीआई चौराहा अलीगंज हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर सी ब्लाक हनुमान मन्दिर, नाका चौराहा के हनुमान गढ़ी मन्दिर, दुबग्गा के बरदानी हनुमान मन्दिर, आलमबाग के शिवमूर्ति हनुमान मन्दिर, चारबाग के त्रिलोचन हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर के भूतनाथ मन्दिर, सीतापुर रोड स्थित हाथी बाबा मन्दिर, डालीगंज के बिहारी जी मन्दिर, सहित अन्य मन्दिरों में भक्तों का तांता लगेगा।

**बड़ा मंगल पूजा विधि:** बड़े मंगल के दिन स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें। मंदिर की सफाई करने के बाद गंगाजल से छिड़काव कर शुद्ध करें। इसके बाद चौकी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाकर हनुमान जी की मूर्ति विराजमान करें। हनुमान जी को लाल चोला, फूल और सुंदर अर्पित करें। दीपक जलाकर सच्चे मन से आरती करें। फल, बूंदी के लड्डू और मिठाई का भोग लगाएं। आखिरी में लोगों में प्रसाद बाटें।

**कर्ज की समस्या होगी दूर:** कर्ज से छुटकारा पाने के लिए बड़ा मंगल का दिन शुभ माना जाता है। इस दिन पूजा के दौरान हनुमान चालीसा का पाठ और विशेष चीजों का दान करें। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस उपाय को करने से कर्ज की समस्या दूर होती है। साथ ही हनुमान जी की कृपा बरसती है।

**सभी दुख होंगे दूर:** हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए बड़े मंगल के दिन राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें और जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति के लिए कामना करें। इस उपाय को करने से जीवन में आ रहे दुख और संकट दूर होंगे।

**छांछी कुआं हनुमान मन्दिर:** मेडिकल कालेज चौराहा स्थित छांछी कुआं हनुमान मन्दिर में जेठ के चौथे बड़े मंगल की तैयारियां पूरी कर ली गई है। मन्दिर के सचिव ने बताया कि मंगल को प्रातः पांच बजे मन्दिर खुलेगा आरती के बाद दर्शन का क्रम शुरू हो जायेगा। दर्शन करने वाले भक्तों को प्रसाद में लड्डू और गुड़धनिया का प्रसाद मिलेगा तथा भण्डारे में पूड़ी सब्जी का प्रसाद बांटा जायेगा। बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर में शाम को संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन होगा। अमीनाबाद हनुमान मन्दिर में सिन्दूर और चमेली के तेल से हनुमान जी महाराज का श्रृंगार किया जायेगा। चौक चौराहा स्थित प्राचीन श्री कोतवालेश्वर मन्दिर के पुजारी विशाल गौड़ ने बताया कि मन्दिर का फूलों से श्रृंगार होगा।

**तालकटोरा बालाजी मन्दिर:** तालकटोरा स्थित बालाजी मन्दिर में सोने, चांदी के वर्क से बाबा का श्रृंगार किया जायेगा। पक्कापुल स्थित लेटे हुए हनुमान मन्दिर गेंदे और गुलाब से सजाया जायेगा। सुन्दरकाण्ड के बाद प्रसाद वितरण होगा। राम कृष्ण प्रेम सेवा संस्थान ने बताया कि जेठ माह के चौथे मंगल पर सुन्दरकाण्ड व भण्डारे का आयोजन सेक्टर नौ इन्दिरानगर स्थित होंडा शोरुम के पा किया जायेगा। इसके अलावा हजरतगंज के हनुमान मन्दिर, रकाबगंज चौराहा स्थित हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर सी ब्लाक हनुमान मन्दिर, नाका चौराहा के हनुमान गढ़ी मन्दिर, दुबग्गा के बरदानी हनुमान मन्दिर, आलमबाग के शिवमूर्ति हनुमान मन्दिर, चारबाग के त्रिलोचन हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर के भूतनाथ मन्दिर, सीतापुर रोड स्थित हाथी बाबा मन्दिर, डालीगंज के बिहारी जी मन्दिर, सहित अन्य मन्दिरों में भक्तों का तांता लगेगा।

**अमीनाबाद हुनमान मंदिर:** अमीनाबाद हनुमान मंदिर में बड़े मंगल 4 बजे मंदिर के कपाट खुल जाएंगे। सुबह 5:30 बजे मंगला आरती होगी। 11:30 बजे सब्जी-पूड़ी, हलवा, चना, बूंदी और भोग लगाकर भोग आरती उतारी जाएगी। मंदिर के प्रधान पुजारी श्याम पाठक ने बताया कि बजरंगबली का सिन्दूर, चांदी का वर्क से श्रृंगार किया जाएगा। शाम को सुंदरकाण्ड होगा।

**त्रिलोचन हनुमान मंदिर:** चारबाग स्थित प्राचीन त्रिलोचन हनुमान मंदिर में जेठ के बड़े मंगल को लेकर तैयारियां तेज हैं। सुबह पांच बजे आरती के बाद 51 किलो लड्डू और एक कुंतल लड्डू का भोग लगाया जाएगा। उसके बाद भंडारे का आयोजन होगा।

## चौथे बड़े मंगल के भोग

- बूंदी के लड्डू – हनुमान जी को बूंदी के लड्डू बहुत प्रिय हैं। यह उनका सबसे प्रिय भोग है।
- मोतीचूर के लड्डू – मोतीचूर के लड्डू भी हनुमान जी को बहुत ज्यादा प्रिय हैं।
- बेसन के लड्डू – बेसन के लड्डू अर्पित करने से हनुमान जी प्रसन्न होते हैं। साथ ही मनचाहा फल देते हैं।
- केला – फलों में केला हनुमान जी को प्रिय है।
- पंचामृत – इस दिन हनुमान जी को पंचामृत अर्पित करना बहुत ज्यादा शुभ माना जाता है।

## चौथे बड़े मंगल के दान

- वस्त्र – चौथे बड़े मंगल पर लाल या केसरिया रंग के वस्त्र दान करना शुभ माना जाता है।
- भोजन – चौथे बड़े मंगल पर जरूरतमंदों को भोजन कराएं। यह बहुत उत्तम माना जाता है।
- मिठाई – इस शुभ दिन पर गरीबों को मिठाई का दान करना अच्छा माना जाता है।
- सिंदूर – इस दिन हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाएं और मंदिर में दान भी करें।
- दूर्वा – भगवान गणेश के साथ हनुमान जी को भी दूर्वा अर्पित की जाती है। ऐसे में इस दिन दूर्वा का दान जरूर करें।

## शहर भर में जगह-जगह लगेगा भंडारा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर भी शहर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इंदिरानगर के सी ब्लॉक हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारा लगाया जायेगा, इसके अलावा मानस विहार, मुंशी पुलिया, जानकीपुरम, भूतनाथ, गोमती नगर, बाल विहार, शिव विहार, हजरतगंज, अमीनाबाद, आशियाना, सहित शहर के तमाम जगहों पर बजरंगबली का भंडारा लगाया जायेगा। लखनऊ के निरालानगर में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

**11 बार बदला जाएगा बजरंगबली का चोला:** जेठ माह के चौथे बड़े मंगल पर अलीगंज हनुमान मंदिर के कपाट खुलने के बाद मंगलवार रात 12 बजे बंद हो जायेंगे। मंदिर की ओर से 2.5 कुंतल लड्डू और एक हजार कालाजाम बांटा जाएगा। बजरंगबली को लड्डू और कालाजाम के साथ हलवा, सब्जी-पूड़ी और रायते का भोग लगेगा। इसके अलावा दिन भर में उनका चोला 11 बार बदला जाएगा। साथ ही, भंडारे में सब्जी-पूड़ी, रायता और बूंदी वितरित की जायेगी। वहीं, अलीगंज पुराना हनुमान मंदिर में विशेष पूजन के साथ भंडारे का आयोजन होगा, जबकि अमीनाबाद हनुमान मंदिर में 51 किलो लड्डू का भोग लगेगा और पातालपुरी हनुमान मंदिर में 56 व्यंजनों का भोग बजरंगबली को लगाया जायेगा। इसके अलावा महाआरती के साथ फूलों से भव्य श्रृंगार भी होगा।



# महेश नवमी कल, भगवान शिव की भक्त करेंगे पूजा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हर साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भोलेनाथ और देवी पार्वती को समर्पित पर्व महेश नवमी मनाई जाती है। यह पर्व मुख्य रूप से माहेश्वरी समुदाय द्वारा मनाया जाता है। इस विशेष दिन भक्त शिव जी की पूजा अर्चना करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस बार नवमी तिथि की शुरूआत 03 जून रात 09 बजकर 56 मिनट पर होगी, वहीं नवमी तिथि का समापन 04 जून रात 11 बजकर 54 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, इस साल महेश नवमी 04 जून को मनाई जाएगी।

**महेश नवमी का महत्व:** महेश नवमी माहेश्वरी समुदाय के लिए बहुत खास है, क्योंकि माना जाता है इस दिन ही माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई थी। इस दिन ही शिव जी ने माहेश्वरी समाज के लोगों को दर्शन दिए थे और आशीर्वाद प्रदान किया था. महेश नवमी के दिन पूजा करने से जीवन में सुख शांति और समृद्धि आती है। महेश नवमी भाईचारे को बढ़ावा देने का काम करता है। भक्त इस दिन भगवान शिव से अपने कष्टों को दूर करने और मनोकामनाओं को पूर्ण करने की प्रार्थना करते हैं।

**महेश नवमी की पूजा विधि:** महेश नवमी के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा विशेष रूप से फलदायी मानी जाती है। इस दिन की पूजा विधि को विधिवत रूप से करने के लिए सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें, जिसमें गंगाजल मिश्रित जल का उपयोग करना शुभ माना जाता है। इसके बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें और घर के मंदिर को साफ करें। पूजा स्थल को फूलों, रंगोली और दीपों से सजाएं। सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा करें, क्योंकि किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत उनकी पूजा से होती है। गणेश जी को फूल, दूर्वा और मोदक अर्पित करें। इसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से अभिषेक करें। भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, भांग और मदार के फूल अर्पित करें, जो उन्हें विशेष रूप से प्रिय हैं। माता पार्वती को चंदन, कुमकुम, अक्षत और फूल चढ़ाएं। ॐ नमः शिवाय मंत्र का कम से कम 108 बार जाप करें और माता पार्वती के ॐ उमायै नमः मंत्र का जाप करें।

आप इस दिन रुद्राभिषेक करवा सकते हैं। भगवान शिव और माता पार्वती को सात्विक भोजन जैसे खीर, फल और मिठाई का भोग लगाएं। इसके बाद शिव-पार्वती की आरती करें और प्रसाद वितरित करें। दिनभर फलाहार करें, महेश नवमी की व्रत कथा सुनें या पढ़ें, और शाम को पूजा के बाद व्रत खोलें।

**पूजन से मिलते हैं ये लाभ:** महेश नवमी पर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। इस दिन की पूजा से साधक के घर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है, और आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं। जो दंपत्ति संतान की कामना करते हैं, उनके लिए यह दिन विशेष रूप से शुभ माना जाता है, क्योंकि माता पार्वती की पूजा से संतान सुख की प्राप्ति होती है। नवविवाहित जोड़े इस दिन पूजा करके अपने वैवाहिक जीवन में सुख और सामंजस्य की कामना करते हैं।

मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं, और मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। रुद्राभिषेक और मंत्र जाप करने से आध्यात्मिक शक्ति बढ़ती है और मन को शांति मिलती है। यह दिन स्वास्थ्य, समृद्धि और दीर्घायु की कामना के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है।

# सीधे-सादे किसान की कहानी है 'सवा सेर गेहूं'

- बौद्ध संस्थान में नाटक का मंचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कशिश आर्टस एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नवीनतम नाट्य प्रस्तुति के अतंर्गत पहले दिन मुंशी प्रेमचंद की कहानी सवा सेर गेहूं का मंचन संजय त्रिपाठी, रत्ना अग्रवाल निर्देशन में बौद्ध संस्थान में किया गया।

ये कहानी एक सीधे-सादे किसान शंकर की है। जो अपने काम से काम रखता है, वो किसी प्रकार का छल-प्रपंच जानता तक नहीं है। शंकर अपने लडका गनेशी, पत्नी रमिया, और छोटे भाई मंगल के साथ ईश्वर पर आस्था रखे हुए अपना जीवन बिता रहे था, कि एक दिन उसके घर पर एक सिद्ध महात्मा पधारे और भोजन कराने की बात की, तब शंकर संचय में पड़ गया कि घर में तो जौ रखा है, महात्मा जी को जौं की रोटी खिलाना अच्छा नही लगेगा, वह जाकर विप्र महाराज से सवा सेर गेहूँ उधार लाया और महात्मा जी का आदर सत्कार किया। जब फसल काटी तब उसने विप्र जी को सवा सेर के बदले डेयोढ़ा अनाज दिया और अपने को उत्रिण समझ लिया। सात साल गुजर गये, एक दिन विप्र महाराज उसके घर पर आये और बोले तेरे नाम साढ़े पाँच मन गेहूँ उधार लिखा है कब वापस करेगा। शंकर ने लाख समझाया कि हमने वापस कर दिया था। लेकिन विप्र नही माने, तब शंकर ने वापस करने का व्रत कर लिया और किसी तरह से 60 रुपए एक साल बाद वापस कर दिया, लेकिन उसका व्याज 15 रुपए नही लौटा पाया, सारे गाँव में मांग आया लेकिन उसको 15 रुपए नही मिले क्योंकि अब शंकर विप्र का फंसाया शिकार था, विप्र के खिलाफ कोई नही जाना चाहता था। धीरे-धीरे कर्जा शंकर पर बढ़ता गया और वह विप्र के घर पर बंधुवा मजदूर बन गया। 20 वर्षों तक गुलामी करके अपने कर्जे का ब्याज देता रहा और मर गया। फिर उसी कर्जे को चुकाने के लिए उसका बेटा और उसकी पत्नी बंधुवा मजदूर हो गये। नाटक में अहम भूमिका गुरुदत्त पांडेय, रत्ना अग्रवाल, केके पाण्डेय, आकाश सैनी, अभिषेक पाल, अनमाले सिंह, विवेक, दिशा धमेजा, शगुन सिंह, समृद्धि, अंबुज अग्रवाल और कंचन तिवारी ने निभायी।

# नौटंकी कार्यशाला का शुभारंभ

- नौटंकी सुल्ताना डाकू का प्रशिक्षण दिया जा रहा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सांस्कृतिक संस्था कलाकृति एवं नीलाक्षी लोक कला कल्याण समिति द्वारा सोमवार को ग्रीष्मकालीन नौटंकी कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। जानकीपुरम के सेक्टर एच स्थित पुनर्नवा परिसर में छायानट के पूर्व संपादक डा.एस.के. गोपाल, रंगकर्मी शिवेंद्र पटेल, नौटंकी निर्देशक मोहम्मद सलीम शहजादा, संगीत निर्देशक नीलम वर्मा आदि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

कार्यशाला समन्वयक राज नारायण वर्मा ने बताया कि कार्यशाला दो जून से तीस जून तक चलेगी जिसमें कानपुर के श्री कृष्ण पहलवान द्वारा दशकों पूर्व लिखी गई नौटंकी सुल्ताना डाकू का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अवधी की इस महत्वपूर्ण लोकनाट्य विधा के गायन, संवाद, नृत्य व अन्य पक्ष पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यशाला का निर्देशन सुप्रसिद्ध नौटंकी निर्देशक मोहम्मद सलीम शहजादा कर रहे हैं जबकि गायन निर्देशन मधुलिका श्रीवास्तव, नृत्य निर्देशन विद्याभूषण सोनी तथा संगीत निर्देशन नीलम वर्मा कर रही हैं। कार्यशाला में तैयार नौटंकी सुल्ताना डाकू का मंचीय प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# राधा-कृष्ण की भक्ति को समर्पित रहा 'समर कॉर्निवल'






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी दर्शन पार्क गोमती नगर मे चल रहे समर कार्निवल 2025 वीकेंड के बाद आज राधा कृष्ण के प्रेम रस सराबोर होकर सभी को राधा कृष्ण की भक्ति में डुबो दिया। सुजीत अलबेला एंड कंपनी ने अपनी टीम के साथ अद्भुत प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। गणेश वंदना, कृष्ण महारास, ब्रज की होली, सिंदुरी स्वरूप में हनुमान जी की भक्ति की प्रस्तुतियों ने असंख्य तालियां बटोरीं और उपस्थित लोगों ने भक्ति भाव में डूब कर खूब आनंद और मनोरंजन का लुफ्त उठाया। सुजीत ,शिवा ओमकार, आर्यन, आशु, अंकित, मानसी द्वारा प्रस्तुत की गई प्रस्तुतियों को उपस्थित भीड़ लंबे समय तक याद रखेगी। समर कार्निवल 2025 में लोगों को आकर्षित करने के लिए जहां झूलों के साथ खाने पीने के स्टॉल, सूट, साड़ी, मैक्सी, बच्चों के कपड़े व जरूरत का हर सामान उपलब्ध हैं वहीं पर यूपी दर्शन पार्क में प्राकृतिक छटा बहती गोमती नदी में बोटिंग का आनंद और ऐतिहासिक महत्व को दशार्ते स्मारक आई हुई जनता में एक कोताहल और रोमांच तथा ज्ञान का संगम रंग भर रहा है। जेटेक कंपनी की प्रमुख श्वेवता शर्मा और उनकी टीम का प्रबंध बहुत ही सराहनीय है। पिछले 20 साल से ज्यादा समय से पर्यावरण और प्रदूषण को सुधारने की दिशा में अपना जीवन समर्पित करने वाले प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष एन बी सिंह का प्रयास बहुत ही सराहनीय है सांस्कृतिक संध्या की बेला में प्रतिदिन निशुल्क पौधों का वितरण किया जाता है और लोगों को पर्यावरण के के लिए सजग करने का प्रयास किया जाता है। सांस्कृतिक संध्या का आरंभ अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया तथा आए हुए सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता**
**जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ**

पत्रांकः- 21/EE-6/L.J.S/2025-26 दिनांकः- 02.06.2025

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांकः 09.06.2025 तक जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 09.06.2025 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद/एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. धन. | अर्नेस्टमनी | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Sumer Sible Pump 1.5 HP 9 nag at Ward Sheetla Devi, Ambarganj, Gadi Peer Khan, Acharya Narendra Dev | रू. 211753.00 | रू. 4300 | रू. 200 | 07 दिन |

**निविदा प्राप्त करने की शर्तः-** 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-6**

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता**
**जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ**

पत्रांकः- 19/EE-6/L.J.S/2025-26 दिनांकः- 02.06.2025

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांकः 09.06.2025 तक जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 09.06.2025 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद/एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. धन. | अर्नेस्टमनी | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Reboring of Sumer Sible Pump 1.5 HP 1 nag at Ward Husainabad Gantaghar Clock Tower ke paas | रू. 163860.00 | रू. 3300 | रू. 200 | 07 दिन |

**निविदा प्राप्त करने की शर्तः-** 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-6**

# गोमतीनगर स्टेशन एक आधुनिक रेलवे हब स्थापित होगा



- हितेंद्र मल्होत्रा ने गोमतीनगर स्टेशन पर नयी टर्मिनल बिल्डिंग और यात्री सुविधाओं का लिया जायजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) हितेंद्र मल्होत्रा ने सोमवार को गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (परिचालन) रजनीश गुप्ता, रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) के मुख्य परियोजना प्रबन्धक श्री सुधीर सिंह एवं मण्डल के वरिष्ठ शाखाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान श्री मल्होत्रा ने गोमतीनगर स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों के अंतर्गत नवनिर्मित नॉर्थ टर्मिनल बिल्डिंग, वाणिज्यिक ब्लॉक, फ्लाईओवर, और एयर कॉनकोर्स का अवलोकन किया। उन्होंने स्टेशन के ले-आउट प्लान, प्रथम और द्वितीय इंट्री पर चल रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्यों का भी जायजा लिया। श्री मल्होत्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाए, ताकि यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव प्राप्त हो। इस अवसर पर गोमतीनगर स्टेशन को आधुनिक और यात्री-केंद्रित बनाने के लिए चल रही परियोजनाओं पर चर्चा हुई। श्री मल्होत्रा ने कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को परियोजना को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए प्रेरित किया। यह पुनर्विकास परियोजना न केवल गोमतीनगर स्टेशन को एक आधुनिक रेलवे हब के रूप में स्थापित करेगी, बल्कि क्षेत्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/समन्वय, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/समन्वय, सहायक मण्डल इंजीनियर/लाईन, सहायक वाणिज्य प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## हितेंद्र मल्होत्रा ने किया उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर स्टेशनों का निरीक्षण

### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उतरेटिया में सुंदरीकरण को समय से पूरा करने के दिये निर्देश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। मेम्बर ऑपरेशन एण्ड बिजनेस डेवलपमेंट हितेंद्र मल्होत्रा रेलवे बोर्ड का अपने निरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे लखनऊ सुनील कुमार वर्मा एवं मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ विंडो ट्रेलिंग करते हुए लखनऊ-उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर रेलखंड की संरक्षा व्यवस्था को परखा एवं मार्ग में उतरेटिया और ट्रांसपोर्ट नगर स्टेशनों का निरीक्षण किया।

हितेंद्र मल्होत्रा मेम्बर ऑपरेशन एण्ड बिजनेस डेवलपमेंट द्वारा उतरेटिया रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ उन्हें पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात वे ट्रांसपोर्ट नगर रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने स्टेशन पर निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की तथा सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## लविवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में चार वर्षीय स्नातक कोर्स को लेकर चर्चा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में चार वर्षीय स्नातक (ऑनर्स) कार्यक्रम पर विचार-विमर्श के लिए बोर्ड ऑफ स्टडीज (बीओएस) तथा फैकल्टी बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की 6वीं डीन समिति की सिफारिशों के अनुरूप तैयार किया गया है। बैठक का संचालन विभागाध्यक्ष, डीन कृषि विज्ञान संकाय एवं संयोजक प्रो. गौरी सक्सेना द्वारा कुलपति प्रो. आलोक के. राय के दिशा-निर्देश में किया गया। इस बैठक में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से नामित बाह्य सदस्य डॉ. राकेश सिंह एवं डॉ. प्रवीण प्रकाश तथा भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (आईआईवीआर) से डॉ. एबी सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वनस्पति विज्ञान, गणित, प्राणी विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं अर्थशास्त्र विभागों के संकाय सदस्यों ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान इस कार्यक्रम के लिए एक नवीन अध्यादेश का प्रारूप तैयार किया गया। अद्यतन पाठ्यक्रम में कौशल विकास पाठ्यक्रम, वैकल्पिक एवं मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम, साथ ही एनसीसी, एनएसएस, शैक्षिक भ्रमण और अन्य अनुभवात्मक शिक्षण गतिविधियां शामिल की जायेगी।

## निकाली जन-जागरूकता रैली

लखनऊ। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला आर.डी.एस.ओ. द्वारा 31 मई एवं 01 जून को पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हके लिए विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। स्काउट्स एवं गाइड्स के बच्चों ने जिला सचिव शशांक श्रीवास्तव एवं जिला कोषाध्यक्ष स्वर्णा अस्थाना के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने कॉलोनी, मंदिर परिसर, स्काउट हट एवं कार्यालय क्षेत्र में प्लास्टिक व पॉलीथीन कचरा एकत्र कर स्वच्छता का संदेश दिया। बच्चों ने नागरिकों से पॉलीथीन का प्रयोग न करने की अपील करते हुए ह्यपॉलीथीन मुक्त भारतह्न की दिशा में अपना योगदान दिया। इसी क्रम में सोमवार को स्काउट्स द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका शुभारंभ जिला आयुक्त जितेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली आरडीएसओ कॉलोनी होते हुए को-ऑपरेटिव सोसाइटी की मार्केट पहुंची, जहाँ बच्चों ने जनसमूह को संबोधित कर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने व पर्यावरण संरक्षण की मुहिम से जुड़ने का आग्रह किया। रैली का समापन मानक नगर इंटर कॉलेज में हुआ। इस अभियान में स्काउट्स-गाइड्स के बच्चों के साथ-साथ कई रेल कर्मचारी भी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए।यह दो दिवसीय आयोजन पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में प्रेरणादायी रहा।

## प्लास्टिक उन्मूलन कार सेवा को मध्य कमान सेनाध्यक्ष ने दिखायी हरी झंडी

लखनऊ। सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों की पहल पर अतुल्य गंगा ट्रस्ट, जो 2019 से गंगा नदी के सतत कायाकल्प के लिए समर्पित है, 5 जून से 7 जून 2025 तक प्लास्टिक उन्मूलन कार सेवा शुरू कर रहा है। प्लास्टिक उन्मूलन कार सेवा को 02 जून 2025 को लखनऊ छावनी स्थित मध्य कमान मुख्यालय प्रांगण से मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समारोह में ट्रस्ट के संस्थापक श्री गोपाल शर्मा और लेफ्टिनेंट कर्नल हेम लोहुमी ने भाग लिया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल विकास रोहिल्ला, डीजी एलडब्ल्यूई और कर्नल कमांडेंट बॉम्बे सैपर्स भी मौजूद थे। इसका मिशन का उद्देश्य गंगा तटों पर वृक्षारोपण, माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति को मापने सहित प्रदूषण मानचित्रण और नदी में निर्मलता (शुद्धता) और अविरलता (मुक्त प्रवाह) को बहाल करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ाना है। इस पहल को उत्तराखंड राज्य प्रशासन, सीमा सड़क संगठन और नेहरू पर्वतारोहण संस्थान द्वारा समर्थन दिया जा रहा है। बिसलेरी द्वारा कॉर्पोरेट सहायता प्रदान की जा रही है। अतुल्य गंगा स्वयंसेवक 3 जून 2025 को उत्तराखंड में एकत्रित होंगे। 07 जून 2025 तक दैनिक आधार पर, वे गंगोत्री और हरसिल के बीच सड़क के किनारे और पहाड़ी ढलानों पर बिखरे सभी प्लास्टिक कचरे को एकत्र करेंगे। एकत्र किए गए कचरे को आगे के निपटान के लिए शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) को सौंप दिया जाएगा। इस पहल के माध्यम से, एनजीओ का उद्देश्य नागरिकों और सरकारी तंत्र के बीच प्रकृति की रक्षा के लिए स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता को पहचानने के लिए मानसिकता को विकसित करना है।

## संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

लखनऊ। 3 यू.पी. नेवल यूनिट एन.सी.सी, लखनऊ ने 1 जून 2025 को अपने संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बड़े उत्साह के साथ किया। यह 10 दिवसीय सघन एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 जून से 10 जून 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में कुल 421 कैडेट्स, जिनमें 286 लड़के और 135 लड़कियाँ शामिल हैं, भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम कैडेट्स को इस वर्ष आयोजित होने वाले प्री-नौसैनिक तथा अखिल भारतीय नौसैनिक शिविर के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कैम्प कमांडेंट कमाण्डर गौरव शुक्ला ने अपने सम्बोधन में शिविर की सुरक्षा, अनुशासन एवं सतर्कता को सर्वोपरि बताते हुए सभी कैडेट्स से पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कैडेट्स को नौसेना प्रशिक्षण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों में तैराकी, बोट पुलिंग, रोइंग सिम्यूलेटर, सीमैनशिप, फायरिंग अभ्यास, शिप मॉडलिंग तथा सर्विस सब्जेक्ट का प्रशिक्षण शामिल है। इन गतिविधियों का उद्देश्य केवल व्यावहारिक नौसेना कौशल सिखाना ही नहीं, बल्कि कैडेट्स में नेतृत्व, टीम भावना और आत्मबल का विकास करना भी है। शिविर का संचालन प्रशिक्षित प्रशिक्षक स्टाफ की निगरानी में किया जा रहा है, ताकि सभी कैडेट्स को एक सुरक्षित और संरचित वातावरण प्रदान किया जा सके। कैम्प कमांडेंट ने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि यह शिविर राष्ट्रीय स्तर की एन.सी.सी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक कैडेट्स के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा और उनमें कर्तव्यनिष्ठा व देशभक्ति की भावना को और भी प्रगाढ़ करेगा।

## यौगिक जीवन शैली अपनाकर डायबिटीज से बचाव संभव : डॉ. अमित गौरैया

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के क्रम में योग सभागार में योग के माध्यम से डायबिटीज प्रबंधन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ अमित गौरैया ने कहा की डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। चीन के बाद सर्वाधिक डायबिटीज के रोगी भारत में हैं। यह जीवन शैली जनित रोग है, यौगिक जीवन शैली अपनाकर इस रोग से बचा जा सकता है। अर्धमत्स्येंद्रासन, मंडूकासन, धनुरासन तथा त्रिकोणासन इस रोग में फायदेमंद है। संकाय के कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने कहा की तनाव, मोटापा तथा अनियमित जीवन शैली इस रोग का मुख्य कारण है। खून में शुगर बढ़ने का मुख्य कारण पेनक्रियाज से इंसुलिन का कम बनना है इंसुलिन ही ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है। इंसुलिन की अनुपस्थिति में रक्त में शुगर की मात्रा बढ़ जाता है। इसे डायबिटीज कहा जाता है। डायबिटीज नियंत्रण के लिए आसनों के अतिरिक्त रोगी को अनुलोम विलोम, कपालभाति तथा भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। उचित खान-पान तथा तनाव रहित रहकर डायबिटीज के साथ भी स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक, विद्यार्थी तथा भारी संख्या में जन सामान्य उपस्थित थे।

## भाषा विवि में नैक पीयर टीम ने पहले दिन किया परिसर का निरीक्षण

- नैक टीम ने विभागों का लिया प्रेजेंटेशन और संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और शिक्षकों के साथ किया संवाद

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन के लिए दो सदस्यीय टीम के साथ हाईब्रिड मोड में सोमवार से गहन निरीक्षण का कार्य शुरू कर किया गया। नैक टीम तीन दिन तक विश्वविद्यालय परिसर में सूक्ष्म अवलोकन करेगी।

बता दें कि प्रत्येक विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्ययान परिषद (नैक) द्वारा विश्वविद्यालय के अध्ययन, अकादमिक संसाधन, स्टूडियो समेत अन्य गतिविधियों और संसाधनों का मूल्यांकन किया जाता है। भाषा विश्वविद्यालय में नैक पीयर का स्वागत और अभिनंदन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में किया गया जिसके बाद नैक पीयर टीम के समक्ष भाषा विवि के कुलपति ने विश्वविद्यालय का प्रस्तुतिकरण किया, जिसमें कुलपति ने बताया कि शोध की गुणवत्ता के लिए विश्वविद्यालय में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया गया है। जिसके परिणामस्वरूप एक दर्जन से अधिक शोध प्रोजेक्ट शिक्षकों को मिले। जिसके बाद आईक्यूएसी समन्वयक ने अपना पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन दिया। जिस पर नैक पीयर टीम ने गुणात्मक समीक्षा की। इसके बाद टीम ने विभागों द्वारा विभागीय प्रस्तुतीकरण, पॉवर पॉइंट के रूप में क्रमशः इंग्लिश एंड मॉडर्न यूरोपियन एंड एशियन लैंग्वेज, कॉमर्स, पत्रकारिता एवं जनसंचार, गृह विज्ञान, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, विधि, फॉर्मेसी द्वारा देखे गये। भौतिक निरीक्षण के बाद डीन अकादमिक के साथ विमर्श किया गया। नैक पीयर टीम ने सिलेबस में सीओ, पीओ की उपलब्धता, विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन लर्निंग, स्टुडेंट्स सेंट्रिक मैथड्स आदि के बारे में गहन पड़ताल की। विशेष पड़ताल के बाद नैक पीयर टीम ने लंच के लिये ब्रेक लिया। नैक पीयर टीम ने लंच के बाद परिसर में स्थापित विभागों का दौरा किया जिसमें इंग्लिश, पत्रकारिता, गृह विज्ञान, पंडित डीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, इंजीनियरिंग, कॉमर्स, सोलर पैनल, शिक्षा विभाग, इतिहास, अरबी, पर्शियन, उर्दू, व्यवसाय प्रशासन आदि का गहन भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नैक पीयर टीम ने विभागों से पाठ्यक्रम, विद्यार्थी सुविधा, शोध गतिविधि, नवाचार, अकादमिक गतिविधि के संबंध में प्रश्न पूछे गए जिसके उत्तर भी दिये गये। अंत में नैक पीयर टीम ने सभी संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों से संवाद किया। उन्होंने उनसे परिसर के पाठ्यक्रमों और शोध के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी भी ली। नैक विजिट के दौरान नैक पीयर टीम के दो सदस्य भौतिक रूप से उपस्थित रहे जबकि पांच सदस्य ऑनलाइन मोड में अवलोकन करते रहे।

## फैलाओ पंख, भरो उड़ान, कैनवास के रंग से हो नयी पहचान

- श्री कृष्ण दत्त एकेडमी वृंदावन में फाइन आर्ट वर्कशॉप का हुआ उत्साहपूर्वक आगाज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनी नगर स्थित श्रीकृष्ण दत्त एकेडमी वृंदावन में बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में प्रकृति से जोड़ने और उनके अंदर स्थित कला का सुचारू रूप से विस्तार करने, रचनात्मकता को बढ़ानेके लिए छह दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। 2जून से 6जून तक कार्यशाला चलेगी। तदोपरांत प्रशिक्षुओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। प्रथम तीन स्थान आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

सप्ताहिक वर्कशॉप की शुरूआत में बच्चों युवाओं और बड़ों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृष्ण दत्त अकैडमी की आर्ट गैलरी में किया गया।इस वर्कशाप का उद्घाटन एकेडमी की एडिशनल डायरेक्टर कुसुम बत्रा, सरोजिनी नगर की पार्षद द्रोपदी रावत, महाराजा बिजली पासी किले की प्राचार्य सुमन गुप्ता, गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज की प्राचार्य रश्मि शर्मा, सर्वांगीण विकास के मैनेजर विवेक सिंह, मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज नीलमथा से वीरेंद्र यादव, के साथ मां सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्जवलन कर कैनवास में रंगों के हस्ताक्षर के साथ हुई। इसमें रिटायर्ड कर्नल सत्येंद्र सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि एवं समाजसेवी रीना त्रिपाठी, मुकुल पांडे, सुधीर मिश्रा व अभिभावक उपस्थित रहे। एस के डी अकादमी से सुभाष तिवारी, एस डी त्रिपाठी, निमिषा, प्रेरणा, अस्मित कौर के निर्देशन में कार्यशाला शुरू की गई।

श्री कृष्ण दत्त अकादमी में आयोजित इस साप्ताहिक वर्कशॉप में बच्चों को कैनवास पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, डिजिटल पेंटिंग और फोटोग्राफी की महत्वपूर्ण बारीकियों से परिचित कराया जाएगा। यह आयोजन बच्चों को प्रकृति से जोड़ने की अच्छी मुहिम है। दो घंटे की इस कार्यशाला में बच्चों को विभिन्न विधाओं से जोड़ते हुए समय के सदुपयोग और प्रकृति से जोड़ने का प्रयास कर जागरूक किया जाएगा। एडिशनल डायरेक्टर कुसुम बत्रा ने बताया कि प्रशिक्षण को बच्चों की रुचि के अनुसार मार्गदर्शन प्राप्त कराया जा रहा है तथा इस कार्यशाला से बच्चों के अंदर आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा इसी सोच के साथ इस नई कार्यशाला की शुरू की जा रही है। छह दिवसीय कार्यशाला के प्रशिक्षक लोकेश वर्मा ने बताया कि कार्यशाला में परंपरागत और आधुनिक कलाओं का समावेश रखा गया है इसे वैज्ञानिक युग की प्रमुख आवश्यकता फोटोग्राफी से भी जोड़ दिया गया है कम समय में बच्चों को फाइन आर्ट का एक अच्छा पैकेज उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशिक्षक नामित वर्मा ने कहा कि बच्चे क्ले आर्ट के माध्यम से मिट्टी से जोड़कर आकृतियों के निर्माण की कला जहां सीखेंगे वही बच्चों का सीधे प्रकृति से जुड़ाव बढ़ेगा। वही प्रशिक्षक राज किरण द्विवेदी डिजिटल पेंटिंग और फोटोग्राफी के माध्यम से आज के समय में बच्चे और बड़े सभी की प्रासंगिकता है कैमरे और मोबाइल के माध्यम से उपयुक्त फोटोग्राफी कैसे की जाए यह सभी लोग सुगमता से जान सकते हैं इसके लिए यह कार्यशाला बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। शिक्षिका रीना त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्कशॉप से अपनी हॉबी को निखारने का अच्छा मौका मिल रहा है बच्चों और बड़े सभी लोग रुचि पूर्वक इसमें भाग ले रहे हैं और क्रिएटिविटी डेवलपमेंट हेतु बहुत ही अच्छाहै।

## एक राष्ट्र-एक चुनाव भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम : ओपी श्रीवास्तव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** एक राष्ट्र-एक चुनाव का विचार न केवल भारत के चुनावी तंत्र में सुधार का एक प्रयास है, बल्कि यह देश को विकास और समृद्धि की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने में सक्षम बनाता है। निरंतर चुनाव प्रक्रिया में बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू होने से नीति निर्माण में बाधाएं उत्पन्न होती हैं। एक राष्ट्र-एक चुनाव भारत को एक व्यवस्थित और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह बात लखनऊ पूर्वी विधानसभा के विधायक ओपी श्रीवास्तव ने सोमवार को अभियान के तहत आयोजित दीवार लेखन कार्यक्रम में कही। स्थानीय लोगो द्वारा कॉलोनी में जागरूकता रैली भी निकाली गई।

भारत सरकार द्वारा देशभर में चलाए जा रहे अभियान एक राष्ट्र-एक चुनाव के तहत लखनऊ पूर्वी विधानसभा के विधायक ओपी श्रीवास्तव की उपस्थिति में सेक्टर -13 इंदिरा नगर में एडवोकेट सुमिता तिवारी के नेतृत्व में दीवार लेखन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक ओपी श्रीवास्तव ने लोगों को बताया कि इस पहल का मकसद आम जनता को एक राष्ट्र-एक चुनाव के विषय में जागरूक करना है। साथ ही उन्हें देशहित में सोचने और समर्थन देने के लिए प्रेरित करना है।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग में बताया कि कार्यक्रम में इंदिरा नगर वार्ड की पार्षद पूजा जसवानी, मंडल अध्यक्ष सुमित खन्ना, सेक्टर-13 समिति आवासीय समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार जैन, दीपक चौहान, सुरेश उपाध्याय, उत्कर्ष अग्रवाल, पारुल सिंह, मंडल अध्यक्ष नमिता पाण्डेय, कॉलोनी के प्रबुद्ध जन समेत अन्य गणमान्य नागरिक, संगठन कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थित लोगों ने विधायक के सम्बोधन से प्रेरणा लेते हुए एक राष्ट्र-एक चुनाव के विचार की देशहित में आवश्यकता पर सहमति जतायी।

## पपीता के पौधों को लीफ कर्ल बीमारी से बचाने का खोजा तरीका

- बीबीएयू के वैज्ञानिकों ने विकसित किया आरएनए आधारित टीका

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज की संकायाध्यक्ष प्रो. संगीता सक्सेना, जैव प्रौद्योगिकी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. युसुफ अख्तर एवं शोध छात्रा प्रियंका की टीम ने सीएसआईआर - हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी संस्थान (आईएचबीटी), पालमपुर के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर पपीता के पौधों को लीफ कर्ल नामक खतरनाक बीमारी से बचाने का एक नया तरीका खोजा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनकी इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया।

यह बीमारी बेगोमोवायरस नामक वायरस के कारण होती है, जो सफेद मक्खियों (व्हाइटफ्लाई) के जरिए फैलती है। यह वायरस पत्तियों को मोड़ देता है, पौधे की वृद्धि रोक देता है और फलों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे किसानों को भारी नुकसान होता है। शोधकर्ताओं ने एक ऐसा तरीका विकसित किया है जो पौधों के लिए टीके जैसा काम करता है। इस तकनीक में न तो रसायनों का प्रयोग होता है और न ही आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का। इसके बजाय, उन्होंने पौधों की पत्तियों पर डबल-स्ट्रैंडेड आरएनए (डीएसआरएनए) नामक विशेष आरएनए का छिड़काव किया। यह आरएनए पौधे की प्राकृतिक प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय करता है और वायरस को बढ़ने से रोकता है। यह शोध फिजियोलॉजिकल एंड मॉलिक्यूलर प्लांट पैथोलॉजी (एल्सेवियर) नामक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित हुआ है और यह दिखाता है कि यह तरीका सुरक्षित और प्रभावी है। भारत दुनिया में सबसे अधिक पपीता पैदा करता है, लेकिन यह फसल लीफ कर्ल वायरस के प्रति बहुत संवेदनशील है। शोधकर्ताओं ने वायरस के महत्वपूर्ण हिस्सों से डीएसआरएनए तैयार किया और इसका छिड़काव पपीता और प्रयोगात्मक पौधों पर किया। परिणाम बहुत ही सकारात्मक रहे, जिन पौधों पर डीएसआरएनए का प्रयोग किया गया, वे 15 दिनों तक स्वस्थ रहे और वायरस की मात्रा बिना उपचार वाले पौधों की तुलना में 6 से 7.7 गुना कम पायी गयी।

शोध का नेतृत्वकर्ता प्रो. संगीता सक्सेना ने बताया कि टीम ने वायरस के ऐसे हिस्सों का चयन किया जो जल्दी नहीं बदलते, जिससे यह तरीका कई तरह के बेगोमोवायरस पर असरदार बन गया।

## रेलवे स्टेशनों और कॉलोनियों में चला जनजागरुकता अभियान

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 22 मई से 05 जून तक विश्व पर्यावरण संरक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। मण्डल में मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/ईएनएचएम रोहित कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में गोरखपुर, लखनऊ, बादशाहनगर, गोण्डा, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद, और ऐशबाग स्टेशनों के साथ-साथ रेलवे कॉलोनियों में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अभियान के अंतर्गत स्टेशनों एवं रेलवे कालोनियों के आसपास के पार्कों में साफ-सफाई व रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए बच्चों की कला प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा यात्रियों को जूट बैग के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। मण्डल के स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा रेलवे स्टेशनों, पटरियों, और कॉलोनियों के आसपास सामुदायिक सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलाया गया। मण्डल के स्टेशनों पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करने के लिए पर्यावरण गीत, पोस्टर, और बैनर का उपयोग किया जा रहा है।

## जेईई एडवांस में चमके सीएमएस के मेधावी

- सीएमएस के सर्वाधिक 40 छात्र चयनित, प्रहर्ष चतुर्वेदी की ऑल इण्डिया रैंक 1589

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सीएमएस के मेधावी छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षाफल में एक बार फिर से अपने मेधात्व का परचम लहराकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। सोमवार को घोषित हुए जेईई एडवांस परीक्षाफल में सीएमएस के सर्वाधिक 40 छात्र चयनित हुए हैं जबकि सीएमएस गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र प्रहर्ष चतुर्वेदी ने ऑल इण्डिया 1589 रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। यह जानकारी सीएमएस गोमती नगर प्रथम कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने पत्रकारों को दी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रो. किंगडन ने सीएमएस छात्रों की अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं सीएमएस शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। प्रो. किंगडन ने कहा कि यह उपलब्धि सीएमएस शिक्षकों व छात्रों के परिश्रम व लगन का प्रतिफल है।

प्रेस कांफ्रेंस में प्रो. किंगडन ने बताया कि इस वर्ष सीएमएस के 8 छात्रों ने 5000 से नीचे ऑल इंडिया रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है जबकि 15 छात्रों ने 10,000 से कम ऑल इंडिया रैंक अर्जित की है। प्रो. किंगडन ने बताया कि इस वर्ष देश भर से 1,91,386 छात्र जेईई एडवांस की प्रतिष्ठित परीक्षा में बैठे, जिनमें सीएमएस के सर्वाधिक 31 छात्रों ने 25,000 से नीचे की ऑल इंडिया रैंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया हैं और देश के टॉप इंजीनियरिंग कालेजों में अपनी स्थान सुनिश्चित कर लिया है। अब ये मेधावी छात्र आईआईटी दिल्ली, आईआईटी मुंबई, आईआईटी रूड़की, आईआईटी खड्गपुर जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाई करके सुनहरे भविष्य के सपने को साकार करेंगे। प्रेस वार्ता में उपस्थित सीएमएस के जेईई टॉपर्स ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए एक स्वर से कहा कि सीएमएस की बदौलत ही आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। अपनी सफलता का राज बताते हुए इन छात्रों ने एक स्वर से कहा कि हमारी सफलता के पीछे कठिन परिश्रम, शिक्षकों का मार्गदशन व माता-पिता का आशीर्वाद तो है ही, परन्तु इसके अलावा हमारे विद्यालय का शांतिपूर्ण शैक्षिक वातावरण एवं शिक्षकों का प्रोत्साहन हमें सदैव आगे बढ़ने को प्रेरित करते हैं। जेईई एडवांस परीक्षा में 10,000 व उसके नीचे की ऑल इंडिया रैंक अर्जित करने वाले सीएमएस के 15 छात्रों में प्रहर्ष चतुर्वेदी, श्रेष्ठ मेहरोत्रा, अथर्व सिन्हा, मोहम्मद फैजान खान, तरूण तिवारी, अनन्त अग्रवाल, शिखर राज सक्सेना, श्रेष्ठ पोरवाल, सोहम त्रिपाठी, शिवांग कुमार शुक्ला, आर्यन वर्मा, कुंवर उत्कर्ष, ओज गुप्ता, अंश नलिन एवं अथर्व वैश्य शामिल हैं। सीएमएस के हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सीएमएस छात्रों की अभूतपूर्व सफलता पर सीएमएस परिवार गौरवान्वित है। सीएमएस अपने छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग व मार्गदर्शन प्रदान करता है। यही कारण है कि विद्यालय के छात्र बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर रहे हैं।

संक्षेप

## देवरनियां में तीन माह से चल रहा अवैध खनन

**देवरनियां, बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में पिछले तीन माह से अवैध खनन हो रहा है और पुलिस इस तरह से अंजान बनी हुई है। पुलिस पर अवैध खनन को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई है। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं गई है। जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में अवैध खनन का खेल वेखौफ किया जा रहा है।

यह खेल पिछले तीन माह से वे रोक-टोक जारी है। आदेश गंगवार द्वारा सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री, डीएम, एडीजी जोन, बरेली पुलिस और एसएसपी को की गई शिकायत में गांव करनपुर में दस से बारह डंपर अवैध मिट्टी खनन के चलने का ज़िक्र किया गया है। इससे पहले भी सूबे के मुख्यमंत्री से अवैध खनन की शिकायत हो चुकी है। अब की गई शिकायत पर बरेली पुलिस की तरफ से देवरनियां इंस्पेक्टर को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बकरीद पर बनायें रखें शांति व्यवस्था

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** आगामी बकरीद पर्व के दृष्टिगत कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में समस्त थानों में क्षेत्राधिकारीगणों के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गई। बैठकों का उद्देश्य सामुदायिक सौहार्द को बढ़ावा देना और पर्व के दौरान शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करना है।

सोमवार को आयोजित बैठकों में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। सभी धर्मगुरुओं को शांति और भाईचारे को बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। बैठक में सभी समुदायों से अपील की गई है कि वे आपसी भाईचारा और सहयोग के साथ बकरीद का पर्व मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं से बचने और उन्हें तुरंत पुलिस के संज्ञान में लाने का निर्देश दिया गया है। सभी लोग नमाज स्थलों पर ही नमाज पढ़े, सड़क पर कोई भी नमाज न पढ़े और साफ-सफाई भी बनाये रखें। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए पुलिस द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और सतर्कता बढ़ाई जाएगी। बकरीद के दौरान नमाज स्थलों, मस्जिदों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। सभी धर्मगुरुओं और समुदाय के लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने समुदाय के लोगों को शांति और सहयोग के लिए प्रेरित करें। साथ ही, सोशल मीडिया पर किसी भी भड़काऊ सामग्री को साझा करने से

## पंचायत चुनाव लड़ेगा राष्ट्रीय लोकदल: त्रिलोक त्यागी

अयोध्या। राष्ट्रीय लोकदल पंचायत चुनाव पूरे उत्तर प्रदेश मे लड़ेगा। यह बात सोमवार को सर्किट हाउस फैजाबाद में रालोद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद पत्रकार वार्ता के दौरान राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा है। त्यागी ने यह भी कहा की राष्ट्रीय लोकदल एनडीए सरकार के जातिवार जनगणना के फैसले का स्वागत करता है। पश्चिम से लेकर पूर्व तक राष्ट्रीय लोकदल को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोकदल की मजबूती ही एनडीए की मजबूती है आज से पहले हम पांच मई को अवध क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक मे शामिल होने अयोध्या आया था आज पुनः अयोध्या आया हूं सभी कार्यकताओं को पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया जो जहां से चुनाव लड़ना चाहता है वह उस क्षेत्र में अपनी अपनी तैयारी करें। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्ववेशनाथ मिश्र सुडडू मिश्र, अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चैधरी रामसिंह पटेल, जिलाध्यक्ष बलराम यादव आदि उपस्थित रहे।

## विवाहिता को दहेज के लिए मार डालने का आरोप

**कुशीनगर।** जिले के रामकोला थानाक्षेत्र के हरपुर माफी गांव के रामानन्द पुत्र बिरझन पासवान ने हनुमानगंज थानाध्यक्ष को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वे अपनी बेटी अंकुरी की शादी हनुमानगंज थानाक्षेत्र के दरगौली गांव निवासी अंगद पुत्र हरी पासवान से तीन वर्ष पूर्व किये थे। शादी के कुछ दिनों के बाद से ही उसके ससुराल पक्ष के द्वारा शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करते हुए दहेज के रूप में पैसा और गाड़ी का मांग कीट जा रहा था, जिसे नही देने पर 28 मई को ससुराल के सभी लोग एकजुट होकर इनके बेटी को बुरी तरह से मारे पीटे जिससे वो बेहोश हो गयी। पड़रौना जिला अस्पताल में इलाज कराने की बात कहकर वो लोग बुरी तरह से घायल हो चुकी बेटी को हमारे घर छोड़कर फरार हो गये। डायल 112 को इस घटना की सूचना देने के बाद रामकोला पुलिस सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया पर चिकित्सको ने उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल और वहां से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। जहा पर 31मई दिन शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पीएम करवाने के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मृतिका का पति विदेश में है आरोप है कि उसके ही उकसाने पर परिजनों ने इस घटना को अंजाम दिया है। मृतिका का एक वर्ष का एक पुत्र भी है।

## पुलिस क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक सीओ राकेश प्रताप सिंह की अगुवाई में सम्पन्न हुई। बैठक में थानाक्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बैठक करके बकरीद के त्यौहार को लेकर सतर्कता एवं सावधानी बरतते हुए आपसी एकता एवं सौहार्द से त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुझाव लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। सोमवार को तमकुहीराज थाना परिसर में बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुशील शुक्ला ने कहा कि बकरीद का त्यौहार सकुशल कराना हम सभी का दायित्व है। किसी भी दशा में इस महत्वपूर्ण त्यौहार में खलल बर्दाशत नहीं किया जाएगा। बैठक में उपस्थित क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों एवं प्रधानों से त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए तमाम बिंदुओं पर सुझाव लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों से पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने सहयोग की अपेक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी वेदप्रकाश सिंह, डीबनी चौकी प्रभारी अवनीश सिंह, महेश मिश्र, दीनानाथ यादव, मृत्युंजय सिंह, प्रधान सुबींद चौहान, नियामतुल्लाह, धमानंद, राहुल सिंह, राजेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, अवनीश सिंह, पंकज राय, डिम्पल राय, सत्यप्रकाश मिश्र, रवीन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# रुचियों व क्षमताओं के आधार पर चुने लक्ष्यः प्रो. फरुख जमाल

.अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित बीएससी पाठ्यक्रम के अंतर्गत दीक्षा भवन में ह्ककरियर काउंसलिंगह्व पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कुलपति कर्नल बिजेन्द्र सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केंद्र के प्रमुख प्रो. फरुख जमाल रहे।

प्रो. फरुख जमाल ने छात्र-छात्राओं को अपनी रुचियों, क्षमताओं और लक्ष्यों के आधार पर उच्च शिक्षा व सम्बंधित क्षेत्रों में सही करियर चुनने के विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी एवं दिशा निर्देश प्रदान किये। देश में मौजूद करियर विकल्पों के साथ-साथ विदेशों से सम्बन्धित करियर विकल्पों पर महत्वपूर्ण सूचनाओं को साझा किया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. चयन कुमार मिश्र ने कहा कि छात्र-छात्राएं अपने उद्देश्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होकर अध्ययन करें और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में प्रवेश के लिए पूर्ण मनोयोग से प्रयास करें। अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वे समय समय पर अपने शिक्षकों और बड़े लोगों से उचित दिशा निर्देश व मार्गदर्शन लेते रहें। भविष्य में अपनी क्षमता के अनुरूप सही करियर को चुन सकें व अपने माता-पिता तथा विश्वविद्यालय को गौरवान्वित कर सकें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अरविन्द कुमार बाजपेयी ने कहा कि आज के चुनौती पूर्ण समय में हर विद्यार्थी को जागरूक होकर करियर के लिए खुद को तैयार करना होगा और अपने कौशल क्षमताओं को विकसित करना होगा। करियर की मौजूदा चुनौतियों को सकारात्मक सोच को अपनाकर हल किया जा सकता है।

डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि कैसे कठिन परिश्रम और प्रतिभा के बल पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना स्थान बनाकर विद्यार्थी अपना भविष्य सुरक्षित करें।

# शिक्षिका सुप्रिया के मौत मामले में बेमियादी धरना शुरू

जिला संवाददाता




तमकुहीराज, कुशीनगर। बीपीएससी शिक्षिका सुप्रिया पटेल की प्रसव के बाद हुई मौत के मामले में पीड़ित परिजनों संग कांग्रेसी कार्यकर्ता तमकुहीराज कस्बे के सरदार पटेल की प्रतिमा के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिए। धरना आंदोलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू ने कहा कि चिकित्सकों की लापरवाही के कारण प्रसव के बाद हुई शिक्षिका की मौत के मामले में जब तक पीड़ित परिजनों को न्याय नहीं मिल जाएगा धरना आंदोलन अनवरत जारी रहेगा।

सोमवार को तमकुहीराज कस्बे में सरदार पटेल की प्रतिमा के पास कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू की अगुवाई में अनिश्चित कालीन धरना आंदोलन करना शुरू कर दिया।

धरना आंदोलन में वक्ताओं ने सीएचसी तमकुहीराज के जच्चा बच्चा केंद्र में तैनात महिला चिकित्सक डा.सलोनी जायसवाल, सीएचसी अधीक्षक डा. अमित राय सहित अन्य चिकित्सको एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि न्याय की यह लड़ाई मंजिल मिलने तक जारी रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में शिक्षिका सुप्रिया पटेल की मौत के सीधे सीधे जिम्मेदार सीएचसी तमकुहीराज में तैनात स्वास्थ्य कर्मी है। उन्होंने सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मचारियों को इस घटना का कसूरवार ठहराते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, चिकित्सको को बर्खास्त करने सहित आदि कार्रवाई करने की मांग की। धरना आंदोलन को संबोधित करते हुए आंदोलनकारी अमित सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारियों पर सत्ता दल के जनप्रतिनिधि एवं नेता दबाव बनाकर आरोपी डॉक्टरों को बचा रहे हैं।

उनका कहना था कि जब तक दोषी डॉक्टरों को सस्पेंड नहीं किया जाएगा वह अपना आंदोलन जारी रखेंगे। इस दौरान मृतक सुप्रिया की मां सरोज सिंह, पति अमनदीप पटेल, ससूर राकेश सिंह, पूर्व प्रधान उमेश्वर पटेल, सभासद उपेंद्र चौहान, प्रधान उपेंद्र सिंह, आफताब आलम, विवेक कुशवाहा, एडवोकेट आशीष पटेल, सभासद विक्रांत यादव, व्यापारी नेता अवनीश पटेल, सभासद अजय सिंह, सभासद अरशद, रोहित पटेल, सूरज यादव, पंकज यादव आदि मौजूद रहे।

## डीएम से मिला सपा प्रतिनिधि मंडल, सौंपा ज्ञापन

**देवरिया।** 5 सदस्यों का सपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौपकर बरहज विधानसभा के परसिया देवार एवं विशुनपुर देवार में नदी के पानी के बढ़ने से हो रही कटान को रोकने की मांग की है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा की नदी में हो रहे भयंकर कटान के वजह से किसानों की सैकड़ो एकड़ कृषि योग्य भूमि नदी में विलीन हो चुकी है। यदि तत्काल कटान नहीं रोका गया तो किसानों की हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि नदी में विलीन हो जायेगी। सपा नेताओ ने कटान को तत्काल रोकने के उपाय किये जाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में सपा नेता विजय रावत, जिला उपाध्यक्ष एन.पी.यादव, समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव, छात्र सभा जिलाध्यक्ष मनोज यादव, देवेश कुमार, बलवंत पहलवान, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

## डायट प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर भाषा समर कैंप का किया उद्घाटन

**देवरिया।** भाषा विकास को ध्यान में रखते हुए सात दिवसीय भारतीय भाषा कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को डायट प्राचार्य लाल जी यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी भाषा के विकास पर चर्चा एवं साथ ही पोशाक परिवेश खानपान पर भी बात किया जाना है। वही इस समर कैप में उर्दू भाषा पर विशेष रुप से चर्चा किया गया। प्राचार्य महोदय ने कहा कि सभी को अलग-अलग भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए जो दैनिक जीवन में बहुत ही उपयोगी रहता है कुछ उदाहरण देकर भाषाओं को सीखने पर बल दिया। नोडल के रूप में आफताब अहमद ने उर्दू भाषा के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डायट प्रवक्ता गोविंद जी ने किया। समर कैंप में मुख्य रूप से आदर्श कुमार सिंह, रामदास, राकेश सिंह, सतीश मिश्रा, सीमा, डॉ दिलीप गौड, डॉ जितेंद्र कुमार, अखिलेश राय, अनिल तिवारी, कृष्ण कुमार मौर्य, विद्यानंद यादव सहित संस्थान के समस्त प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# पिपराघाट एहतमली में सार्वजनिक रास्ते के निर्माण में बाधा डालने का आरोप



**कुशीनगर।** जिले के तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के पिपराघाट एहतमली गांव स्थित देवनारायण टोला के ग्रामीणों ने सार्वजनिक मार्ग के निर्माण में जानबूझकर बाधा डालने का गंभीर आरोप लगाया है। रविवार को निर्माण कार्य के दौरान हुए विवाद के बाद सोमवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि उक्त मार्ग पिछले 50 वर्षों से गांव के लोगों की आवागमन की एक मात्र व्यवस्था है। यह रास्ता गांव के लगभग 150 परिवारों के लिए जीवन रेखा जैसा है। ग्रामीणों के अनुसार जब ग्राम प्रधान द्वारा इस कच्चे रास्ते का पक्का निर्माण कार्य शुरू कराया गया, तभी कुछ स्थानीय लोगों ने जानबूझकर अवरोध खड़ा कर निर्माण को रोक दिया। रविवार को जब निर्माण कार्य शुरू हुआ, तभी कुछ लोगों द्वारा विरोध किया गया, जिससे विवाद उत्पन्न हो गया। स्थिति तनावपूर्ण हो गई और निर्माण कार्य को बीच में रोकना पड़ा। सोमवार को अधिकांश प्रभावित परिवारों ने तहसील मुख्यालय पहुँचकर प्रदर्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग उनकी रोजमर्रा की जरूरतों, स्कूल जाने वाले बच्चों, बीमारों को अस्पताल ले जाने, खेती के लिए आवागमन और आवश्यक वस्तुओं की ढुलाई का प्रमुख साधन है। यदि यह मार्ग बाधित होता है, तो पूरा गांव संकट में आ जाता है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब इस मार्ग के निर्माण में बाधा डाली गई हो। पिछले वर्ष भी इसी रास्ते को लेकर विवाद खड़ा किया गया था और तब भी ग्रामीणों ने तहसील में प्रदर्शन किया था। बावजूद इसके प्रशासन ने कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है।

# दिव्यांगजनों को मिलेगा योजनाओं का लाभ, लगेंगे शिविर

जिला संवाददाता

देवरिया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार और पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से जनपद देवरिया के सभी विकास खण्डों में चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि

> ● दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो अपने साथ लाना अनिवार्य होगा

ये शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे, जिनमें दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा।

इन शिविरों में पात्र दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, श्रवण यंत्र, स्मार्ट केन, ब्रेल किट, एम.आर. किट, कृत्रिम अंग सहित अन्य सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए जाएंगे।

इसके साथ ही जिन लाभार्थियों को विगत तीन वर्षों (छात्रों के लिए एक वर्ष) से किसी योजना का लाभ नहीं मिला है, उनका चिन्हांकन कर दिव्यांग पेंशन योजना, शादी-विवाह प्रोत्साहन, दुकान निर्माण/संचालन, कॉक्लियर इम्प्लांट, यूडीआईडी कार्ड और फैमिली आईडी जैसी योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा। जिले के विभिन्न विकास खण्डों में इन शिविरों का आयोजन क्रमशः किया जाएगा। सबसे पहला शिविर 6 जून को गौरीबाजार विकास खण्ड में आयोजित होगा। इसके बाद 9 जून को बैतालपुर, 11 जून को रुद्रपुर, 13 जून को बरहज, 16 जून को भागलपुर, 18 जून को लार, 20 जून को सलेमपुर, 23 जून को भाटपाररानी, 25 जून को भलुअनी, 27 जून को भटनी, 30 जून को देवरिया सदर, 2 जुलाई को बनकटा, 4 जुलाई को रामपुर कारखाना, 7 जुलाई को देसही देवरिया, 9 जुलाई को तरकुलवा और अंत में 11 जुलाई को पथरदेवा विकास खण्ड में शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम 200 दिव्यांगजनों के चिन्हांकन का लक्ष्य तय किया गया है। ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को शिविरों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करें। शिविर में भाग लेने वाले दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो अपने साथ लाना अनिवार्य होगा मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविर स्थलों पर बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल तथा विभागीय टीम के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आने पाए, इसकी तैयारी पूर्व से सुनिश्चित कर ली जाए।

## सेवानिवृत्त एडीएम श्री अरुण कुमार राय के सम्मान में विदाई समारोह सम्पन्न




**देवरिया।** अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री अरुण कुमार राय के सम्मान में कलेक्ट्रेट सभागार में एक भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री राय को भावभीनी विदाई दी तथा उनके सुखद, स्वस्थ एवं सफल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने श्री राय के प्रशासनिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में अनुशासन, निष्ठा एवं दक्षता के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। श्री राय का प्रशासनिक अनुभव प्रेरणास्पद रहा है। जिलाधिकारी ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। समारोह में एडीएम प्रशासन श्री जैनेंद्र सिंह, सीआरओ श्री जे.आर. चौधरी, एसडीएम/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रीमती श्रुति शर्मा, एसडीएम भाटपाररानी श्री रत्नेश तिवारी, एसडीएम सलेमपुर श्रीमती दिशा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने संस्मरण साझा किए और श्री राय के साथ अपने अनुभवों को याद किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे। सभी ने श्री राय के योगदान को स्मरणीय बताते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

# डाँल्फिन देवरिया ने फाइनल मुकाबला मे -3 रन से गोपालगंज को हराकर स्कूटी व ट्राफी पर किया कब्जा

जिला संवाददाता

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय नगर पंचायत के सुदामा स्टेडियम मे चल रहे इंजीनियर स्व आशीष गुप्ता फ्री एन्ट्री नाईट बाईक क्रिकेट प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबला मे डाँल्फिन देवरिया की टीम ने गोपालगंज बिहार को -3रन से पराजित कर स्कूटी और ट्राफी पर कब्जा कर लिया। पहले बल्लेबाजी करती हुई डाँल्फिन देवरिया की टीम

> ● इंजीनियर आशीष गुप्त स्मारक नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता

12ओवर मे 57रन बनाये जबाब मे उतरी गोपालगंज की टीम ने 9विकेट खोकर -54रन बना सकी। खेल के दौरान देवरिया के राज सोनकर 8रन छोटू 10 रन गोपालगंज के मेंहदी ने शानदार गेंदबाजी की 3ओवर मे मात्र 8रन देकर 2विकेट झटकने मे कामयाब रहे।

वही सतीश 3ओवर मे 12रन 3विकेट लेने मे कामयाब रहे। विजेता व उपविजेता को स्कूटी व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। मैन आफ दी सीरीज का पुरस्कार सैफ को टी बी मैन आफ दी मैच का पुरस्कार सतीश को कुलर देकर पुरस्कृत किया गया। सम्पूर्ण प्रतियोगिता का सबसे अच्छा गेंदबाज प्रशान्त फाईनल प्रतियोगिता के सबसे अच्छा गेंदबाज सतीश को घोषित कर पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाशंकर यादव व विशिष्ट अतिथि बैश्य समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष हरेन्द्र जायसवाल ने पुरस्कार वितरण करते हुए अपने सम्बोधन मे कहा कि ग्रामीण अंचलों मे इस तरह के खेलो के आयोजन करने से खेलो प्रतिस्पर्धा मे प्रतिभाग करने का अवसर मिलता है। जिससे छिपी हुई प्रतिभाएं उभर कर खेल जगत मे आती है। और जिला राज्य व राष्ट्रीय खेला मे अपने प्रतिभा का परचम लहराकर राष्ट्रीय स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रो का नाम रोशन करने का कार्य करते है।

इस अवसर पर अमित मोदनवाल अटल वरनवाल अरविंद कुमार राजकुमार जायसवाल नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त भाजपा जिलाप्रतिनिधि योगेश प्रजापति ओंमप्रकाश गुप्त गाँन्धी अधिवक्ता विवेक कुमार गुप्ता सभासद कुन्दन सिंह दुर्गेश यादव शिवशंकर मौर्या लालबिहारी प्रजापति (सभासद) प्रतिनिधि शम्भूनाथ मध्देशिया मदम मध्देशिया संतोष मध्देशिया रियाजुद्दीन विजयशंकर मध्देशिया श्रवण मध्देशिया सुरेश मध्देशिया बृजेश वर्मा सन्देश वर्मा ओंमप्रकाश सूर्या बेचुलाल वर्मा निजामुद्दीन मंसूरी लल्लन यादव मनोज गोंड कलीमुल्ला पवन मध्देशिया मिथिलेश दिलीपमोनू मध्देशिया सलीम आकाश गुप्ता बागेश गुप्ता अनीश रजा किशन वर्मा सूरज आदित्य विशाल शर्मा कमलकिशोर पंकज जमशेद मेहताब मोनू यादव विनय वर्मा रजत मध्देशिया सनी मध्देशिया आर्यन राजभर खेसारी छोटे जमीर साजिद उपस्थित रहे। सुमेश वर्मा मनीष तिवारी रुमी निजामी जावेद खान ने काँमेंटेटर एवं किशन वर्मा बागेश गुप्ता व आदित्य ने निर्णायक की अहम भूमिका निभाई।

# पुलिस वार्षिक फुटबाल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन



**देवरिया।** गोरखपुर जोन की 73वीं अंतर्जनपदीय पुलिस वार्षिक फुटबॉल (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता का शुभारंभ आज देवरिया स्थित स्व0 रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में भव्य समारोह के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन देवरिया के पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में गोरखपुर जोन के विभिन्न जनपदों से आई हुई पुलिस टीमों ने प्रतिभाग किया, जिनमें महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों की टीमें शामिल हैं। उद्घाटन अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि मानसिक अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व कौशल का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस बल में कार्यरत कार्मिकों के लिए खेलों का विशेष महत्व है, क्योंकि यह तनाव कम करने और उत्साहवर्धन का महत्वपूर्ण माध्यम है इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, तथा खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर ने सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएँ देते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के माध्यम से अपने कार्मिकों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस प्रतियोगिता में गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज, कुशीनगर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, बलरामपुर, श्रावस्ती व बहराइच जनपद की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन महिला वर्ग में देवरिया बनाम कुशीनगर तथा पुरुष वर्ग में संतकबीरनगर व देवरिया के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता आगामी तीन दिनों तक चलेगी, जिसमें विजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति द्वारा सभी टीमों के लिए आवश्यक सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था का समुचित प्रबंध किया गया है।

## 116 वाहनों का किया गया चालान



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर शहर क्षेत्र में बस स्टैंड, मालवीय रोड एवं गोरखपुर ओवर ब्रिज पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले एवं उतारने वाले वाहनों के विरुद्ध एम0वी0 एक्ट में कार्यवाही की गयी, जिसमें 116 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 04 वाहनों को सीज किया गया और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

संक्षेप

## डंपर से बाइक टकराई दो की मौत, एक घायल

**बांदा।** सड़क किनारे खड़े खराब डंफर में बाइक टकराई जिससे दो युवकों की मौत हो गयी जबकि तीसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को सीएचसी ले गयी लेकिन डॉक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। एक युवक की गम्भीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। रविवार की देर रात नरैनी की तरफ से आ रही बाइक ग्राम पचोखर के पास खराब खड़े बालू भरे डंफर से टकरा गई। जिससे तीन बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बाइक नंबर व जेब मे मिले मोबाइल से परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतकों की पहचान ग्राम पल्हरी निवासी मिथेलश 22 व पड़ोसी अजीत 15 के रूप में हुई है। मिथिलेश रविवार दोपहर करीब तीन बजे पड़ोसी आयुष व अजीत के साथ नरैनी आवश्यक कार्य से बड़े भाई बृजेश की बाइक लेकर गया था। वहां से लौटने के दौरान देर रात ग्राम पचोखर के दुर्घटना हुई। थाना प्रभारी आनंद कुमार का कहना है कि मृतक अजीत के चचेरे भाई ने अज्ञात डंफर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तीन घरों से लाखों ले उड़े चोर

**बांदा।** बीती देर रात बदौसा थाना क्षेत्र के खटेहटा गांव में पिछवाड़े से कच्ची दीवाल फांदकर सूने घरों मे घुसे चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात व नगदी पार कर दी। शिवकुमार के घर से 30 हजार रुपये, पड़ोसी पवन कुमार के घर से बख्शे में रखे सोने-चांदी के लगभग ढाई लाख रुपये के जेवरात और राजकुमार के घर से दो सेट पायल और बिछुवा ले उड़े। तीनो घरों से लगभग पांच लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी ले जाने में चोर कामयाब रहे। घर के पिछवाड़े लगभग 200 मीटर की दूरी पर बक्से नहर किनारे पड़े मिले। राजकुमार ने बताया कि पड़ोसी भंडारण निगम लखनऊ में नौकरी कर रहे राजेन्द्र कुशवाहा पुत्र कल्लू 50 की मोटरसाइकिल दुर्घटना में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद उसका शव खटेहटा आया था जिसके अंतिम दर्शनों के लिए घरों के सभी लोग वहाँ मौजूद थे। घर वापस लौटे पर घर का सारा सामान अस्त ब्यस्त देखकर तत्काल सभी ने पुलिस को सूचना दी। बताते चलें कि दो दिन पहले भुसासी में पांच लाख की चोरी हुई थी और दूसरे दिन बदौसा निवासी आशीष गुप्ता के यहां भी चोरी हुई थी जिसका पुलिस अब तक खुलासा नही कर सकी। चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए अगले ही दिन एक ही रात में तीन घरो में चोरी की घटना को अंजाम दिया। क्षेत्र में हो रही लगातार चोरियों के कारण पुलिस पर सवालिया निशान लग रहे हैं। बदौसा थानाध्यक्ष का कहना है कि चोरियों का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

## श्रीधाम एक्सप्रेस से जेवर व मोबाइल रखा पर्स चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला दतिया अंतर्गत अमन कालोनी निवासी मजीद खां पुत्र नसीर ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 14 मई को वह भोपाल से दतिया के लिए श्रीधाम एक्सप्रेस की कोच सं. एस-1 की सीट संख्या 4 व 5 पर अपनी पत्नी के साथ यात्रा कर रहा था। बताया कि यात्रा के दौरान ललितपुर रेलवे स्टेशन पर उसकी पत्नी का लेडीज पर्स चोरी हो गया। काफी खोजबीन करने पर भी पर्स नहीं मिला। पत्नी के पर्स में एक मोबाइल फोन, चांदी की दो अंगूठी व एक सोने की अंगूठी एक जोड़ी पायल कुल कीमत 55 हजार रुपये का सामान चोरी हो गया। जीआरपी पुलिस ने मजीद खां की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सीवर में मिला लापता मासूम का शव

**बरेली।** शहर के बारादरी थाना क्षेत्र के संजयनगर में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक आठ वर्षीय बालक का शव सीवर में पड़ा मिला। शव की पहचान संजयनगर निवासी हरिमोहन यादव के पुत्र विराट यादव के रूप में हुई, जो 30 अप्रैल से लापता था। मासूम का शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार विराट 30 अप्रैल की शाम को मां से खेलने की बात कहकर निकला था और लौटकर नहीं आया। काफी तलाश के बावजूद बच्चे का कोई सुराग नहीं लग सका। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने सीवर में एक शव देखा तो पुलिस को सूचना दी गई।

# मण्डलायुक्त और डीआईजी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** ललितपुर जनपद कारागार में गत दिवस जिला जज के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक जायसवाल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान उन्हें जिला जेल के अंदर ढेरों अनियमितताएं देखने को मिली थीं। यह मामला अब जनपद से लेकर लखनऊ तक पहुंच चुका है। सोमवार को मण्डलायुक्त झांसी विमल कुमार दुबे एवं पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी मण्डल केशव चैधरी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत जब अधिकारी जेल से बाहर निकले तो मीडिया के पूछने पर बताया कि उन्होंने जेल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को परखा। इसके बाद इन चीजों को जेल मेन्युअल से मिलाया; मीडिया में जो चीजें छपी उन सामान में से अधिकांश जेल मेन्युअल में आती हैं, लेकिन जो धनराशि मिली है वह अनुचित है, जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। ज्ञातव्य है कि शनिवार 31 मई को प्राधिकरण सचिव मयंक जायसवाल का औचक निरीक्षण हुआ था जिसमें उन्होंने जिला कारागार में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजनशाला, अस्पताल आदि का निरीक्षण किया था। पुरूष बैरक संख्या 5 ए तथा 5 बी के निरीक्षण में भारी अनियमितता पायी गयीं थीं। बैरक संख्या 5 ए की दीवारों पर गुटखा थूकने के निशान एवं बैरक के बाहर गुटखा एवं तम्बाकू के खाली पाउच भारी संख्या फेंके हुये पाये गये थे। बैरक संख्या 5बी के निरीक्षण में पाया गया कि उक्त बैरक का रख-रखाव सामान्य बैरकों से अलग, उच्च सुख सुविधा वाला था। उक्त बैरक में बलरामपुर के पूर्व सांसद रिजवान जहीर को रखा गया था उक्त बन्दी को विशेष सुविधायें जेल प्रशासन द्वारा दी जा रही थी जिसमें उक्त पूर्व सांसद बन्दी के लिये दल्लप का गद्दा, तकिया पाया गया। तकिये के नीचे 500-500 रू0 की गड्डी पायी गयी। जिसके बारे में पूर्व सांसद से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उनके खर्च के लिये उनके पास रखे हुये है। इसके अतिरिक्त उनके गद्दे के पास बैटरी वाला पंखा, देशी घी, अचार, मिठाई आदि तथा खाने की क्रॉकरी, टिफिन, ब्राण्डेड तेल, साबुन, शैम्पू, क्रीम आदि रखे हुये पाये गये। उसी बैरक में अन्य 04 बन्दी जमीन पर कटोरी में दाल और प्लास्टिक की पन्नी में रोटी रखकर खाते हुये पाये गये। जिसके बाबव जब जेल अधीक्षक से प्रश्न किया गया तो उन्होंने इस संबंध में कोई जानकारी होने से इंकार किया। इसके बाद अन्य बैरक की ओर बढ़ने पर एक बैरक में ताला बन्द पाया गया जिसके बावत पूछने पर जेल प्रशासन द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त बैरक का इस्तेमाल स्टोर एवं कैन्टीन आदि के प्रयोजन के लिये होता है परन्तु जब उक्त बैरक को खोलने के लिये कहा गया तो जेल कर्मी उक्त बैरकों को खोलने में अनावश्यक विलम्ब करते रहे और बार-बार बोलने के बाद उक्त बैरक को खोला गया। उक्त बैरक के निरीक्षण से यह दर्शित हो रहा था कि कुछ बन्दियों के लिये विशेष रूप से भोजन आदि तैयार किया गया था जबकि जिला कारागार की पाकशाला में सामान रूप से भोजन बनाया एवं वितरित किया जाता है।

- विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को औचक निरीक्षण में मिलीं थीं ढेरों अनियमितताएं
- नगद धनराशि सहित पाया गया था लग्जरी सामान



# नशे की आदत छोड़ो, प्रसन्नता से नाता जोड़ोः बीके चित्ररेखा

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शहर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारीज एवं जिला स्वास्थ्य समिति विभाग ने मिलकर शहर के प्रमुख चैराहों पर व्यसन मुक्त जागरूकता रैली निकाली। जिसमें विशेष नशा मुक्त हो भारत अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज भाई-बहन स्लोगन, तख्तियां, परमात्मा झंडे, लेकर एवं नारे लगाते हुए चले। जिसमें विशेष संदेश दिये गये और अपनी जिम्मेवारी निभाओ, नशे को छोड़ो परिवार को बचाओ आदि नारे लगाकर मानव समाज को जागरूक किया। जिला स्वास्थ्य समिति के डा.वीरेंद्र सिंह ने तंबाकू के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कम उम्र में तंबाकू सेवन से विकासशील अंगों को नुकसान पहुंचता है। डा.श्रीराम साहू ने बताया इससे पुरानी बीमारियां, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और जीवन प्रत्याशा में कमी की संभावना बढ़ जाती है। तंबाकू सेवन से फेफड़े, गले और मुंह का कैंसर, हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। ब्रह्माकुमारीज की आदरणीय राजयोगिनी चित्ररेखा दीदी ने कहा कि नशे से दूर रहने के लिए ध्यान योग और आध्यात्म से जुड ?ा जरूरी है। युवाओं और छात्र-छात्राओं में बढ़ती तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति को रोकने के लिए यह नशामुक्ति रैली आयोजित की गई साथ में शहर में चैराहों पर बच्चों के द्वारा नशा मुक्ति नाटक किए गए। इस कार्यक्रम में डा.अवधेश यादव, डा.सौरभ सक्सेना, डा.रुद्रप्रताप बुंदेला, डा. रामनरेश सोनी, डा.सुखदेव पंकज, सभी सदस्य के अलावा बीके प्रीति बहन, निशा बहन, पूजा बहन, नैना, नमन, सुहाना, मिस्टी, आरभ, चीकू, लकी, अंशिका, बीके विद्यासागर भाई, दैवीय भ्राता राहुल जैन (पत्रकार), कृष्णकांत सोनी (पत्रकार), कुंजबिहारी उपाध्याय, केशव प्रसाद पांडे, राधेश्याम ताम्रकार, एड.रामस्वरूप साहू, खुशीलाल भाई, हरिशंकर साहू, दातार भाई, रोहित श्रीवास्तव, ओमप्रकाश गुप्ता, अनीता बहन, मंजू बहन, किरण बहन, पुष्पा बहन, लक्ष्मी माता जी, विमला माताजी, मुन्नी रिछारिया बहन, भगवती माता जी, श्यामकली माता जी, मुन्नी बहन, रामकली माताजी, जानकी माता जी, रामदेवी बहन, सुमन बहन, राधा माताजी एवं अन्य बीके भाई-बहन उपस्थित रहे।



## दबंगों ने दंपति को डराकर छीन लिये दस हजार रुपये, केस दर्ज

ललितपुर। कस्बा बिरधा निवासी सुखवती पत्नी बब्लू साहू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 28 अप्रैल 2025 को वह अपने पति के साथ ललितपुर के मोहल्ला डोंडाघाट तालाबपुरा निवासी परमानंद साहू के यहां शादी में गये थे।

शादी समारोह से लौटते समय रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने पति के साथ जा रहीं थीं, तभी घटवार पुल के पास ग्राम मसौराकलां गौशाला के पास उसके पति ने मोटर साइकिल रोकी और लघुशंका करने लगे। आरोप है कि इसी बीच ललितपुर के मोहल्ला शांतिनगर निवासी महेन्द्र पुत्र जगभान यादव अपने दो अज्ञात साथियों के साथ एकराय होकर आया और उसके पति को पकड़ लिया। बताया कि उक्त लोगों ने दस हजार रुपये की मांग करते हुये पति को जान से मारने की धमकी दी।

तभी उसके पति ने डरते हुये उसे 10 हजार रुपये दे दिये। रुपये लेकर उक्त लोग वहां से भाग गये।

बताया कि उसी समय उसके पति का मोबाइल फोन भी वहां गिर गया। पीड़िता ने बताया कि वह लोग काफी डर गये थे, इसलिए शिकायत नहीं कर सके थे। अब पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 308 (5) व 351 (3) के तहत

# मंत्री और अन्य व्यक्तियों पर लगे गम्भीर आरोप

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में एक गंभीर संपत्ति विवाद ने तूल पकड़ लिया है, जिसमें सत्तादल के मंत्री और अन्य व्यक्तियों पर कोर्ट के आदेश की अवमानना और स्थानीय निवासियों को धमकी देने का आरोप लगा है। यह मामला लक्ष्मीपुरा मोहल्ले के निवासियों द्वारा दायर एक याचिका से सामने आया है, जिसमें उन्होंने जिला

- विपक्षियों पर कोर्ट के आदेश की अवमानना और धमकी देने का आरोप
- ललितपुर में संपत्ति विवाद

प्रशासन से माननीय सिविल जज सीनियर डिवीजन, ललितपुर के 31 मई 2025 के आदेश का पालन कराने और उनकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

शिकायततर्ताओं में कमलेश कुमार साहू, भगवतनारायण साहू, जयनारायण साहू, सत्यनारायण साहू, दीपक साहू, और लक्ष्मी देवी साहू जो ललितपुर के लक्ष्मीपुरा मोहल्ले के निवासी हैं, ने दावा किया है कि उनकी पुश्तैनी संपत्ति, जो ग्राम मौजा अंदर हद, ललितपुर में आराजी नंबर 6534/1 पर स्थित है, पर उनका कब्जा और दखल है। इस भूखंड का कुल क्षेत्रफल 2396.95 वर्ग मीटर (लगभग 25,800 वर्ग फीट) है, जिसकी सीमाओं में पूरब राष्ट्रीय राजमार्ग-44, पश्चिम-4.57 मीटर चैड़ा



रास्ता, अमित साहू का मकान, हरीशंकर दुबे और देवेंद्र राय के मकान, उत्तर-डामर रोड व नहर और दक्षिण-चक्रेश साहू, हरनारायण, देवीशंकर साहू, अशोक साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, और रामप्रकाश साहू की संपत्तियां हैं। शिकायतकताओं ने बताया कि के अनुसार, इस संपत्ति को लेकर उन्होंने सिविल जज सीनियर डिवीजन, ललितपुर के समक्ष वाद संख्या 117/2025 (कमलेश आदि बनाम अनीता आदि) दायर किया था। 31 मई 2025 को कोर्ट ने प्रार्थीगण के पक्ष में आदेश पारित करते हुए उनके कब्जे और दखल में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न करने का निर्देश दिया था।

### मंत्री और अन्य व्यक्तियों पर लगाये गंभीर आरोप

शिकायकर्ताओं ने अपनी याचिका में बताया कि 1 जून 2025 को सुबह करीब 12 बजे, जब वे अपनी संपत्ति पर निर्माण कार्य कर रहे थे, तब सत्तादल के एक मंत्री अपने 10-12 अज्ञात व्यक्तियों, पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और आरोप है कि उक्त लोगों ने निर्माण कार्य रुकवाने का आदेश दिया और पीड़ित पक्ष को धमकाया।

बताया कि जब उन्होंने कोर्ट के आदेश की प्रति दिखाई और अपनी पुश्तैनी संपत्ति होने का दावा किया। इस पर उक्त लोगों ने उक्त सम्पत्ति को अपनी संपत्ति व स्वामित्व की होना बताया। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त लोगों ने पीड़ित पक्ष को धमकी दी कि एक भी ईंट मेरी मर्जी के बिना नहीं रखी जाएगी और उनके द्वारा अन्य लोगों की संपत्तियां हड़पने की बात कही।

कथित तौर पर उक्त लोगों ने यह भी कहा कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। जब शिकायतकर्ता ने घटना का वीडियो बनाने की कोशिश की, तो उक्त लोगों के साथ आए गनरों ने उनका मोबाइल छीन लिया और धमकी दी कि ज्यादा होशियारी करने पर यहीं जमीन में गाड़ देंगे।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि वह मध्यमवर्गीय परिवार से हैं और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। यह भूखंड उनके और उनके बच्चों के जीवन-यापन का एकमात्र सहारा है।

वे उक्त लोगों की धमकियों और इस तरह की घटनाओं से भयभीत हैं। उनकी मांग है कि सिविल जज सीनियर डिवीजन के 31 मई 2025 के आदेश का पुलिस बल के माध्यम से अनुपालन कराया जाए।

उनके परिवार की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उक्त लोगों व अन्य नामित व्यक्तियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश की अवमानना और भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की उचित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## कालिंजर में इको टूरिज्म व्यू प्वाइंट का शिलान्यास



**बांदा।** कालिंजर दुर्ग में पर्यटन सुविधा केंद्र बनाया जाएगा। नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने कालिंजर में पर्यटन सुविधा केंद्र एवं उदई पुरवा, नहरी में इको टूरिज्म व्यू प्वाइंट, निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। देशी विदेशी पर्यटकों को लुभाने के लिए ऐतिहासिक और पौराणिक कालिंजर किले के विकास के लिए 4 करोड़ 99 लाख की लागत से पर्यटन सुविधा केंद्र एवं उदई पुरवा, नहरी में पहाड़ी के ऊपर विद्यमान काकुन माता स्थान पर एक करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से ईको टूरिज्म व्यू प्वाइंट का निर्माण कराया जाएगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि कालिंजर कस्बे में सतना मार्ग पर 20 कमरों का तीन मंजिला भवन बनाया जायेगा जिसमें पर्यटकों को ठहरने के लिए डारमेट्री, हाई क्लास कैफेटेरिया एवं गार्ड व ड्राइवर रूम बनाए जाएंगे।

कालिंजर में रुकने वाले पर्यटकों को सुबह-शाम घूमने के लिए नहरी के पास काकुन माता स्थल पर ईको टूरिज्म व्यू पॉइंट देखने का मौका मिलेगा। इन सुविधाओं के कारण महोबा और खजुराहो आने वाले पर्यटक कालिंजर की ओर भी आकर्षित होंगे। शिलान्यास अवसर पर विधायक ने कहा कि दोनों निर्माण कार्य क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होने कहा कि कालिंजर दुर्ग वीरता, स्थापत्य कला और भारतीय संस्कृति की अद्वितीय पहचान रखता है यहां लाखों पर्यटक प्रतिवर्ष आते हैं परंतु यहां मूलभूत पर्यटन सुविधाओं की कमी थी जिसे पूरा कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पर्यटन व संस्कृति विकास मंत्री जयवीर सिंह से अनुरोध किया था। जिसे स्वीकार कर क्षेत्र को दो परियोजनाओं की सौगात दी गई है। इन परियोजनाओं से युवाओं को रोजगार मिलेगा साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय हस्तशिल्प, खान पान, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देश दुनिया के सामने लाने का मौका भी मिलेगा।

# ट्रक की टक्कर से अर्टिगा कार के उड़े परखच्चे, 4 की मौत

**बाराबंकी।** लखनऊ-बहराइच हाईवे पर सोमवार सुबह दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो मासूम बच्चों सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंचल-चंचल ढाबे के पास हुआ। जहां तेज रफ्तार ट्रक यूपी 32 एन 0333 ने सामने से आ रही अर्टिगा कार यूपी 32 एमएक्स 8567 को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में अर्टिगा सवार रमाशंकर मौर्या पुत्र दुखहरण मौर्या (40), शान्ती पत्नी राजवीर कुशवाहा (32), राजवीर कुशवाहा उर्फ सुधीर पुत्र शंकर कुशवाहा (35), अयान कुरैशी पुत्र फकरुद्दीन (30), की मौके पर ही मौत हो गई।



जबकि पूजा मौर्या पत्नी रमाशंकर मौर्या (35), अक्ष पुत्र रमाशंकर (9), अनवी पुत्री राजवीर कुशवाहा (6) घायल हो गये। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम ने राहत व बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। तो वही मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त करते हुये मृतको के परिजनो के प्रति संवेदना प्रकट की। तथा अधिकारियो को सर्वोत्तम स्वास्थ्य व्यवस्था दिये जाने हेतु निर्देशित किया।

## 2027 चुनाव की तैयारी में जुटी सपा

**शाही, बरेली।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी ने मीरगंज नगर के एक बैंक्वेट हॉल में विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया। बैठक में मुख्य अतिथि फिरोज खान ने कार्यकताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय होने का आह्वान किया और कहा कि पार्टी की पूरी तैयारी विधानसभा चुनाव के लिए हो चुकी है।

## नाबालिग से दुराचार के आरोपी को 20 वर्ष की कठोर कैद

**बांदा।** मुंह दबाकर अगवा करने के बाद बगीचे में नाबालिग के साथ बलात्कार के आरोपी को दोषी पाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्र ने सोमवार को 20 वर्ष का कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। शहर के मर्दननाका मुहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने 3 जुलाई 2013 को शहर कोतवाली में अपनी 9 वर्षीय बेटी के साथ आरोपी स्माइल मंसूरी के विरूद्ध छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला उस समय बेहद संगीन हो गया जब पीड़िता ने न्यायालय में मुह दबाकर अगवा करने के बाद बगीचे में बलात्कार करने का सनसनीखेज बयान दिया। पीड़िता के बयान के बाद पुलिस को धाराएं बदलकर जांच की दिशा भी बदलनी पड़ी। विवेचक रामाश्रय यादव ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। लोक अभियोजक पाक्सो शिवपूजन सिंह की प्रभावी पैरवी तथा कोर्ट मुहर्रिर अर्चना व पुनीत के साथ ही पैरोकार दिनेश के अथक प्रयास रंग लाए। लोक अभियोजक ने बताया कि अभियोजन की ओर से 6 गवाह पेश किए। अदालत में सुनवाई के दौरान दोनो पक्षों के अधिवक्तओं की बहस और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्र ने आरोपी स्माइल मंसूरी पुत्र नब्बी मंसूरी निवासी मर्दननाका थाना कोतवाली नगर बांदा को दुराचार का दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

# संस्कृत साहित्य के अध्ययन से होगा विकसित भारत का निर्माणः डॉ.शास्त्री

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** संस्कृत, संस्कृति संस्थानम उत्तर प्रदेश एवं संस्कृत विभाग नेहरू महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में नेमवि के संस्कृत सभागार में विकसित भारत के निर्माण में संस्कृत साहित्य की भूमिका विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारम्भ प्रबंधक प्रदीप चैबे, प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री, बुन्देलखण्ड

- नेमवि में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न

विश्वविद्यालय की संस्कृत शोध पीठ के निदेशक प्रो. बी.बी. त्रिपाठी, मुख्य वक्ता डा.नेहा मिश्रा, सहायक आचार्य महर्षि योगी वैदिक विश्वविद्यालय करौंदी, कटनी ने दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। संगोष्ठी में प्रबधंक ने कहा कि संस्कृत भाषा विश्व की सबसे प्राचीन एवं वैज्ञानिक भाषा है। जब पूरी दुनिया भाषायी रूप से कमजोर थी उस समय भारत के ऋषियों ने संस्कृत भाषा का सृजन कर वेदों, पुराणों, उपनिषदों आदि की रचना कर विश्व को जीवन




जीने की आचार संहिता प्रदान की। यदि विकसित भारत का निर्माण करना है तो संस्कृत भाषा का प्रत्येक भारतीय को अध्ययन करना आवश्यक है। प्राचार्य ने कहा कि संस्कृत को केवल भाषा न माना जाये, संस्कृत भारत का जीवन दर्शन है। संस्कृत में ही चार वेद, 18 पुराण, उपनिषद, छह शास्त्र, रामायण, महाभारत, श्रीमदभगवत गीता, धर्मशास्त्र, आर्युविज्ञान, भूगर्भ विज्ञान, खगोल विज्ञान, शब्द विज्ञान, मंत्र विज्ञान, शस्त्र विज्ञान निबद्ध है। संस्कृत की प्रत्येक शाखा में अपार रोजगार की संभावनायें हैं। आज यदि कोई व्यक्ति ज्योतिष, वास्तु, योग, दर्शन, शस्त्र विज्ञान, सैन्य विज्ञान आदि का अध्ययन करता है तो उसे सहज ही रोजगार प्राप्त हो जाता है। कुछदिन पूर्व कनाडा में भारत से 3000 संस्कृत विद्वानों को अपने देश में कार्य करने हेतु आमंत्रित किया है। संस्कृत संस्कारों का संवहन करती है। यदि आज समाज, परिवार को एक सूत्र में बांधना है तो संस्कृत आवश्यक रूप से आनी चाहिए।

जापान जैसे देश संस्कृत पर शोध को प्रोत्साहन दे रहे हैं। संस्कृत शोध पीठ के निदेशक प्रो. बी.बी. त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत और संस्कृति ही भारत की प्रतिष्ठता है। आज संस्कृत साधक माँ भारती की हर क्षेत्र में सेवा कर रहे हैं। चन्द्रयान मिशन के प्रधान वैज्ञानिक एस. सोमनाथ ने अपने मिशन की सफलता में संस्कृत के विमानशास्त्र को आधार बताया। संस्कृत ज्ञान-विज्ञान का भण्डार है। संस्कृत के अध्ययन से रोजगार की अपार संभावनायें हैं। संगोष्ठी की मुख्य वक्ता महर्षि योगी वैदिक विश्वविद्यालय करौंदी, कटनी की वेद विभाग की आचार्य डॉ. नेहा मिश्रा ने अपने शोध पत्र के माध्यम से आधुनिक भारत के निर्माण हेतु सम्पूर्ण भारत में प्राथमिक कक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक संस्कृत साहित्य के अध्ययन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा भारत की आत्मा है। बिना संस्कृत को जाने हम भारत को नहीं जान सकते हैं। समस्त ज्ञान के सागर, ग्रंथ रत्न, संस्कृत में ही आबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज भारत में युवा वर्ग संस्कारविहीन हो रहा है, जिससे भारत के विकास का ढांचा कमजोर हो रहा है। विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं को संस्कारवान, ज्ञानवान तथा मेहनती होना आवश्यक है, जो संस्कृत साहित्य के अध्ययन से ही संभव है। बीज वक्तव्य के रूप में सहायक आचार्य हिन्दी डॉ. सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि समस्त भाषाओं की जननी है। आज व्यक्ति आधुनिकता की अंधी दौड़ में पागल हो रहा है, अपितु संस्कृत भाषा ही है जो व्यक्ति के विवेक को जागृत करती है। संस्कृत के द्वारा ही व्यक्ति का सर्वाधिक विकास संभव है। आज भले ही एक प्रान्त से दूसरे प्रान्त में भाषाओं से लेकर मतभेद हो, परन्तु संस्कृत भाषा की पूरे भारत में स्वीकारता है। संस्कृत भाषा ही है, जो राष्ट्र को एक सूत्र में बांध सकती है। प्रारम्भ में संस्कृत विभाग की सहायक आचार्या डा.प्रीति सिरौठिया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। संगोष्ठी में राजकीय महिला महाविद्यालय झाँसी के प्रो. अजय शंकर यादव, डा.दीपक कुमार पाठक, डा.सुभाष जैन, डा.शैलेन्द्र सिंह चैहान, डा.संजीव शर्मा, डा.सूबेदार यादव, डा.रामकुमार रिछारिया, डा.जितेन्द्र सिंह राजपूत, डा.अरिमर्दन सिंह, डा.रेनू चंदेल, डा.बलराम द्विवेदी, डा.गीरेन्द्र सिंह, विवेक पाराशर, ध्रुव किलेदार, फहीम बख्श, हरीप्रसाद, रमेश पाल, अंकित चैबे, गजेन्द्र यादव, कमलेश, संजय शर्मा, सुरेश आदि उपस्थित रहे। संचालन संस्कृत विभाग के सहायक डा.दीपक पाठक ने किया एवं डा.प्रीति सिरौटिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सट्टेबाजों पर युवक की हत्या का आरोप, एसपी से शिकायत

बांदा। केन नदी पुल के नीचे शुक्रवार की रात मिली युवक की लाश मामले ने नया मोड़ ले लिया है। परिजनों का कहना है कि सट्टेबाजी के पैसों के लेन-देन के विवाद में कृपांशु तिवारी की हत्या की गयी है। घटना को लेकर परिजनों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि 30 मई की दोपहर लगभग 3 बजे राहुल गुप्ता हरिओम और आशीष ने कृपांशु को पार्टी के लिए बुलाया। कृपांशु उसी दिन मां का सोने का हार गिरवी रखकर एक लाख रुपये लेकर आया था। आरोपियों को इस बात की भनक लग गयी थी।

परिजनों के अनुसार तीनों ने कृपांशु को शराब पिलाई उसके बाद उससे एक लाख रुपये और चांदी के कड़े छीन लिए, विरोध करने पर उसकी हत्या कर दी और शव को बांदा महोबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर केन नदी पुल से नीचे फेंक दिया। रात लगभग 10 बजे पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी कि कृपांशु की मोटरसाइकिल नदी पुल पर मिली है। परिजन मौके पर पहुंचे तो पुल के नीचे उसका शव मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के दौरान कुछ लोग आपस में मारपीट और गाली गलौज करते हुए वहां से निकले थे। जांच में पता चला है कि आरोपी राहुल गुप्ता, हरिओम और आशीष सट्टेबाजी का काम करते हैं। कृपांशु इनके लगातार संपर्क में था। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# वायु सेनाध्यक्ष की चिंता

देश के वायु सेना अध्यक्ष ने रक्षा सौदों की आपूर्ति में होने वाली देरी और इस देरी के कारण समय से वायु सेना की जरूरतें पूरी नहीं होने पर गंभीर चिंता प्रकट करते हुए एक तरह से देश को आगाह किया है। वायु सेनाध्यक्ष की चिंता जायज है। जिस तरह युद्ध अधिक से अधिक प्रौद्योगिकी आधारित होता जा रहा है, उसमें अगर नयी तकनीकों और रक्षा साजो-सामान मिलने में देरी होगी तो इससे हमारे सुरक्षा बलों की सैन्य तैयारी प्रभावित होगी। सीआईआई के बिजनेस समिट में वायुसेना प्रमुख ने कहा कि ऐसा कोई रक्षा प्रोजेक्ट नहीं है, जो तय समय पर पूरा हुआ हो। जब रक्षा सौदों के करार पर दस्तखत किए जाते हैं, तब जानकारी होती है कि यह प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं होगा, लेकिन फिर भी हस्ताक्षर कर दिए जाते हैं। यहीं से पूरी प्रक्रिया बिगड़ जाती है। एयर चीफ मार्शल ने यहां तक संकेत दिए हैं कि इसी से युद्ध की तैयारियां प्रभावित होती हैं। वायुसेना प्रमुख ने यह खुलासा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव आरके सिंह की उपस्थिति में किया है, जाहिर है कि यह चिंता एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री और वायुसेना प्रमुख की रूबरू मुलाकातें भी होती रही हैं। उनमें भी यह मुद्दा उठा होगा। हमारी वायुसेना लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर और अन्य रक्षा-उपकरणों का संकट और उस परिदृश्य में झेल रही है, जब चीन ने पाकिस्तान को 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान जे-35 ए देने की घोषणा की है। चीन ऐसे 30-35 विमान पाकिस्तान को मुहैया कराएगा, जबकि भारतीय सेना के पास 5वीं पीढ़ी का एक भी लड़ाकू विमान नहीं है। दुश्मन को कमतर नहीं आंकना चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने यह चिंता तब जतायी है जब भारत की वायुसेना ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त कर चुकी है। पाकिस्तान में घुसकर सौ से अधिक आतंकियों को ढेर कर चुकी है, पाकिस्तान के कई प्रमुख एयरबेस, रडार और एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर हमने अपनी वायु-शक्ति की बदौलत ही जीता है, लिहाजा वायुसेना प्रमुख की ये चिंताएं बेहद गंभीर हैं। एयर चीफ मार्शल पूर्व में भी यह कह चुके हैं कि उन्हें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) पर भरोसा नहीं है। एचएएल मिशन मोड में काम नहीं कर रही है। बहरहाल अब उन्होंने निजी क्षेत्र की कंपनियों को आगे आने का आह्वान किया है। भारत में 21 निजी कंपनियां रक्षा-उत्पादन के क्षेत्र में सक्रिय हैं, जबकि सरकारी नेतृत्व की 16 सार्वजनिक कंपनियां भी जुड़ी हैं। इस क्षेत्र में कुल 430 अन्य कंपनियों के अलावा सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम 16,000 से अधिक हैं, जो रक्षा-उपकरणों के कल-पुरजे बनाते हैं। इतना व्यापक क्षेत्र होने के बावजूद हमारी वायु सेना लेटलतीफी की शिकार हो रही है, जो कि गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि एयर चीफ मार्शल ने न तो किसी प्रोजेक्ट विशेष और न ही कंपनी का नाम लिया, लेकिन यह देरी हमें भारी पड़ सकती है। कुछ उदाहरण गौरतलब हैं। तेजस एमके 1ए हल्के लड़ाकू विमान मई, 2024 तक उपलब्ध होने चाहिए थे। 2021 में एचएएल के साथ 83 विमानों का अनुबंध किया गया था, लेकिन अभी तक एक भी नहीं मिल पाया है। इसी तरह तेजस के अन्य किस्म के विमान का अभी प्रोटोटाइप भी नहीं बना है। 2026 तक ऐसे 200 विमान सप्लाई करने का करार किया गया था। विमानों की डिलीवरी में देरी का बुनियादी कारण 'जीई एयरोस्पेस कंपनी' का इंजन रहा है, जो स्वदेशी लड़ाकू विमानों में लगना है। वायुसेना ने एचएएल के साथ 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों के लिए भी अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस विमान को इसी साल सितंबर तक सेना में शामिल किया जाना है, लेकिन लेटलतीफी के कारण ऐसा संभव नहीं लगता। आज हम करीब 65 फीसदी रक्षा-उपकरणों का उत्पादन भारत में करते हैं। वायुसेना प्रमुख इतना ही पर्याप्त नहीं मानते। वह कहते हैं कि डिजाइन और डिवेलपमेंट भी भारत में ही होना चाहिए, लेकिन डीआरडीओ शोध और विकास की गति देश की जरूरतों के अनुरूप नहीं है। देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए और सैन्य क्षेत्र में महाशक्ति बनने के लिए यह जरूरी है कि हमारी सेना को आधुनिक प्रौद्योगिकी भी मिले, समयबद्ध डिलीवरी हो और रक्षा उद्योग का स्वदेशीकरण भी हो।



**वायु सेना प्रमुख ने जिस तरह से रक्षा उपकरणों की आपूर्ति में होने वाली देरी पर चिंता प्रकट की है, उस पर देश को गंभीरता से सोचना होगा।**

---

### विचार

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए क्योंकि यह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से ही तो नित्य दूध पीती है।

-लोकोक्ति.

ईर्ष्या करने वाले का सबसे बड़ा शत्रु उसकी ईर्ष्या ही है। दूसरे शत्रु उसका अहित करने से रह भी जायें, परन्तु ईर्ष्या उसे हानि पहुंचा कर ही रहती है।

-तिरुवल्लुअर.

जो लोग सचमुच में बुद्धिमन होते हैं, वे असफलताओं से कभी नहीं घबराते हैं।

-शेक्सपियर.

मस्तिष्क का अपना एक अलग स्थान है। वह स्वर्ग को नरक में और नरक को स्वर्ग में बदल सकता है।

-मिल्टन.

अग्नि भोजन को पचाती है, उपहास दोषों को पचाता है।

-आयुर्वेद.

---

# नुकसान की स्वीकृति हमारे हौसले का प्रतीक



शाहिद ए चौधरी

सिंगापुर में शंगरी-ला डायलॉग सिक्यूरिटी फोरम की साइड लाइंस पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने न्यूज एजेंसीज रायटर्स व ब्लूमबर्ग को इंटरव्यू दिए, जिनमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुए संग्राम (कॉम्बैट ऑपरेशंस) पर नई रोशनी डाली, जो टकराव के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की मीडिया ब्रीफिंग से काफी अलग हटकर थी। सबसे पहले तो जनरल चौहान ने हवा में शुरूआती नुकसान पर टिप्पणी की, लेकिन यह नहीं बताया कि कितने एयरक्राफ्ट का नुकसान हुआ। यह पहली आधिकारिक स्वीकृति है कि कॉम्बैट ऑपरेशंस में फाइटर जेट्स को नुकसान हुआ। भारत व पाकिस्तान द्वारा एक दूसरे पर सैन्य स्ट्राइक न करने पर सहमति बनने के ठीक तीन सप्ताह बाद यह बात सामने आयी है। ज्ञात रहे कि टकराव के दौरान या उसके बाद कभी भी भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने कोई एयरक्राफ्ट खोने से इंकार नहीं किया था। सीडीएस के इस बयान पर अच्छा खासा विवाद खड़ा हो गया है। एक पक्ष का कहना है कि उन्हें इस प्रकार का बयान नहीं देना चाहिए था। दूसरे पक्ष का कहना है कि सेना को सच ही बोलना चाहिए, झूठ से काम लेने की जरूरत नहीं है।

**भारत को कुछ छिपाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उसने ऑपरेशन सिंदूर के सभी उद्देश्यों को हासिल कर लिया है। इसलिए सीडीएस के बयान की आलोचना करना ठीक नहीं है कि उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। जहां तक पूर्ण खुलासे की बात है तो ऑपरेशन के पूरा होने तक उसके लिए प्रतीक्षा की जा सकती है।**

विवाद इस बात को लेकर भी है कि सीडीएस ने विदेशी मीडिया में ही यह बयान क्यों दिया? इसका एक कारण यह प्रतीत होता है कि शुरूआती नुकसान की खबरें विदेशी मीडिया में ही अधिक चल रही थीं, इसलिए उसे ही सही जवाब देना आवश्यक था। सीडीएस के अनुसार, टकराव के पहले दिन हवा में शुरूआती नुकसान के बाद भारत ने अपनी रणनीति बदली और तीन दिन बाद सीजफायर की घोषणा से पहले पाकिस्तान पर निर्णायक बढ़त हासिल की। उन्होंने कहा, महत्वपूर्ण यह है कि यह नुकसान क्यों हुए और उसके बाद हमने क्या किया... हमने अपनी रणनीति में बदलाव किया और फिर 7, 8 व 10 को बड़ी संख्या के साथ पाकिस्तान के बहुत अंदर तक उसकी एयर बेसों पर हमला किया, उनके सभी एयर डिफेंस को भेदते हुए सटीक वार किये। युद्ध के दौरान सच इतना कीमती होता है कि उसके संग हमेशा झूठ के बॉडीगार्ड होने चाहिए। ऐसा दूसरे विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने कहा था। टेनिस की तरह, जिसमें आप लगातार दो सेट हारने के बाद भी मैच जीत सकते हैं, युद्ध के भी अपने उतार-चढ़ाव होते हैं और यह अच्छी नीति है कि उतार से जनता के हौसले को प्रभावित न होने दें। अमेरिका को मालूम था कि वह वियतनाम युद्ध हार रहा है, लेकिन उसने कभी स्वीकार नहीं किया, जब तक कि 1971 में पेंटागन पेपर्स लीक नहीं हो गये। अफगानिस्तान में 20 लम्बे वर्षों तक अमेरिका पूरी तरह से अपनी पकड़ न बना सका, लेकिन यह दावा करता रहा कि सब कुछ उसके काबू में है।



### ऑपरेशन सिंदूर

इसके विपरीत भारत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने नुकसानों को लेकर आश्चर्यजनक रूप से स्पष्टवादी रहा है। सीजफायर घोषित होने के अगले दिन यानी 11 मई 2025 को एयर ऑपरेशंस के निदेशक एयर मार्शल एके भारती ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान एक प्रश्न का उत्तर देते हुए टकराव की स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि वह इस बात पर टिप्पणी करना नहीं चाहेंगे कि भारत ने कोई एयरक्राफ्ट खोया या नहीं। उन्होंने कहा कि नुकसान किसी भी टकराव का हिस्सा है और भारतीय सेना ने अपने चुने हुए उद्देश्यों को हासिल कर लिया है व उसके सभी आईएएफ पायलट्स घर वापस आ गये है। एयर मार्शल भारती ने कहा कि पाकिस्तान एयर फोर्स ने अपने कुछ एयरक्राफ्ट खोये और उसके एसेट्स व एयर बेसों को जवाबी भारतीय स्ट्राइक्स में गहरा नुकसान पहुंचाया। दूसरी ओर जनरल चौहान ने रायटर्स को बताया कि 10 मई 2025 को भारतीय एयर फोर्स ने हर प्रकार के एयरक्राफ्ट हर प्रकार के असलहा के साथ उड़ाये और रावलपिंडी में नूर खान एयरबेस सहित पाकिस्तान के बहुत अंदर तक वार किया। सीडीएस ने एक अन्य महत्वपूर्ण बात यह कही कि हालांकि पाकिस्तान व चीन के बहुत गहरे संबंध हैं, लेकिन ऐसा कोई संकेत नहीं मिला कि टकराव के दौरान बीजिंग उसकी कोई वास्तविक मदद कर रहा था। पाकिस्तान ने दावा किया है कि 7 मई 2025 को, जिस रात ऑपरेशन सिंदूर लांच किया गया था, उसने पांच आईएएफ जेट्स मार गिराये थे। उस समय भारत ने न तो इस दावे की पुष्टि की थी और न ही खंडन किया था। लेकिन 10 मई 2025 को सीजफायर के अगले दिन, जैसा कि ऊपर बताया गया, एयर मार्शल एके भारती ने प्रेस को बताया, हम टकराव की स्थिति में हैं और नुकसान टकराव का हिस्सा हैं। अब इसके तीन सप्ताह बाद सीडीएस ने रहस्य पर से तकरीबन पर्दा उठा दिया है- मैं सिर्फ इतना कह सकता हूं कि 7 मई 2025 को शुरूआती चरण में कुछ नुकसान हुआ था। लेकिन भारत ने छह एयरक्राफ्ट नहीं खोये, जैसा कि अब पाकिस्तान दावा कर रहा है।

यह स्वीकृति भारत के बुलंद हौसले को प्रदर्शित करती है। भारत को कुछ छिपाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उसने ऑपरेशन सिंदूर के सभी उद्देश्यों को हासिल कर लिया है। इसलिए सीडीएस के बयान की आलोचना करना ठीक नहीं है कि उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। जहां तक पूर्ण खुलासे की बात है तो ऑपरेशन के पूरा होने तक उसके लिए प्रतीक्षा की जा सकती है- सीजफायर के बाद ऑपरेशन को स्थगित किया गया है, समाप्त नहीं। इसके अतिरिक्त, जैसा कि सीडीएस ने कहा, संख्या से अधिक महत्व नुकसान के कारणों का है और चूक को सुधारने का, जोकि भारत ने किया। भारत की आधिकारिक प्रतिक्रिया शायद धीमी प्रतीत हो, लेकिन वह तथ्यों पर आधारित रही। विकल्प के खतरे- अपुष्ट दावे 8 मई 2025 को ही सामने आ गये थे, जब टीवी चैनलों ने पत्रकारिता की सारी जिम्मेदारी ताक पर रखते हुए झूठ व फेक न्यूज फैलानी शुरू कर दी थी। कैमरा के सामने जो लोग थे उन्हें अपनी यह हरकत शायद देशभक्ति वाली लगी हो, लेकिन इससे सेना पर सिर्फ बोझ ही बढ़ा। इससे टीवी चैनलों पर से भी जनता का विश्वास उठ गया। सीडीएस ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ऑपरेशनल समय का 15 प्रतिशत तो फेक न्यूज व गलत सूचनाओं का खंडन करने में व्यतीत हुआ।

गलत सूचनाओं से जो दर्शकों में अतार्किक उम्मीदें जगा दी गईं थीं, उसका नतीजा यह हुआ कि विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ट्रोलिंग का शिकार हुए, जो कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ तथ्यों पर आधारित सूचना मीडिया को दे रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर ने इस तथ्य को स्पष्ट साबित कर दिया है कि फेक न्यूज के बाघ पर सवारी करना हमेशा घातक होता है। शायद यही वजह रही कि सीडीएस ने मुख्यधारा के भारतीय टीवी चैनलों को इंटरव्यू देने की बजाय विदेशी मीडिया को इंटरव्यू दिया। नुकसान किसी भी सैन्य ऑपरेशन का अटूट हिस्सा है। इसे स्वीकार करके भारत ने एकदम सही कदम उठाया है। अब जरुरत इस बात की है कि सरकार दो दिन के लिए संसद का विशेष अधिवेशन बुलाये और ऑपरेशन सिंदूर से जिन उद्देश्यों की पूर्ति हुई है, उनके बारे में बताये और इन सवालों का भी जवाब दे कि पहलगाम में सुरक्षा चूक क्यों व कैसे हुई? उन आतंकियों का क्या हुआ जिन्होंने पहलगाम में वीभत्स हरकत की थी? सरकार ने इस विषय पर अभी तक कुछ नहीं कहा है। उसकी खामोशी ही सवाल खड़े कर रही है।

---

### सोशल मीडिया

बिहार के युवाओं को अब झूठ बोलने, फेंकने हैंग होने और पलटने वाली भ्रष्ट सरकार नहीं चाहिए, बिहार के युवा अब नये दौर में, नये बिहार का निर्माण करने को आतुर हैं। तेजस्वी.



हमारा संदेश बिल्कुल स्पष्ट है, पाकिस्तान अब आतंकिस्तान बन गया है, वैश्विक आतंकवाद का वह केंद्र बन गया है। जहां प्रशिक्षण और शरण आतंकियों दी जाती है। प्रियंका चतुर्वेदी.



आ. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अंत्योदय के संकल्प लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के सपनों का भारत बनाने के लिए भाजपा निरंतर जुटी हुई है। जेपी नड्डा.



---

# अपने आप को मत भूलिये

### अंतर्दृष्टि

आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में एक ही सबसे बड़ी भूल होती है कि हम अपने आप को भूल जाते हैं और पराये को अपना समझने लगते हैं। ऐसी गलती कभी-कभी भूत-पलीतों के आवेश में होती है। जिस पर वह आवेश आता है वह अपने मुंह से कुछ कहता और कुछ से कुछ बताता है। ऐसी अटपटी बातें कहता है जो उस व्यक्ति के काम की तनिक भी नहीं होती। भूत के काम की भले ही हो, इसी प्रकार ज्वर की तीव्रता में जब मनुष्य बेचैन विकल हो जाता है तब भी ऐसी बातें कहता है जिसे बकवास ही कहा जा सकता है। क्रोध के आवेश में भी लोग ऐसी ही गाली गलौज देते हैं जिन्हें वज्रमूर्खता की संज्ञा दी जा सकती है। शराब पीकर उन्मादी व्यक्ति ऐसे ही वचन बोलता है और ऐसी ही कृत्य करता है। माया को भी एक प्रकार का उन्माद माना गया है। उसकी छाया जिस पर जितनी गहरी पड़ती, वह उतना ही असंगत अव्यवहारिक और अवास्तविक बन जाता है। सबसे बड़ी भुल यह होती है कि आत्मा को शरीर और शरीर का आत्मा मानने लगता है। फलस्वरूप सारा चिंतन और क्रियाकलाप गड़बड़ा जाता है। शरीर वाहन अथवा उपकरण है। आत्मा स्वामी, ईश्वर का पुत्र या प्रतिनिधि। आत्मा को कुछ महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं और विश्वास दिलाया गया है कि इन प्रयासों को यदि ठीक तरह किया जा सके तो इसके परिणाम स्वरूप अगले दिनों उच्च स्तरीय पदोन्नति होगी। इसके अतिरिक्त शरीर ऐसा दिया गया है जैसा कि किसी और प्राणी के पास नहीं है। यह अनुकम्पा इसलिए की गयी है कि जो कार्य उच्च श्रेणी को सौंपी गये हैं उन सभी को ठीक प्रकार किया जा सके। शरीर और मस्तिष्क तथा उपलब्ध सुविधा साधन यदि इस स्तर के न मिले होते तो शायद मनुष्य इतना कुछ कर नहीं पाता जितना कि करना चाहिए। अपना अंश आत्मा को देकर भगवान ने कम अनुग्रह नहीं किया है। भूल यह हो जाती है कि शरीर की वासना और मन की तृष्णा इतनी बलवती हो उठती है कि उन्हें पूरा करने के लिए पूरा समय, श्रम, मनोयोग, खप जाता है। लगता है हम शरीर ही हैं। जो शारीरिक स्वार्थ हैं वे ही हमारे सवर्थ हैं। शरीर में भूख भौतिक आवश्यकता अन्न, वस्त्र और अच्छादन हैं। मन का प्रवाह जब ज्ञानेन्द्रियों की ओर बहने लगता है तो उनकी स्थिति भी यही होती है कि अनेक तरह के दृश्य स्वाद, स्पर्श मांगने लगती है। उनकी पूर्ति के लिए व्याकुलता होती है तो उसे वासना कहते हैं। शरीर की ही एक भाग मन की उमंगें लोभ, मोह और अहंकार के रूप में उफनती रहती हैं। यह सब मिलकर इतना जाल जंजाल खड़ा हो जाता है कि शरीर और मन की इच्छाएं पूरी करने में ही जीवन का समूचा सरतत्व खप जाता है।

# झूठ क्यों नहीं बोलें...

### व्यंग्यलोक

पन्नालाल जी की बातें से मैं ठगा सा रह गया। झूठ रोजी-रोटी बन गयी है तो फिर इसे रोकने के लिए प्रयास करना वाकई पाप है। मैंने तत्काल पन्नालाल जी से माफी चाही- माफ करिये! मुझे पता नहीं था कि झूठ आपका जीवनाधार बन गया है। जहां तक मेरा सवाल है, झूठ तो मैं भी बोलता हूँ, परन्तु बहुत ही न्यून। जब आप हरिश्चन्द्र हैं या उसकी औलाद, तो न्यून भी क्यों बोलते हैं? हम अधिकतम बोलते हैं तो क्या हुआ? झूठ बोलने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। झूठ बोलना भी मौलिक अधिकारों में शामिल है। पन्नालाल जी ने कहा। अब बताइये, झूठ पाप कहां हुआ?

यह तो वाकई, बकौल पन्नालाल जी बड़ी तपस्या है, साधना है, जिसे मुश्किलों के बाद प्राप्त किया जाता है। एक बार तो इच्छा हुई कि अपने बच्चे को एक थप्पड़ मारकर कहूं कि उसे झूठ को पाप का फतवा देने को किसने कहा था? फिर यह सोचकर कि उसकी मां ने बताया होगा तो व्यर्थ में घर में अशान्ति हो जायेगी चुप रहा। फिर भी मन नहीं माना। मैंने पत्नी से कहा- अरे भागवान, जरा सुनो! अपने टिंकू को आजकल यह पहाड़ा किसने रटाया है? कौन सा पहाड़ा? वही, झूठ बोलना पाप होता है? आपने ही बताया होगा। मैं यह बेवकूफी करने वाली नहीं हूँ। पत्नी ने कहा। मैं घबराकर बोला- भगवान कसम, यह बात मैंने उससे कभी नहीं कही। उसका थोड़ा ध्यान रखो। वह सच बोलने लगा तो हमारा जीवन चौपट कर देगा। बाहर मैंने जानकारी की है। सब लोग झूठ बोल रहे हैं। मुझे नहीं चाहिए यह हरिश्चन्द्र की औलाद। घबराओ नहीं, औलाद हरिश्चन्द्र की नहीं, आपकी है। आप पचास प्रतिशत झूठ बोलते हैं, यह शत्-प्रतिशत झूठ बोलेगा। आज ही स्कूल से शिकायत आयी है कि वह पांच दिन से स्कूल नहीं जाकर अपने हम उम्र दोस्तों के साथ इधर-उधर घूककर घर आ जाता है। मैंने उससे पूछा तो पता है, क्या कहा उसने? क्या कहा?



पूरन सरमा

मैंने पूछा। पापा भी तो ऑफिस का नाम करके अकेले-अकेले सिनमा देख आते हैं? मैं चुप रह गया। मेरी समझ में नहीं आ रहा कि क्या करूं? परन्तु मुझे यह तसल्ली जरूर हो गयी कि उसके हरिश्चन्द्र बनने का अब कोई अंदेशा नहीं है। पन्नालाल जी की बात अब भी याद आ रही है- झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ है, ताके हृदय आप सही है, झूठ बोलने वाले के हृदय में भगवान स्वयं निवास करते हैं। आज कल हर ऐरा-गैरा सत्य बोल रहा है तो आप -झूठ क्यों नहीं बोलें? जरूर बोलें।

# भावनाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है कला



कला जगत

**धीरज बसाक**

साल 1902 में जब महान चित्रकार पाब्लो पिकासो ने अपने एक करीबी दोस्त की दुखद मृत्यु पर एक 'ब्लू न्यूड पेंटिंग' बनायी तो देखते ही देखते कला जगत में उसे मास्टर पीस का दर्जा दिया गया। यह न्यूड पीस ऑब्सट्रैक्ट या अमूर्त कला का एक शानदार उदाहरण थी। साल 2010 में न्यूयार्क में यह पेंटिंग 10,64,82,500 डॉलर में बिकी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कला की दुनिया में इस पेंटिंग का किस स्तर का महत्व है। यह न्यूड पेंटिंग इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि आधुनिक अमूर्त कला की यह सबसे प्रतिनिधि पेंटिंग है। हालांकि अमूर्त कला, कला की दुनिया में कोई हालिया पैदा हुई शैली नहीं है, यह बहुत पुरानी है। अगर अमूर्त कला के इतिहास को खंगाले तो जो शुरूआती संस्कृतियों की कलाएं हैं, जिन्हें आमतौर पर मिट्टी के बर्तनों, कपड़ों और शिलालेखों के रूप में व्यक्त किया गया है, वो सरल ज्यामितीय और रैखिक रूपों का ही एक प्रकार है, जो कि अमूर्त कला का आधार है।

चीनी और इस्लामिक सुलेख की सुंदरता कलाओं के समरूप ही हैं, हालांकि इन्हें कला का दर्जा नहीं दिया जाता। लेकिन अगर अमूर्त कला के आईने में देखें तो ये कलाएं ही हैं। चीन में सिर्फ सुलेख तक ही अमूर्त कला सीमित नहीं है बल्कि तांग राजवंश के चित्रकार वांग मो जिनके बारे में समझा जाता है कि उन्होंने स्प्लैश्ड-इंक पेंटिंग शैली का आविष्कार किया है। बाद में यह शैली सांग वंश के चित्रों में भी साफ तौरपर दिखायी देती है। बुद्धवादी चित्रकार लियांग काई सी (1140-1210) ने अपनी इमोशनल इन स्प्लैश्ड इंक में जो चित्र बनाये हैं, वह भी अमूर्त चित्रकला की ही एक उदाहरण है। लेकिन आधुनिक अमूर्त चित्रकला 19वीं सदी में उभरकर आती है, जब कला आंदोलनों के चलते कला का विकास होता है और रोमांटिकवाद, प्रभाववाद और अभिव्यक्तिवाद कला की तीन मजबूत शैलियां उभरकर आती हैं। इनकी आपसी प्रतिस्पर्धा में भी अमूर्त कला मजबूती के साथ विकसित होती है।

आधुनिक अमूर्त चित्रकारों में निःसंदेश पाब्लो पिकासो अप्रतिम हैं। कला दुनिया में अमूर्त कला इसलिए खास है, क्योंकि बाकी कला की हर शैली की अभिव्यक्ति की एक सीमा है, लेकिन अमूर्त कलाशैली में कला अभिव्यक्ति की कोई सीमा नहीं है, इसलिए सृजनात्मकता को जो ऊंचाई अमूर्त कला में मिली है, वैसी ऊंचाई अब के पहले कभी किसी भी कलाशैली में नहीं मिली। अमूर्त कला का भारत से भी गहरा रिश्ता है। सच बात तो यह है कि अमूर्त चित्रकला को सबसे बेहतर तरीके से मूर्तिकला के माध्यम से समझा जा सकता है। भारतीय चिंतन परंपरा में अमूर्त और समूर्त रूपंकरों की गहन आध्यात्मिक और दर्शनिक मौजूदगी सदियों से है, यह मौजूदगी दार्शनिक मीमांसा और भाषिक स्वरूप के साथ साथ सौंदर्य चेतना के रूप में भी उपस्थित रही है। भारतीय चिंतन परंपरा में निराकार की कल्पना और उसके महत्व को हमेशा से तरजीह दी गई है बल्कि सच तो यह है कि भारत में निराकर परंपरा साकार परंपरा से कहीं ज्यादा गहरी, विस्तृत और बहुआयामी है।

समूचा वैदिक आध्यात्म आख्यान के स्तर पर अमूर्त ही है। वेदों में मूर्त उपासना का कहीं भी जिक्र नहीं है। भारत में जो ज्ञान मीमांसा या ज्ञान दर्शन की परंपरा रही है, वह वास्तव में अमूर्त परंपरा ही है। भारत में बहुत बाद में मूर्तियों का विकास होता है और कला के स्तर पर भी साकार अभिव्यक्तियां अपनी जगह पाती हैं। इसके पहले सारी अभिव्यक्तियां भाव तक सीमित थीं, जो कि एक अमूर्त या निराकार अभिव्यक्ति है। भारतीय नाट्यशास्त्र में भी इस कला का सैद्धांतिक सूत्र मिलता है, क्योंकि नाट्यशास्त्र मानता है कि जो घट चुका है, उसे अब सिर्फ कहा ही जा सकता है। मतलब यह कि सिर्फ भावों में ही प्रकट किया जा सकता है। सिर्फ नाटक में ही नहीं भारत के तमाम शास्त्रीय संगीत में भी भाव का रस से ही संबंध है और ये दोनों आयाम अमूर्तता के गहन परिचायक हैं। भारतीय कला परंपरा पश्चिम की कला परंपरा से भले अलग है, लेकिन गहरे स्तर पर अमूर्त की अभिव्यक्ति में दोनो एक जैसी हैं। इसलिए अगर सैद्धांतिक और दार्शनिक दृष्टि से अमूर्त कला के इतिहास को देखें तो वह चीन या यूरोप में नहीं बल्कि उसकी सबसे गहरी जड़ें भारत में हैं।

---

## आप की बात

# युवाओं को स्टार्टअप से जोड़ें

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाटॅअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें।

**नरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

# उद्यमिता का प्रशिक्षण

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। दो वर्ष पूर्व आयी कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां गयीं वे फिर से पूरी तरह वापस नहीं मिलीं। ऐसे में यह जरूरी है कि जब कोरोना का संकट खत्म हो गया है तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं।

हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। जो सरकारी नौकरियों में चयनित हो जाते हैं उनसे वहां बेहतर काम लेना चाहिए।

**कृष्ण मोहन सिंह, गोण्डा.**

संक्षेप

## डबल डेकर बस गडढे में उतरी

**सोहावल-अयोध्या।** राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर रौनाही थाना क्षेत्र में सुबह लखनऊ से चलकर गोरखपुर की तरफ जा रही डबल डेकर बस एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बरसेंडी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर गड्ढे में उतर गई। बस के गड्ढे में उतरते ही बस सवार यात्रियों में चीखपुकर मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सत्ती चैरा पुलिस ने जेसीबी की मदद से बस को गड्ढे से बाहर निकलवाकर सुरक्षित करवाया।

हालांकि गड्ढे में उतरते समय अनियंत्रित बस एक पेड़ से टकरा गई। जिसके चलते बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान हाइवे के किनारे के आस- पास के लोग भी मौके पर दौड़कर पहुंचे। बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित बस से बाहर निकलने में मदत किया। जबकि घटना के दौरान एक महिला के भी मामूली रूप से चोट आने की बात सामने आई है।

# राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा-2 का भव्य आयोजन आज

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर में द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा का भव्य अनुष्ठान मंगलवार से शुरू हो रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना सहित परकोटे में स्थित छह अन्य मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह समारोह 5 जून को गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर अपने चरम पर पहुंचेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई वीवीआईपी शामिल होंगे।

●राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान राम दरबार समेत परकोटे की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा समेत चार कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

अनुष्ठान का शुभारंभ सोमवार शाम सरयू तट से शुरू होने वाली भव्य कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ। यह यात्रा वीणा चैक, रामपथ, सिंगारहाट और रंगमहल बैरियर से होते हुए राम जन्मभूमि मंदिर परिसर पहुंची। 3 और 4 जून को सुबह 6:30 बजे से 12 घंटे तक पूजा-अनुष्ठान होंगे, जिसमें 1975 मंत्रों के साथ अग्नि देवता को आहुति दी जाएगी। इसके साथ ही रामरक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा और अन्य भक्ति भजनों का पाठ किया जाएगा। मुख्य समारोह 5 जून को होगा, जिसमें राम दरबार (श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान) की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ छह अन्य मंदिरों में देव प्रतिमाओं की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस समारोह में चार प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वह प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य अनुष्ठान के अलावा मां सरयू त्रयोदशी जन्मोत्सव, ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि



इस बार उन संतों और गृहस्थों को आमंत्रित किया गया है, जो पिछले वर्ष 22 जनवरी 2024 को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

जगह-जगह छाया की व्यवस्था की गई है। पेयजल व शौचालय के भी इंतजाम किए गए हैं।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि गर्मी और हीट स्ट्रोक को ध्यान में रखते हुए छाया और पेयजल की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने सभी अस्पतालों में 10-10 बेड विशेष रूप से आरक्षित करा दिए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके। इसके अलावा, श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में विश्राम स्थल और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। ओआरएस के पाउच का भी वितरण कराया गया है। मंदिर परिसर व चैकी और थानों पर भी ओआरएस के पैकेट बटवाये गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई प्राण प्रतिष्ठा के अलावा पुष्प वाटिका में पौधरोपण, ट्रस्ट अध्यक्ष के जन्मोत्सव व सरयू महोत्सव में भी शामिल होंगे। एसएसपी गौरव ग्रोवर ने बताया कि आगामी कार्यक्रम को लेकर डीएम के साथ कई बार स्थलीय निरीक्षण किया गया है। लगातार जारी भी है। हमारे लिए वीआईपी के अलावा सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ हमारे जवान तैनात किए जाएंगे। मंदिर हो या फिर बाहर हर जगह सुरक्षा के जबरदस्त इंतजाम किए गए हैं। एटीएस और एसटीएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं ताकि समारोह निर्विघ्न संपन्न हो। 11 जनवरी 2025 को प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर भी तीन दिवसीय उत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें देशभर से लाखों श्रद्धालु शामिल हुए थे। इस बार भी भव्य आयोजन में भारी भीड़ की उम्मीद है। अयोध्या में उत्सव का माहौल है। राम भक्तों में इस समारोह को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं, ताकि यह आयोजन ऐतिहासिक और यादगार बन सके।

## स्थानीय नागरिको ने पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत का किया आभार व्यक्त



**बाराबंकी।** बंकी रेलवे क्रॉसिंग से स्थानीय नागरिको के लिये सुगम रास्ता हेतु पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत द्वारा ओवरब्रिज निर्माण के लिए किये गये प्रयास की स्वीकृति मिलने पर स्थानीय निवासियो ने फूल-माला पहनाकर बधाई दी। बताते चले कि पूर्व सांसद श्री रावत के प्रस्ताव एंव उनके प्रयासो से 87 करोड़ की लागत से ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति रेलवे मंत्रालय द्वारा दी गई। जिसको लेकर बंकी निवासियो एंव व्यापारियो ने पूर्व सांसद को फूल-माला पहनाकर बधाई दी। इस अवसर पर जिला संयोजक श्रम प्रकोष्ठ भाजपा शिव स्वामी वर्मा, जिला संयोजक लघु उधोग नवीन राठौर, अनुप यादव, सुनील कुमार मौर्या, देवराज त्रिपाठी, राहुल जायसवाल, सतीश जायसवाल, विद्या सागर शर्मा, मनीष गौतम, राहुल रावत, रजी सिद्दीकी, निजी सचिव दिनेश चन्द्र रावत आदि मौजूद रहे।

## प्रतर्वन टीमो ने किये 7 वाहन सीज, 1 चालान



**बाराबंकी।** टैक्स की चोरी कर निजी वाहनों का व्यवसायिक इस्तेमाल करने वाले वाहनो के विरुद्ध परिवहन आयुक्त के निर्देश पर 1 से 15 जून 2025 तक चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज प्रवर्तन टीमो ने लखनऊ-बाराबंकी हाइवे पर सख्त कार्यवाही करते हुये वाहनो को सीज किया। आज सोमवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला एंव यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने निजी वाहन का कमर्शियल उपयोग करने वाले 7 वाहनो को सीज किया। तथा अन्य अभियोग मे 1 वाहन का चालान किया गया।

## योग और आयुर्वेद एक दूसरे के पूरकः डॉ. नीतीश दुबे

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के योग विभाग, शारीरिक शिक्षा खेल एवं योगिक विज्ञान संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार एवं राजभवन द्वारा निर्देशित योग दिवस को भव्य और दिव्य बनाए जाने के लिए कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के महत्वपूर्ण निर्देशन में योग विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा के बिंदु ह्वविरासत से विकासः योग की भूमिकाह्व के अंतर्गत विषय - योग एवं विकसित भारत व अहिल्याबाई होल्कर का सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान रहा।योग एवं विकसित भारतह्व पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अनंत श्री आयुर्वेद धाम अयोध्या के वैद्य डॉ. नीतीश दुबे ने कहा कि योग एवं आयुर्वेद सर्वथा अभिन्न है, योग एवं आयुर्वेद एक दूसरे के पूरक के रूप में है। रोगी के रोग का शमन एवं स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करने की महत्वपूर्ण जीवन शैली पर प्रकाश डालते हैं। आयुर्वेद एवं योग न केवल रोगों के निदान एवं निवारण पर बल देते हैं, अपितु दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहारचार्य को स्वास्थ्य के सिद्धांतों के आधार पर निर्मित करने के माध्यम से संपूर्ण स्वास्थ्य एवं विकास को प्राप्त करने का वृहद व विषद ज्ञान प्रदान करते हैं। परिचर्चा के प्रथम सत्र के स्वागत उद्बोधन में संस्थान के निदेशक प्रो. संत शरण मिश्र ने कहा कि योग भारत की प्राचीन विद्याओं में से एक महत्वपूर्ण प्राच्य विद्या योग विज्ञान है। जो भारतीय संस्कृति का प्राण कही जाती है, योग से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य अपितु मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक समृद्धि एवं समन्वय प्राप्त किया जा सकता है। समग्र रूप से स्वस्थ रहकर भारत का समग्र विकास संभव है। योग के अनुशासन में योग दिनचर्या, यौगिक आहार, विचार, व्यवहार संयम करके हम भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में गढ़ सकते हैं। यम-नियम का पालन करने वाले योग साधक कभी भी दुर्गुणी, दुर्व्यसनी व असभ्य नहीं हो सकते। योग की पहली सीढ़ी ही आत्म नियंत्रण है, अर्थात योग के अवलंबन से ही संपूर्ण मनुष्यता विकसित राष्ट्र का निर्माण कर सकने में समर्थ हो सकती है।

## जनता तक पहुंचे परिणाम, कागजों में नहीं रुकें योजनाएंः स्वतंत्र देव

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में जल प्रबंधन और सिंचाई सुविधाओं के आधुनिकीकरण एवं विस्तार को लेकर राज्य सरकार निरंतर गंभीर एवं सक्रिय है। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने इसी क्रम में आज अयोध्या पहुंचकर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की, इस बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अंतर्गत आने वाले अनेक विभागों के वरिष्ठ

●जल प्रबंधन को सशक्त बनाने के लिए अयोध्या में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना, भविष्य की रणनीतियों पर विमर्श करना, और विभागीय समन्वय को मजबूत बनाना था। मंत्री जी ने अधिकारियों से योजनाओं की जमीनी हकीकत, चुनौतियों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जल संरक्षण और प्रबंधन, आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश जल क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की ओर अग्रसर है। हमारा लक्ष्य है कि हर किसान तक समय पर सिंचाई सुविधा पहुंचे, हर घर तक सुरक्षित जल पहुंचे और बाढ़ जैसी आपदाओं पर प्रभावी नियंत्रण हो। उन्होंने निर्देशित किया कि चालू परियोजनाओं को तेजी से पूरा करें, नहरों की सफाई, मरम्मत एवं पुनरुद्धार पर विशेष जोर दें, किसानों को समय पर पानी उपलब्ध कराने हेतु योजनाएं त्वरित गति से पूर्ण कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर पूर्व-तैयारी सुनिश्चित कराएं, बाढ़ चेतावनी प्रणाली को और आधुनिक एवं डिजिटल बनाने की दिशा में सुझाव दिया। स्वतंत्र देव सिंह ने इस अवसर पर नदियों के किनारे प्रदूषण नियंत्रण पर चल रही परियोजनाओं और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की कार्यक्षमता एवं संचालन व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि नदियों की निर्मलता व अविरलता हम सबकी प्राथमिकता है।

उन्होंने इस दौरान जल संचयन हेतु छोटे तालाबों, चेक डैम्स और कुओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा। स्वतंत्र देव सिंह इस अवसर पर दो टूक कहा कि अब योजनाएं कागजों से निकलकर धरातल पर दिखनी चाहिए। प्रत्येक अधिकारी की जवाबदेही तय है। उन्होंने अधिकारियों से यह अपेक्षा जताई कि वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्राम स्तर पर जल समितियों के साथ मिलकर योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और भागीदारी सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि जल से जुड़े अभियानों को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानकर सामाजिक आंदोलन बनाना होगा। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यालयों और ग्राम सभाओं की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। जल संरक्षण का हर प्रयास, हमारे बच्चों के भविष्य की नींव है। हमारी नीतियां, योजनाएं और कार्यशैली एक विजन पर आधारित हो यही हमारा लक्ष्य है.

## महीनो बीत जाने के बाद खुलने का इंतजार करता पिंक टायलेट




**बाराबंकी।** प्रदेश सरकार महिलाओं को सुविधाये देने के लिये नई-नई योजनाएं शुरू कर लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। तो वही महीनो पहले जिला अस्पताल मे बनाये गये पिंक टायलेट अपने खुलने के इंतजार मे है। जिससे लोगों में निराशा और सवाल उठ रहे हैं। जबकि टॉयलेट महिलाओं के लिए सुरक्षित और स्वच्छ शौचालय प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया था। लेकिन यह अभी तक उपयोग में नहीं आया है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका संजय शुक्ला ने बताया इसको खोलने की कवायद चल रही है। शौचालय की देख रेख और सफाई व्यवस्था के लिए एजेंसी चयनित की जा रही है जल्द ही नगरवासियों को इसका लाभ मिलेगा।

## न्यायिक सिस्टम पूरी क्षमता से चलना चाहिएः न्यायमूर्ति राजीव

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** सरदार बेन्त सिंह के जीवन एवं कार्यशैली से प्रेरणा लेकर कम समय में अधिक व अच्छा कार्य करना चाहिऐ उक्त विचार इलाहाबाद हाईकोर्ट लखनऊ खंडपीठ न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय सरदार बेन्त सिंह की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्मृति दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। न्यायमूर्ति श्री सिंह ने आगे कहा कि स्व सरदार बेन्त सिंह के जीवन से खास तौर पर युवा अधिवक्ताओं को प्रेरणा लेनी चाहिए।उनका जीवन चरित्र मौजूदा पीढ़ी के लिए प्रकाश मार्ग की भाँति है। माननीय न्यायमूर्ति ने स्व0 सरदार बेंत सिंह के दोनों अधिवक्ता पुत्रों सरदार आलोक सिंह एवं राजा सिंह को गुणवान पुत्र बताया और कहा कि बाढ़े पुत्र पिता के धर्मा की कहावत यहाँ चरितार्थ हो रही है।न्यायमूर्ति ने अधिवक्ताओ से कहा कि स्व0 बेंत सिंह ने अपने अध्यक्ष कार्यकाल में एक भी दिन हड़ताल नही होने दी थी, न्यायिक सिस्टम पूरी क्षमता से चलना चाहिए और हड़ताल से दूर रहना चाहिए।जनपद न्यायधीश श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा कि स्व0 बेंत सिंह जी से नए अधिवक्ताओ को यह सीख लेनी चाहिए कि बोलने से साथ मौन रहना भी जरूरी होता है कहाँ क्या बोलना है, क्या नही बोलना है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सुधा सिंह ने स्व0 सरदार बेंत सिंह जी को बहुआयामी प्रतिभा का धनी बताया और उनकी जीवन शैली से युवा पीढ़ी को सीख लेने की जरूरत बताई।

उल्लेखनीय है कि स्व0 सरदार बेंत सिंह लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के महामंत्री तथा अध्यक्ष भी रहे है। जिला बार एसोसिएशन के लगभग 5 वर्षों तक अध्यक्ष रहे। इस दौरान उन्होंने अनावश्यक हड़ताल पर रोक लगा कर न्याय व्यवस्था सुचारू की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता हुमायूँ नईम खान ने किया एवं अध्यक्षता जिला बार अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा की रही। स्व0 सरदार बेंत सिंह के पुत्रों सरदार आलोक सिंह एवं राजा सिंह द्वारा माननीय न्यायमूर्ति राजीव सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मुचकुंद सिंह, जगत बहादुर सिंह, बृजेश दीक्षित, महेन्द्र प्रताप सिंह, हरीश अग्निहोत्री, प्रदीप सिंह, हिसाल बारी किदवई, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, मालिक अमीनुद्दीन, शंकर दयाल शर्मा, नरेश कुमार सिंह, कौशल किशोर त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश मिश्रा, महामंत्री रामराज यादव, पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर, सरदार अवतार सिंह, नरेन्द्र सिंह, दिग्विजय सिंह, अभय कुमार सिंह, पी एन सिंह, फारुख अयूब, हेमंत, उत्कर्ष शुक्ल सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।

## राज्य की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक गठित हुआ ओ.टी.डी. सेल

जिला संवाददाता

**बहराइच।** राज्य की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक लाये जाने हेतु प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा निवेश संवर्धन, अवस्थापना सुविधाओं का विकास, पयर्टन एवं सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा, विशेष निवेश क्षेत्रों की स्थापना, विनिर्माण, आई.टी., स्टार्टअप और कृषि एवं संवर्गीय सेवाएं आदि विभिन्न क्षेत्रों में बहुआयामी प्रयास किये जा रहे हैं। जनपद स्तर पर वन ट्रिलियन डॉलर योजना के अन्तर्गत किये जा रहे प्रयासों की नियमित समीक्षा तथा राज्य स्तर अथवा भारत सरकार को प्रेषित किये जाने वाले आकड़ों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला ओ.टी.डी. सेल, बहराइच का गठन किया गया है। जिले में गठित जिला ओ.टी.डी. सेल की सदस्य सचिव जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी होंगी जबकि इसमें अन्य 45 विभाग के अधिकारी सदस्य नामित किये गये हैं।जिल में गठित ओ.टी.डी. सेल के कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि कृषि फसलों/औद्यानिक फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता, दुग्ध उत्पादन एवं उत्पादकता तथा दुग्ध प्रोसेसिंग एवं उद्योगों के लिए भूमि आवंटन और स्वीकृति की स्थिति की समीक्षा। औद्योगिक इकाईयों की स्थापना एवं उनके कार्यशील होने तथा सम्बन्धित इकाईयों का सुसंगत अधिनियमों में पंजीकरण, राजमार्गों, विद्युत ग्रिड, लॉजिस्टिक्स हब, विशेष निवेश जोन/टाउनशिप/औद्योगिक क्षेत्र/फ्लेज पार्क आदि अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण की नियमित समीक्षा तथा उनके निर्माण को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना।

औद्योगिक विद्युत उपभोग तथा जनपद से सॉफ्टवेयर निर्यात विशेष कर एस.टी.पी.आई. से निर्यात की नियमित समीक्षा। सौर ऊर्जा की प्रगति, नये स्थापित होटल/रेस्टोरेंट, वाणिज्यिक वाहनों के पंजीकरण, पी.पी.पी. मोड पर निर्माणधीन बस अड्डे के निर्माण की समीक्षा।

## मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, तीन साथी गिरफ्तार



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच के फखरपुर थाना क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले चार शातिर बदमाशों और एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम के बीच रविवार देर रात्रि को मुठभेड़ हुई जहाँ पर बदमाशों ने पुलिस के उप्पर झोका फायर पुलिस के जवाबी हमले में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है, और मौके पर गिर गया वही पुलिस टीम ने उसके साथ तीन अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। घायल बदमाश को भारी सुरक्षा के साथ मेडिकल कालेज मे भर्ती करवाया गया है पूरा मामला सोमवार भोर का है अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया की मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हुआ है जबकि उसके तीन अन्य साथियों को गिरफ्तार किया गया। कुल चार लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

## कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने मनाया भाजपा नेता राकेश कर्रा का जन्मदिन



**बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी के जुझारू, संघर्षशील और मृदुभाषी वरिष्ठ नेता राकेश वर्मा कर्रा के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओ एंव समर्थको ने लखपेड़ाबाग स्थित आवास पर केक काटकर मनाया। तथा अपने नेता की दुघार्यु होने की कामना की। तो वही सैकड़ों समर्थकों ने सोशल मीड़िया के माध्यम से जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, डॉ0 रामकुमारी मौर्य समेत कई भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने बधाइयां दी।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मौर्य ने कहा कि राकेश वर्मा बेहद ही सौम्य और सुलझे हुए राजनेता हैं। वे दीघार्यु हों और हमेशा सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में तत्पर रहें। तो वही भाजपा नेता श्री कर्रा ने समर्थकों और पार्टी के पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला संयोजक श्रम प्रकोष्ठ शिव स्वामी वर्मा, अरविंद वर्मा बब्लू, पंकज वर्मा, भूपेंद्र वर्मा गिरीश, सुशील वर्मा, वेद प्रकाश, अज्जू भाई, हफीज भारती, तरुण कुशवाहा, छोटे पप्पू, मानू वर्मा मौजूद रहे।

## युवक ने पेड़ से लटक कर दी जान, पुलिस जांच में जुटी



**बहराइच।** पयागपुर थाना क्षेत्र के गांव तुलसीराम पुरवा में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव बाग में पेड़ से लटका हुआ पाया गया। मृतक की पहचान गौरीशंकर (उम्र लगभग 30 वर्ष) के रूप में हुई है।घटना की सूचना मृतक के पिता श्री चिक मदत पुत्र दिकम दत्त गोस्वामी, निवासी तुलसीराम पुरवा (डाकघर सोहरियावा, थाना पयागपुर, जनपद बहराइच) ने 2 जून 2025 को थाने में दी। उन्होंने बताया कि उनका बेटा गौरीशंकर ने बाग में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी करुणाकर पांडेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल फील्ड यूनिट को बुलाकर जांच करवाई। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी की गई तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। *थाना प्रभारी करुणाकर पांडेय ने बताया*:रहमें मृतक के पिता से सूचना मिली थी कि युवक ने आत्महत्या की है। मौके पर पहुंचकर हमने फील्ड यूनिट के साथ जांच करवाई और शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। घटनास्थल पर शांति व्यवस्था कायम है, मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।रपुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट हो सके।

## विकसित कृषि संकल्प के तहत पंचायतों में गोष्ठी आयोजित

**बहराइच ।** विकास खण्ड विशेश्वरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुल्तान माफी विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत आयोजित वृहद गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिको एवं कृषि अधिकारियो द्वारा मौजूद कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं तथा प्राकृतिक खेती, भूमि एवं जल संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि

●कृषकों को दी गई उन्नत तकनीक की जानकारी



भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आनंद पाण्डेय ने कृषकों का आहवान किया कि उन्नत तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर अपनी आय को दोगुना कर देश के विकास में सहयोग प्रदान करें। श्री पाण्डेय ने कहा कि गांव, गरीब व किसान का विकास केन्द्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। सरकार द्वारा किसानों के हित में प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने किसानों का आहवान किया सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें। भाजपा जिला प्रतिनिधि राजकुमार शुक्ला ने भी किसानों को आहवान किया केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। भूमि संरक्षण अधिकारी बहराइच डॉ. सौरभ वर्मा ने कहा कि खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व कृषि तकनीकी की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद के 135 ग्राम पंचायतों में गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने किसानों का आहवान किया गोष्ठियों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों द्वारा दी जा रही जानकारी का लाभ उठायें। उन्होंने कृषकों को विष मुक्त खेती अपनाने तथा मृदा जांच के अनुसार संतुलित मात्रा में रासायनिक उर्वरक का उपयोग करने की सलाह दी। डॉ वर्मा ने बताया कि जनपद में 53 खेत तालाब का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इच्छुक कृषक बुकिंग कराकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। गोष्ठी के दौरान जहां एक ओर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं डॉ. प्रिन्यंका सिंह ने किसानों को समय से धान की नर्सरी डालने तथा विविधिकरण अपनाकर आय वृद्धि के तरीके बताए।

इसी प्रकार दूसरी अन्य 06 ग्राम पंचायतो कंछर, पूरेशिवसहाय, बनघुसरा, फत्तेपुरवा, गुजरा में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं डॉ. प्रिन्यंका सिंह ने किसानों को समय से धान की नर्सरी डालने तथा विविधिकरण अपनाकर आय वृद्धि के तरीके बताएं वहीं दूसरी ओर डॉ. नंदन सिंह, डॉ. अनिल राजभर, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए कुलदीप वर्मा, विशेश्वरगंज के प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार इन्द्रसेन तिवारी द्वारा मौजूद कृषकों को उन्नत खेती के सम्बन्ध में उपयोगी जानकारी प्रदान की गयी। गोष्ठी के दौरान प्रगतिशील किसान सुरेन्द्र गिरी ने किसानो को प्राकृतिक खेती व कृषक राम सरन पाण्डेय, बेचन बाबा, कृपा शंकर व रूपरानी आदि ने अपने अनुभव साझा किये।

## आगामी बकरीद पर्व को लेकर डीएम और एसपी ने की बैठक

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी एंव पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की अध्यक्षता मे आगामी बकरीद पर्व पर शाति सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला स्तरीय पीस कमेटी पदाधिकारियो के साथ बैठक की।

बैठक मे मुस्लिम धर्मगुरुओं, ईदगाह कमेटी सदस्यों, संभ्रांत व्यक्तियों को त्योहार को सामाजिक एवं धार्मिक एकता के साथ शान्ति पूर्वक मनाने, बकरीद की नमाज को ईदगाह एवं मस्जिदों में ही पढ़ने, सोशल मीडिया पर भ्रामक व साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने वाली पोस्ट न किये जाने को लेकर निर्देशित किया गया। बैठक मे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, समस्त क्षेत्राधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

संक्षेप

## संदिग्धावस्था में छत से गिरे वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

अमेठी। विगत दिनों अमेठी में दबंग के हमले में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान दिल्ली में मौत हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज जांच में जुट गई हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में मृतक के बेटे अमित तिवारी ने आरोप लगाया कि उनके पिता 17 मई को अपने घर पर थे. शाम करीब 5 बजे उनके गांव के संतोष गुप्ता ने फोन करके उन्हें अपने अमेठी पुलिस लाइन स्थित आवास पर बुलाया था. वहां उनको अपने छत से धक्का देकर नीचे गिरा दिए. किसी अनजान व्यक्ति ने उन्हें सूचना दी कि वे सीएचसी अमेठी में बेहोश अवस्था में पड़े हैं. तब वे लोग आनन फानन में सीएचसी अमेठी आए. जहां उनकी हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया. अगले दिन 18 मई को हालत गंभीर होने पर उन्हें दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती करा दिया. वहां लगभग 15 दिन तक इलाज के बाद रविवार को उनकी मौत हो गई। इस संबंध में एसएचओ अमेठी रवि सिंह ने बताया कि परिजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है. जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## जानलेवा हमले में एक आरोपी गिरफ्तार

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। जानलेवा हमले के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के धनाइतपुर मुस्तफाबाद सरैया के राम आशीष के विरुद्ध जानलेवा हमले सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज था। सोमवार को मैनेपारा मोड के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## मारपीट में मां-बेटा घायल

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। जल निकासी के लिए आई ह्यूमन पाइप के उतारने को लेकर हुई मारपीट में मां-बेटे को काफी चोट आई। रविवार को शाम पांच बजे कोतवाली क्षेत्र के पोखरदहा गांव के पंकज कुमार तिवारी ट्रेक्टर पर लदी जल निकासी के लिए आई ह्यूमन पाइप को उतरवा रहे थे। आरोप है कि विपक्षीगण एकजुट होकर गाली गलौज देने लगे। मना करने पर ईट, डंडे एवं लात घुसो से मारने पीटने लगें। बीच बचाव करने आई उनकी माता धमार्देवी को भी धक्का देकर गिरा दिया। जिससे मां बेटे को काफी चोट आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही से सुमित शर्मा, संतोष शर्मा, सुशील शर्मा, श्याम बहादुर शर्मा, रेनू एवं रेनू के पुत्र के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

## किशोर को विपक्षियों ने पीटा, घायल

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। रंजिश बस घर से बुलाकर तालाब पर ले जाकर एक किशोर को विपक्षियों ने मारा पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर नोनरा गांव की झीना पत्नी निजामुद्दीन का आरोप है कि उसके पुत्र कुर्बान (16) को शुक्रवार की शाम बहला फुसलाकर गांव में स्थित तालाब पर खेलने के लिए बुलाकर ले गए। तालाब पर पहले से ही घात लगाए बैठे विपक्षियों ने कुर्बान को लोहे के पंजे एवं लाठी-डंडे से मारा पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की मां की तहरीर पर शनिवार को देर शाम पुलिस ने गांव के ही कोहिनूर, फारूख एवं 10 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## हर्षवर्धन यादव ने जेईई एडवान्स में बनाया रिकार्ड

रायबरेली। संशिक्षा एकेडमी के प्रतिभाशाली छात्र हर्षवर्धन यादव ने जेईई एडवान्स की कठिन परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 784ह्व तथा ओबीसी रैंक में 120 रैंक प्राप्त कर रायबरेली सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन, और प्रतिबद्धता का प्रतिफल है, साथ ही यह संस्था द्वारा दी गई उचित दिशा और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। संशिक्षा एकेडमी रायबरेली में इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसे प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों की तैयारी के लिए एक विश्वसनीय और परिणामोन्मुख संस्थान के रूप में जाना जाता है। संस्था के निदेशक नीरज सोनी का मानना है कि दृढ़ संकल्प, अनुशासित दिनचर्या और सही मार्गदर्शन से कोई भी छात्र उच्चतम शिखर तक पहुंच सकता है।

# सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बदहाली

## गड्ढ़ों और जलभराव से जनता परेशान



रायबरेली। षहर में सड़क चैड़ीकरण के नाम पर शुरू हुआ काम अब स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। पिछले साल अहिया रायपुर क्षेत्र में शुरू हुए सड़क चैड़ीकरण के कार्य ने न केवल जनता की मुश्किलें बढ़ाई हैं, बल्कि गड्ढों और जलभराव के कारण डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर शीतला माता मंदिर और खाटू श्याम मंदिर के ठीक सामने से चंपा देवी मंदिर की ओर जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। सड़क चौड़ीकरण का अधूरा काम, गड्ढों में तब्दील सड़क पिछले साल रायबरेली के अहिया रायपुर क्षेत्र में सड़क चैड़ीकरण का काम शुरू हुआ था। इस परियोजना को क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और मंदिरों के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शुरू किया गया था। लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण का कार्य पूरा नहीं हो सका। सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया, जिसके कारण बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश के मौसम में इन गड्ढों में गंदा पानी भर जाता है, जो मच्छरों के प्रजनन का केंद्र बन रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क की यह स्थिति न केवल पैदल यात्रियों और वाहन चालकों के लिए खतरनाक है, बल्कि आसपास के मंदिरों में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शीतला माता मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, और चंपा देवी मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों के आसपास सड़क पर जलभराव और कीचड़ के कारण श्रद्धालुओं को पैदल चलने में भी दिक्कत हो रही है।

### जलभराव से बढ़ रही बीमारियां

खोदी गई सड़क पर बने गड्ढों में गंदा पानी जमा होने के कारण क्षेत्र में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गंदे पानी के कारण मच्छरों की संख्या में इजाफा हुआ है, जिससे बच्चे और बुजुर्ग विशेष रूप से बीमार पड़ रहे हैं। एक स्थानीय निवासी, रमेश कुमार, ने बताया, ष्पिछले कुछ महीनों में मेरे परिवार में दो लोग बुखार से पीड़ित हुए। डॉक्टर ने बताया कि यह मच्छरों के कारण हो सकता है। सड़क पर जमा पानी की सफाई के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा।

### ठेकेदार और जिम्मेदार कंपनी की लापरवाही

स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण के लिए जिम्मेदार कंपनी और ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ठेकेदार ने काम शुरू करने के बाद इसे अधर में छोड़ दिया और अब कोई जवाबदेही नहीं ले रहा। एक अन्य निवासी, शांति देवी ने कहा, जब सड़क खोदी गई थी, तब हमें बताया गया था कि कुछ महीनों में काम पूरा हो जाएगा। लेकिन अब एक साल से ज्यादा हो गया, और सड़क की हालत बद से बदतर होती जा रही है। ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी हमारी शिकायतों को अनसुना कर रहे हैं।

### धार्मिक स्थलों के आसपास बदहाल स्थिति

अहियापुर रायपुर क्षेत्र में शीतला माता मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, और चंपा देवी मंदिर जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं, जहां रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। खाटू श्याम मंदिर की स्थापना हाल ही में फरवरी 2025 में हुई थी, और इसे लेकर भक्तों में खासा उत्साह था। लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बारिश के मौसम में सड़क पर कीचड़ और जलभराव के कारण मंदिर तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है।

## श्रीराम कथा का हुआ समापन



सुलतानपुर (वीओएल)। 52 गांव में फैले हुए कच्छवाहा वंशी क्षत्रियों की कुलदेवी दुर्गा माता के स्थान पिलाई कोट देवनगर अखंडनगर सुलतानपुर में 29 मई से चल रही श्रीराम कथा का सोमवार को हवन पूजन के साथ समापन हुआ।

व्यासपीठ पर विराजमान श्री श्री 108 श्री श्री निवास दास वेदांती महाराज ने क्षेत्रवासियों का आभार जताया कि 20 वर्षों के वनवास के पश्चात पुनः माताजी के दरबार में उपस्थित होने का अवसर मिला। व्यास पीठ से 5 दिन अनवरत श्रीराम जी की जीवन लीलाओं का वर्णन किया गया और भक्तजन पूरी तन्मयता से कथा का श्रवण करते रहे। अंतिम दिन कथा में पूर्व विधायक इसौली चंदभद्र सिंह सोनू ने भी पहुंचकर व्यास पीठ का आशीर्वाद लिया। आयोजक मंडल द्वारा कथा के अंतिम दिन शाम को भंडारा/महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। इस मौके पर आयोजन कन्हाइन समिति के अध्यक्ष बाबू सुरेश प्रताप सिंह, मनोज प्रभाकर सिंह, प्रेम चंद सिंह, अनिल सिंह, अशोक सिंह, यशवंत सिंह, इंद्रसेन सिंह, संतराम मौर्य, सीताराम वर्मा, विनोद कुमार सिंह, विंध्यवासिनी प्रताप सिंह, आलोक सिंह, आद्या प्रसाद सिंह, डॉ. गंगा प्रसाद सिंह, राम प्रकाश सिंह, विनय सिंह, जगदंबा सिंह, हेमराज सिंह, संतोष सिंह, जेठू सिंह, जय प्रकाश सिंह सहित अन्य का आयोजन में सराहनीय प्रयास रहा।

## ग्राम पंचायत नसीराबाद देहात की खुली बैठक में पारित हुए विकास के प्रस्ताव

नसीराबाद रायबरेली। विकास खण्ड छतोह के ग्राम पंचायत नसीराबाद देहात की खुली बैठक ग्राम प्रधान सुमित्रा देवी की अध्यक्षता में पंचायत सभागार में सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में सैकड़ों महिलाओं सहित ग्राम वासी शामिल हुए। प्रधान सुमित्रा देवी ने खुली बैठक में आए सभी निर्वाचित सदस्यों का माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और फिर बैठक आरम्भ हुई।



लोगों ने आवास, खड़ंजा, नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग आदि के प्रस्ताव किये। मैमुना ने इंटरलॉकिंग, पूजा देवी ने खड़ंजा निर्माण, जलील अहमद ने कुछ लोगों द्वारा बंद किए गए नाले को खुलवाने, भागीरथी ने नाली बनवाने का प्रस्ताव किया। खुली बैठक में प्रधान पति तुलसीराम पासी ने ग्राम पंचायत के तीन मजरों के नामकरण पूरे सम्राट, पूरे उदय राज, पूरे अंबेडकर करने तथा चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य के नाम पर प्रवेश द्वार बनवाने का प्रस्ताव रखा। सदस्य नवी बख्श ने सदस्यों के मानदेय के नियमित भुगतान का प्रस्ताव रखा।

ग्राम पंचायत अधिकारी नागेश कुमार ने उपस्थित जन समुदाय को जानकारी दी कि 10 दिन के अंदर जन्म मृत्यु की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध कराना जरूरी है। परिवार रजिस्टर का अद्यतन नवीनीकरण कर दिया गया है। भूमि प्रबंधन समिति की खुली बैठक में कृषि भूमि हेतु 39 किसानों और आवासीय पट्टे के लिए 102 ग्रामीणों के नाम का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत अधिकारी नागेश कुमार, लेखपाल संदीप त्रिपाठी, पंचायत सहायक ममता, मनरेगा रोजगार सहायक सहायक अशोक कुमार मौर्य, डाक्टर श्याम सुन्दर तिवारी, ,मंसाराम मौर्य, मोहम्मद यूनुस खान, आदि लोग मौजूद रहे।

## किसानों को दी गई आधुनिक खेती के बारे में जानकारी



कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत सुलतानपुर जनपद के अमरेथू डडिया, गौरा बीबीपुर व सरैया कमौरा ग्राम पंचायतों में सोमवार को विशेष कृषि जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक व लाभकारी खेती की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि वैज्ञानिक डॉ. सी.के. त्रिपाठी ने किसानों को फसलों के अधिक उत्पादन के उपायों के साथ-साथ बीमारियों से बचाव की तकनीकें बताईं। उन्होंने किसानों को जलवायु परिवर्तन के अनुसार खेती की रणनीति बनाने की सलाह दी। वहीं, कृषि वैज्ञानिक डॉ. ए.के. सिंह ने ज्वार, बाजरा, सावा, कोदो जैसी मोटे अनाजों की खेती के साथ-साथ सब्जियों की उन्नत खेती की विधियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील भी की। कृषि विभाग के अधिकारी संतोष कुमार सिंह एवं जिला गन्ना निरीक्षक राजेश कुमार ने भी किसानों को कृषि योजनाओं, तकनीकी मदद और सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल कलाम, कुंवर बहादुर मिश्र, हरी लाल, जीत बहादुर और विजय कुमार उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## दो शातिर टप्पेबाजों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लालगंज रायबरेली। कस्बे में हुई दो टप्पेबाजी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से नकदी समेंत चोरी में प्रयुक्त बाईक को भी बरामद किया है।

इस सम्पबन्ध में जानकारी देते हुए कोतवाली प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि कस्बे के बेहटा चैराहा के निकट दुकान से बीती 28 अप्रैल को दो बाईक सवार उचक्कों ने कैलाष गुप्ता की दुकान से सरिया दिखाने के बहाने गल्ले से पैसे पार कर दिये थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। पुलिस मामले की जांच कर ही रही थी कि इसी बीच 29 मई को धनाभाद निवासी टिंकू गौतम के पैसे भी उचक्कों ने बैंक से पार कर दिये। इस दौरान उच्चकों ने पैसो के बदले कागजों की गड्डी उसे थमकार फरार हो गये। दोनो मामलों की पुलिस जांच ही कर रही थी कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डलमऊ ओवरब्रिज के पास से दो संदिग्धो को हिरासत में लेकर पूछताछ षुरू की तो उपरोक्त दोनो घटनाओं को खुलासा हो गया। पुलिस के अनुसार पकडे गये आरोपी मो0 अजहरूद्दी पुत्र जमालुद्दीन निवासी कटरा अब्दुल गनी जीटी रोड फतेहपुर व मो0 अरमान पुत्र मो0 शकील निवासी सैयद बाडा थाना कोतवाली नगर फतेहपुर के रूप में हुई। आरोपियों के पास से पुलिस ने 16 हजार की नकदी समेंत चोरी में प्रयुक्त बाईक को भी पकड़ा है। पुलिस ने दोनो आरोपियो के खिलाफ आवष्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। आरोपियों पर फतेहपुर जनपद में भी अपराधिक मुकदमें दर्ज बताये गये है।

## सड़क हादसे में ननद भौजाई की मौत

रायबरेली। जनपद में सड़कों पर रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है, हर रोज सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड ट्रक लोगों की जान ले रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करते नजर नहीं आ रहे हैं।

ताजा मामला सरेनी कोतवाली क्षेत्र के धूरेमऊ चैराहे के पास का है। आलोक नाम का एक युवक बाइक से अपनी भाभी और बहन को लेकर सेमरी चैराहे की तरफ जा रहा था। अचानक बाथरूम करने के लिए बाइक को रोक दिया और बाइक खड़ा करके आलोक बाथरूम करने चला गया। दोनों महिलाएं अपने मासूम बच्चे को लेकर बाइक के पास खड़ी थी तभी एक तेज रफ्तार डंपर ट्रक अनियंत्रित होकर दोनों महिलाओं को जोरदार टक्कर मारकर कुचलते हुए निकल गया जिससे दोनों महिलाओं नीतू 39 वर्ष और अंजू देवी 25 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टक्कर लगने के बाद गोद में 9 माह का जो बच्चा लेकर खड़ी थी टक्कर लगने के बाद बच्चा सड़क के नीचे काफी दूर जाकर गिरा जिससे बच्चों की जान तो बच गई लेकिन घायल हो गया। हादसा देखकर आलोक बदहोश हो गया रोता चिल्लाता रहा। सूचना पाकर मौके पर सरेनी कोतवाली पुलिस पहुंची और दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही हादसा करने वाले डंपर को भी कब्जे में ले लिया फिलहाल डंपर चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश चल रही है।

## जिपं का टैक्स नहीं देंगे व्यापारी : बनवारी लाल कंछल



लालगंज रायबरेली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने लालगंज के महावीर होटल में स्थानीय व्यापार मंडल की जिला कार्य समिति की बैठक में बोलते हुए कहा कि हमारा व्यापारी इनकम टैक्स ,मंडी शुल्क, टीडीएस, जीएसटी सहित सात प्रकार के टैक्स देता है इसलिए अब व्यापारी जिला पंचायत सहित अन्य कोई टैक्स नहीं देगा। लालगंज पहुंचने पर संगठन के संरक्षक दीप प्रकाश शुक्ला, रविंद्र मुरारका, नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजय बाजपेई, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ,प्रतीक शर्मा, पुष्कर गुप्ता आदि की टीम ने पूर्व सांसद प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि अभी पिछले सप्ताह ही वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी से मिले थे और व्यापारियों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौपा था। इसके अलावा भी प्रदेश सरकार के 14 कैबिनेट मंत्रियों से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण कराने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सैंपल भरने वाले अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि वह साल भर सैंपल भरे लेकिन त्यौहार के मौके पर सैंपल ना भरे अन्यथा व्यापार मंडल की टीम उनका विरोध करेगा ।त्योहार के मौके पर ही व्यापारी का बिजनेस होता है ,उस समय सैंपल भरना ठीक नहीं है। नगर पालिका व पंचायत के द्वारा हाउस टैक्स व वाटर टैक्स कई गुना बढ़ने पर भी उन्होंने नाराजगी जुटाई और कहा कि किसी भी सूरत में 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी मंजूर नहीं की जाएगी। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजय वाजपेई ने सरार्फा व्यापारियों की समस्याओं को उठाया और कहा कि जब कोई सरार्फा व्यापारी किसी से सामान खरीदना है तो अक्सर पुलिस चोरी का माल कहकर उसे पकड़ती है ।

## श्री मद् भागवत कथा सुनने से होता है सद्बुद्धि का विकास



भेटुआ ,अमेठी। - श्रीमद भागवत कथा सुनने से यह लोक और परलोक दोनो जगह शांति मिलती है। उक्त बाते राम तीरथ नगर विनोवापुरी मे चल रही श्रीमदभागवत के पांचवे दिन कथा व्यास आचार्य श्री नीरज कृष्ण पाण्डेय ने श्रोताओ के समक्ष कही। शहर के विनोवापुरी मे कथा यजमान गणपति दयाल पाण्डेय के यहाँ चल रही भागवत कथा मे कथा व्यास आचार्य नीरज कृष्ण पाण्डेय पांचवे दिन भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला व गोवर्धन पूजा की कथा श्रोताओ को सुनाया। भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला की कथा बताते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण बचपन से ही बड़े नटखट व चंचल स्वभाव के थे। भगवान श्री कृष्ण ने बचपन मे ही पूतना,तृणावर्त्त, वत्सासुर ,बकासुर,और अघासुर का बध किया। प्रवचक पूतना कथा बताते हुए कहते है कि कंस द्वारा भेजी गयी राक्षसी पूतना एक सुन्दर स्त्री का रूप धारण करके श्री कृष्ण को मारने के लिए गोकुल आती है ।वह अपने विशैले स्तनो से श्री कृष्ण को दूध पिलाने कि कोशिश करती है तो भगवान श्री कृष्ण उसे पहचान लेते है और मौत के घाट उतार देते है। कथा समाप्ति के बाद कथा यजमान ने व्यास पीठ की आरती उतारी और कथा सुनने आये सभी लोगो का स्वागत किया। इस मौके पर इंद्र कुमार पाठक, प्रशांत सिंह,मनोज मिश्र, भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा सुल्तानपुर के प्रबंधक जय प्रकाश पबड़ी ,अंजू तिवारी,पुष्प लता मिश्र,अनुराग कुमार ,कौशल नरेश तिवारी के साथ हजारों लोगो ने कथा का रसपान किया।

## लाखों की चोरी ,नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट, चक्कर काट रहा फरियादी

जगदीशपुर ,अमेठी। तीन दिनो पूर्व हुई लाखो की चोरी की रिपोर्ट ना दर्ज होने के चलते फरियादी थाने का चक्कर काट रहा है जहां चोरो के हौसले बुलंद हैं तो वहीं ग्रामीण दहशतजदा है ।थानाक्षेत्र के अंतर्गत अलमापुर गांव निवासी विजय यादव के यहां तीन दिन पूर्व रात के समय अज्ञात चोरो ने धावा बोलकर उस समय घटना को अंजाम दिया जब घर के लोग गहरी नींद मे सो रहे थे घर मे घुसकर चोरो ने सोने के हार,कंगन,अंगूठी, चैन,माथबेंदी, टीका, चांदी की करधन, बिछिया, पायल आदि सोने चांदी के कीमती लाखों के जेवरात, बारह हजार नगदी समेत अन्य सामान चुराकर चंपत हो गए सो रहे परिवारी जनो की आंखे तब खुली जब चोर सामान लेकर दूर निकल चुके थे भुक्तभोगी ने बताया कि घटना की तहरीर थाने मे देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा मात्र इतना जरूर किया कि घटनास्थल का निरीक्षण करके चोरो के पता लगाने की बात कहकर पुलिस ने अपना पल्ला झाड लिया कार्यवाई ना होने व चोरो का पता ना चलने के कारण ग्रामीणो मे दहशत व्याप्त है ।इस संबंध मे प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है मामला संदिग्ध लग रहा है फिलहाल जांच की जा रही है यदि मामला सत्य पाया गया तो कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## बुजुर्ग ने नाबालिग से किया अप्राकृतिक कुकर्म, वीडियो वायरल

अमेठी ।मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई जहां एक बुजुर्ग ने गांव के ही एक बच्चे से अप्राकृतिक कुकर्म करवाया. बुजुर्ग की अश्लीलता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसके बाद पुलिस ने बच्चे की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है ।जिले के रामगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में बच्चे को दुकान के पास बुलाकर बुजुर्ग ने अप्राकृतिक कुकर्म का मामले सामने आया है. बुजुर्ग के अप्राकृतिक कुकर्म करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वहीं पूरे मामले को लेकर बच्चे की मां ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के 70 वर्षीय बुजुर्ग रामसेवक पर आरोप लगाया कि उसके बेटे को अकेले में ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक कुकर्म करने लगा. इसी बीच पता चला कि किसी ने पूरे मामले का वीडियो भी वायरल कर दिया. वीडियो में गुमटी दुकान के पास एक अधूरे मकान के सामने तख्त पर बैठ बुजुर्ग बच्चे से अप्राकृतिक कुकर्म करता हुआ नजर आ रहा है। किसी ने दूर से पूरा वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया ।वहीं पूरे मामले पर अमेठी क्षेत्राधिकारी मनोज मिश्र ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है. बच्चे के मां की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है, आरोपी बुजुर्ग को गिरफ्तार भी कर लिया गया है. पूरे मामले की जांच हो रही है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी ।

## किशोरी के साथ युवक ने की छेड़खानी

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। शौच के लिए घर से बाग की तरफ जा रही एक किशोरी के साथ छेड़खानी करते हुए किशोरी एवं उसकी मां को मारा पीटा, जिससे उनको काफी चोट आई। पुलिस ने मामले में पांच लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी शनिवार को शाम लगभग पांच बजे घर से शौच के लिए अकेले बाग की तरफ जा रही थी। रास्ते में ही गांव का एक युवक पहले से ही घात लगाए बैठा था। आरोप है कि किशोरी को देखते ही वह उसके ऊपर झपट पड़ा और अश्लील हरकतें करते हुए छेड़खानी शुरू कर दी। किशोरी के विरोध करने पर उसे पटक पटक कर डंडे से मारा पीटा एवं कपड़े फाड़ दिए। हल्ला गुहार पर बीच बचाव करने पहुंची किशोरी की मां को भी युवक एवं उसके परिजनों ने मारा पीटा। जिससे मां बेटी को काफी चोट आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अमर बहादुर, बीकू, निर्मला, सोनी एवं बीकू के नाती के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

## समस्याओं को लेकर भाकियू ने आयोजित की बैठक, की चर्चा

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी की एक बैठक स्थलीय निरीक्षण गृह के परिसर में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व दिए गए मांग पत्र पर कार्यवाही किए जाने के संबंध में एसडीएम को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार दोस्तपुर प्रदीप कुमार मिश्र को सौंपा। सोमवार को दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पूर्व बैठक में ग्रामीण अंचलों में विद्युत पोलों पर लगे जर्जर तारों को बदलबने एवं खलिहान, घूर गड्ढे तथा चकमार्गों सहित विभिन्न आरक्षित सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से हुए कब्जे को हटाए जाने की मांग की गई थी। जिसमे से अभी तक एक भी मार्ग पर कार्यवाही नहीं की गई। चेतावनी दी गई है कि यदि विभागीय अधिकारी शीघ्र उपरोक्त समस्यायों का निस्तारण नहीं करते हैं तो संगठन आर पार का संघर्ष करने को मजबूर होगा। जिसका संपूर्ण दायित्व प्रशासन का होगा। इस मौके पर प्रांतीय सचिव रामकृपाल सिंह, जिला अध्यक्ष रमाशंकर चैधरी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्रसेन सिंह, तहसील अध्यक्ष अरविंद चैबे, गौरी शंकर पांडेय, राजमणि पाल, कमालुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## नवसृजित थाना चंदापुर में की गई पीस कमेटी की प्रथम बैठक



महराजगंज रायबरेली। आगामी बकरीद के त्यौहार में क्षेत्र के समस्त मुस्लिम भाई आपसी भाईचारा बनाकर मनाएं त्योहार, यदि किसी भी गांव में बिजली पानी या अन्य कोई भी समस्या हो तो थाना चंदापुर के सीयूजी नंबर पर सूचित करें जिसका निस्तारण त्वरित किया जाएगा यह उद्गार आज थाना चंदापुर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी व्यक्ति कर रहे थे। बताते चले कि रायबरेली जिले के न्यायप्रिय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना चंदापुर परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के मुस्लिम भाई व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष चंदापुर प्रशांत द्विवेदी ने कहा कि पीस कमेटी का मतलब यह होता है कि हम सभी क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित होकर अपने-अपने सुझाव दें अपनी-अपनी बात रखें। यदि किसी भी प्रकार की किसी गांव में कोई समस्या हो तो तुरंत सूचित करें जिसका निस्तारण जल्द से जल्द किया जाएगा। वहीं थाना अध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी ने यह भी बताया कि शासन के निर्देश है कि आप सभी लोग बकरीद का त्यौहार मिलजुल कर मनाएं और कुबार्नी को खुले स्थान पर ना करें एवं प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी करना सख्त मना है ऐसा करने वाले व्यक्ति पर कड़ी से कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

संक्षेप

## संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत कांग्रेस ने की बैठक

मथुरा। सेठवाड़ा होली गेट स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय में आज संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने बैठक की अध्यक्षता की। जिला संयोजक गिरवर शर्मा ने समन्वय की भूमिका निभाई। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए कई निर्णय लिए गए। प्रत्येक रविवार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक नियमित बैठक होगी। सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि संगठन को हर स्तर पर सक्रिय करना उनका लक्ष्य है।

साप्ताहिक बैठकें संगठन के लिए नई ऊर्जा का स्रोत बनेंगी। वरिष्ठ नेता मनोज गौड़ ने कहा कि कार्यकताओं को विचार, संकल्प और संगठनात्मक अनुशासन से जुड़ना जरूरी है। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद, पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। शहरी और ग्रामीण कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई और सेवादल के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। सभी ने संगठन को मजबूत और जनोन्मुखी बनाने का संकल्प लिया।

# मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर अंकुर को लगी गोली, गिरफ्तार



जिला संवाददाता

मथुरा। थाना जैंत पुलिस की चैकिग के दौरान हिस्ट्रीशीटर से मुठभेड़ हो गई। खुद को घिरते देख हिस्ट्रीशीटर ने पुलिस टीम पर फायर करना शुरू कर दिए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से वो घायल हो गया। आरोपी को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दिल्ली के थाना गोविन्दपुरी में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज है।

सीओ सदर संदीप कुमार सिंह ने बताया कि जैंत पुलिस मघेरा चैराहे पर चेकिंग कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चैकिंग के दौरान अपाचे सवार अंकुर भारद्वाज को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही आरोपी ने फयरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने उसे घेर लिया। पुलिस की गोली उसके पैर में लगी, जिसके बाद वो जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल बदमाश के कब्जे से तमंता, तीन कारतूस और मोबाइल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ अलग अलग थाना क्षेत्र में कुल 11 मुकदमा दर्ज हैं। मुठभेड़ टीम में थाना प्रभारी जैंत अश्वनी कुमार, एसएसआई महावीर सिंह, राल चैकी प्रभारी मोमराज सिंह, छटीकरा हल्का प्रभारी नरेश कुमार भाटी, रामदेव शर्मा, सतेंद्र आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण अंचलों में नालों की सफाई अभियान का शुरू



जिला संवाददाता

मथुरा। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने सोमवार बरसात से पहले ग्रामीण अंचलों में नालों की सफाई का अभियान शुरू किया ताकि बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से बचा जा सके। उन्होंने जेसीबी मशीनों का उपयोग करके नालों को साफ करवाया और यह सुनिश्चित किया कि बारिश का पानी आसानी से निकल सके।

सौंख क्षेत्र के ग्राम पंचायत फोंडर के नगला वर में नालों की सफाई अभियान का शुभारंभ आज जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी के प्रतिनिधि उनके बडे. भाई देवी सिंह (डीएम) ने किया। उन्होंने बताया कि बरसात का मौसम शुरू होने पर बहुत अधिक समय नहीं है। हर साल सौंख गोवर्धन इलाकों में जलभराव होता है और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आज इस अभियान की शुरूआत जेसीबी मशीन द्वारा नालों की सफाई के साथ किया गया है, आगामी समय सभी नालों की सफाई करवा दी जाएगी। आज फोंडर गांव से नगला वर तक के नालों की सफाई जेसीबी से की गई है।

इस दौरान नालों की सफाई अभियान के शुभारंभ अवसर पर महावीर नेताजी, राकेश प्रधान, पुष्पेन्द्र मास्टरजी, होरीलाल आदि सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## गैंगलीडर की गैंगस्टर एक्ट में 15 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की



फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा संगठित होकर गम्भीर अपराधों को अंजाम देने वाले गैंगस्टर अभियुक्तों आदतन अपराधियों पर लगातार की जा रही है धारा 14(1) के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही के अंतर्गत थाना एका पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंगलीडर अभियुक्त रणजीत यादव की मूल्य 15 लाख 08 हजार आठ सौ बहत्तर रुपए की अचल सम्पत्ती को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है।गैंगलीडर अभियुक्त रणजीत यादव अपने अन्य सदस्यों के साथ मिलकर हत्या, बल्वा, लूट, मारपीट तथा अन्य आपराधिक अभित्राष जैसे अपराध कारित करता है।जिस पर जनपद के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।गैंगलीडर अभियुक्त रणजीत यादव द्वारा संगठित अपराध कारित कर हत्या बल्वा, लूट,मारपीट करते हुए अवैध सम्पत्ती अर्जित कर जमीन खरीदी गयी थी।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना टूण्डला पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त बन्डा उर्फ सतीश पुत्र सुरेश निवासी रूधऊ मुस्तकिल थाना टूडला को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## गौशाला का निरीक्षण



फिरोजाबाद। गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकान्त उपाध्याय ने जनपद फिरोजाबाद स्थित मक्खनपुर नवनिर्मित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंशों की देखभाल चारे-पानी की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था एवं गौ आश्रय स्थल गौशाला की संरचना का गहन जायजा लिया। साथ ही उन्होंने गौवंशो की संख्या भूसा हरा-चारा, सीसीटीवी कैमरे ईयर टैगिंग लाइटिंग, पानी शेड गर्मी से बचाव आदि की जानकारी ली और नियमित पशुओं की जांच के निर्देश दिए। और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला की सुविधाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि गौवंशों को उचित देखभाल एवं पोषण मिल सके।

# जवाहरबाग कांड में शहीद दोनों जांबाजों को एसएसपी ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

जिला संवाददाता

मथुरा। जवाहरबाग में 2 जून 2016 को हुई हिंसक घटना को 9 साल पूरे हो गए हैं। इस दिन उद्यान विभाग की जमीन से अतिक्रमण हटाने गए एसपी सिटी मुकुल द्विवेदी और एसओ फरह संतोष यादव शहीद हो गए थे। जवाहर

> ● जिला उद्यान अधिकारी ने स्मृति स्थल पर अर्पित किए पुष्प, मनायी पुण्यतिथि

बाग कांड मथुरा में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध जनहित में अपने प्राण न्यौछावर कर शहीद हुये मथुरा पुलिस के दो जांबाज अधिकारियों (तात्कालीन पुलिस अधीक्षक नगर मथुरा मुकुल द्विवेदी व थानाध्यक्ष थाना फरह सन्तोष यादव) की पुण्यतिथि पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार सिंह ने अन्य अधिकारी/कर्मचारियों संग अमर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया व मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। वहीं जिला उद्यान अधिकारी



मनोज कुमार ने अपने स्टाफ के साथ दोनों शहीद अफसरों के स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एसपी मुकुल द्विवेदी की पत्नी अर्चना द्विवेदी हर साल यहां आकर श्रद्धा सुमन अर्पित करती हैं, लेकिन इस बार वह किन्ही कारणों के चलते नहीं आ सकीं।विदित रहे कि घटना के दिन पुलिस टीम जब जिला कारागार की तरफ से जवाहरबाग पहुंची, तभी कथित सत्याग्रहियों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में एसपी मुकुल द्विवेदी और एसओ संतोष यादव को गोली लग गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। कथित सत्याग्रहियों ने आगजनी शुरू कर दी। करीब 3 घंटे तक चली इस हिंसक झड़प में दो पुलिस अधिकारियों की शहादत के अलावा 40 पुलिसकर्मी घायल हुए। इस घटना में 27 कथित सत्याग्रहियों की भी मौत हो गई। आज जवाहरबाग की सूरत बदल चुकी है। लोग यहां टहलने आते हैं।

## सीआरपीएफ के एडीजी और आईजी पहुंचे जन्मभूमि



मथुरा। सीआरपीएफ के एडीजी और आईजी ने आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था परखी। निरीक्षण के बाद एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर परिसर एवं उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेत सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान सुरक्षा संबंधी विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई एवं संभावित चुनौतियों से निपटने हेतु समन्वित रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। उच्चाधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षाकर्मियों के कार्य की सराहना की और सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, भविष्य में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने पर बल दिया गया।

## पिता-पुत्रों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत

टूंडला। दुकान जा रहे बाइकसवार पिता-पुत्रों को ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में एक पुत्र की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पिता गंभीर घायल व भाई घायल हो गया। पीड़ित ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव वैशपुरा निवासी बंटू कुमार अपने भाई नरेंद्र कुमार व पिता अशोक कुमार के साथ सोमवार सुबह आठ बजे बाइक से फिरोजाबाद के ककरऊ कोठी स्थित अपनी दुकान जा रहे थे। बाइकसवार तीनों पिता-पुत्र गांव छिकाऊ के निकट पहुंचे थे। तभी सामने से तेजगति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नरेंद्र कुमार व पिता अशोक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए व बंटू कुमार की मामूली चोटें आईं हैं। राहगीरों व घायल भाई बंटू कुमार अपने पिता-भाई को फिरोजाबाद स्थित सरकारी अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सकों ने ज्यादा गंभीर होने पर आगरा सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया। आगरा सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने नरेंद्र कुमार 20 को मृत घोषित कर दिया। पिता अशोक कुमार की हालत ज्यादा गंभीर है। मृतक नरेंद्र कुमार दो साल पहले शादी हुई थी। वो अपने पीछे एक साल की बेटी दुर्गे को रोता-बिलखता छोड़ गया है। भाई बंटू कुमार ने ट्रक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सोशल मीडिया पर तमंचा लहराने वाले बीएस गैंग के चौथे अभियुक्त को गिरफ्तार किया

टूंडला। थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा बीसएस गैंग का असलाधारी एक और अभियुक्त अभिषेक उर्फ टिल्ला को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया गया है।इससे पूर्व थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा अवैध असलहों संग वायरल वीडियो के आधार पर बीएस गैंग के 03 सदस्यों अभियुक्तों को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। थाना मटसेना क्षेत्रान्तर्गत अवैध असलहों संग एक वीडियो वायरल हुआ था,वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना मटसेना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा वीडियो के आधार पर बीएस गैंग के दो अभियुक्तों ऊदर पुत्र जयवीर निवासी सटकई थाना मटसेना एवं अविनाश उर्फ बीटू पुत्र भारत सिंह निवासी सटकई थाना मटसेना को



गिरफ्तार किया गया था जिसमें अभियुक्त ऊदल के कब्जे से एक तमंचा मय दो जिन्दा कारतूस व दूसरे अभियुक्त अविनाश से एक तमंचा मय दो जिन्दा कारतूस बरामद हुआ था। इसी क्रम में एक और अभियुक्त सतेन्द्र पुत्र जयपाल सिंह निवासी सटकई थाना मटसेना फिरोजाबाद को एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी थी। वीडियो के आधार पर गिरफ्तारी के क्रम में थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा सोमवार को बीएस गैंग के एक और सदस्य चौथे आरोपी अभिषेक उर्फ टिल्ला पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम सटकई थाना मटसैना फिरोजाबाद को ग्राम जलालपुर मार्ग से जाने वाले कच्चे चकरोड से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।आरोपी की उसके साथियों के साथ विगत कई दिनों से सोशल मीडिया पर अवैध असलाहों के साथ फोटो व वीडियो वायरल हो रहे थे। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर बरामद नाजायज असलाह के सम्बन्ध में आयुध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

बहराइच। प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच ने बताया कि प्रवेश सत्र 2025 से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र में एन.सी.वी.टी. एवं एस.सी.वी.टी. पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चयन/प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ हो गयी है।

सत्र अगस्त 2025 में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट एससीवीटीयूपी डाट इन पर 05 जून 2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी की आयु 01 अगस्त 2025 को 14 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। सामान्य/पिछड़ा वर्ग हेतु रू. 250=00 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए रू. 150=00 आवेदन शुल्क निर्धारित है। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रवेश हेतु अलग-अलग व्यवसायों के लिए न्यूनतम शैद्विक योग्यता कक्षा 08 एवं हाईस्कूल निर्धारित है।

## कबाड़ गोदाम में लगी भयंकर आग, लाखों की क्षति



मथुरा। सौंख रोड स्थित राधिका विहार फेज-दो में हाईवे प्लाजा के पीछे एक कबाड़ गोदाम में सोमवार तड़के आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें देख लोगों में अफरातफरी मच गई। सूचना पर अग्निशमन की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। छह घंटे की मशक्कत के बाद कर्मियों में आग पर काबू पाया। आग से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। बताया जाता है कि कोतवाली के सौंख रोड स्थित राधिका विहार फेज. दो में हाईवे प्लाजा के पीछे रघुनाथ कुमार का कबाड़ का गोदाम बना हुआ है। इसमें रद्दी, गट्टा, कागज, प्लास्टिक आदि कबाड़ा भरा हुआ था। सोमवार तड़के तीन बजे गोदाम में अचानक आग लग गई। रद्दी और कागज में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की ऊंची लपटें देख आसपास लोगों में अफरातफरी मच गई। लोगों ने अग्निशमन को सूचना दी। अग्निशमन अधिकारी विनोद कुमार चार गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का रेस्क्यू शुरू किया। सुबह करीब साढ़े नौ बजे तक कर्मियों ने आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है।

## ओवरब्रिज के नीचे बना यू-टर्न जाम का मुख्य कारण, राहगीर परेशान




टूंडला। सुभाष चौराहा पर एनएचएआई द्वारा सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही प्रशासन चौराहे पर लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, परंतु ओवरब्रिज के नीचे बनाए गए यू-टर्न राहगीरों के लिए गले की फांस बनते नजर आ रहे है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने तहसील प्रशासन की मदद से सुभाष चौराहे पर सौंदर्यीकरण का कार्य करा रहा है। साथ ही चौराहे पर लगने वाले भीषण जाम से मुक्ति दिलाए जाने के लिए ओवरब्रिज के नीचे दोनों ओर पूर्वी व पश्चिमी दिशा में यू-टर्न बनाए गए थे, किंतु दोनों तरफ एक-एक यू-टर्न होने के कारण भीषण जाम लग रहा है। वहीं फिरोजाबाद सर्विस रोड पर पशु चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व खंड विकास कार्यालय है। जिसके कारण सर्विस रोड पर भारी भीड़ रहती है। साथ ही अन्य राहगीरों को आने व जाने के लिए एक ही यू-टर्न से गुजरना पड़ रहा है। एक तरफ एक यू-टर्न होने के कारण भीषण लंबा जाम लग रहा। जिससे राहगीरों को भयंकर तपती धूप में जाम में घंटो खडा होना पड़ रहा है।

### महिला की गिरफ्तारी की मांग, एसएसपी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

मथुरा। जनपद में औने-पौने दामों और दबंगई से जमीन कब्जाने वालों में महिलाएं भी पीछे नहीं है।

वृंदावन स्थित गोरे दाऊजी मंदिर की गौशाला पर फर्जी दस्तावेज के आधार पर कब्जा करने वाली महिला के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी तो दर्ज कर ली लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इसे लेकर आज गोरे दाऊजी मंदिर के महंत और संतों ने एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा और वृंदावन पुलिस पर मामले की अनदेखी का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सत्यवती नाम की महिला ने दाऊजी मंदिर की गौशाला की भूमि का फर्जी पट्टा बना लिया और उस पर कब्जा कर लिया। जिसे लेकर गौशाला पक्ष में जब न्यायालय ने गुहार लगाई तो कोर्ट ने उसके विरुद्ध उक्त प्राथमिकी के आदेश जारी कर दिए।

# वृंदावन टीएफसीः मंडलायुक्त और डीआईजी ने गोस्वामियों संग की बैठक

जिला संवाददाता

मथुरा। वृंदावन में बिहारी जी कॉरिडोर और मंदिर न्यास को लेकर गोस्वामीजनों के विरोध के बीच सोमवार को मंडलायुक्त के नेतृत्व में अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ बैठक की। उनका पक्ष सुना और कॉरिडोर की आवश्यकता के साथ उससे होने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

मण्डल आयुक्त आगरा शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज वृंदावन स्थित पर्यटक सुविधा केंद्र में बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर बैठक हुई। जिसमें डीआईजी शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, एमवीडीए उपाध्यक्ष एसबी सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जग प्रवेश, एसपी सिटी सहित, पार्षद, श्रीबांके बिहारी मंदिर के आस पास के




व्यापारी, मंदिर के सेवायत तथा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बैठक में श्रीबांके बिहारी कॉरिडोर से संबंधित लोगों के सवालों, उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को सुना गया। एमवीडीए उपाध्यक्ष एस बी सिंह ने श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर योजना की पूरी जानकारी देते हुए पार्षदों, सभासदों और व्यापारियों की आशंकाओं का समाधान किया, साथ ही इस संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय में चल रही कार्यवाही से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने सभी के सवालों का जवाब दिया। बैठक के अंत में आयुक्त महोदय ने सभी को आश्वस्त किया कि बैठक में रखी गई समस्या को संज्ञान में लेकर एवं रखे गए सुझावों पर विचार कर उचित समाधान का रास्ता निकाला जाएगा। सभी को उचित मुआवजा की दिया जाएगा। वहीं डीआईजी ने भी आश्वस्त किया कि श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण में किसी का भी अहित नहीं होने दिया जाएगा।

## वृंदावन में 24 प्रोजेक्ट पर 2.5 हजार होंगे खर्चः आयुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह

मीडिया से रूबरू हुआ होते हुए आयुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से श्रीबांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर योजना में कार्यवाही को लेकर जो आदेश मिला है, उस पर प्रयास चल रहा है।

स्थानीय लोगों से वार्ता की गई है, बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से सकारात्मक माहौल में वार्ता संपूर्ण हुई है।

इस योजना में विस्थापित होने वाले लोगों को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। वृंदावन में 24 प्रोजेक्ट पर 2.5 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे, जो कॉरिडोर में सम्मिलित है।

निश्चित रूप से क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। कॉरिडोर का निर्माण होने के बाद यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी जिससे पर्यटन व्यापार बढ़ेगा। इस विकास से क्षेत्रीय लोगों, श्रद्धालुओं को फायदा होगा।

## जंक्शन पर आरपीएफ की वर्दी पहनकर घूम रहा युवक पकड़ा



मथुरा। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर चैकिंग के दौरान रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक युवक को आरपीएफ की वर्दी पहनकर संदिग्ध हालात में घूमते हुए पकड़ा है। आरपीएफ उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह टीम के साथ स्टेशन पर नियमित चेकिंग कर रहे थे, तभी प्लेटफार्म संख्या 02-03 पर बने ओवरब्रिज के नीचे आरपीएफ की वर्दी में एक युवक संदिग्ध स्थिति में नजर आया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम दिलीप पुत्र मिरे पुत्ररामपाल मिरे निवासी मोह गांव थाना पंडिरिया जिला कमरधा छत्तीसगढ बताया। इससे कड़ाई से पूछताछ की गयी तो इसने बताया कि ट्रेन में सफर करते समय किराया बचाने के उददेश्य से उसनी आपीएफ की वर्दी बनवाई थी जिसे पहनकर वह यात्रा कर रहा था। इसने खुद आरपीएफ का फर्जी पहचान पत्र मोबाइल फोन में तैयार कर प्रिंट निकलवा लिया जिसका यात्रा के दौरान वह उपयोग करता था। फिलहाल आरपीएफ ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

संक्षेप

## मेकमायट्रिप का सीट अवेलेबिलिटी फोरकास्ट फीचर लॉन्च

नई दिल्ली। भारत में रिजर्व्ड ट्रेन टिकट यात्रा से 60 दिन पहले बुक किए जा सकते हैं। लेकिन, ज्यादातर लोग अपनी यात्रा की योजना अक्सर बाद में बनाते हैं। मेकमायट्रिप के डेटा से पता चलता है, कि लगभग 40% लोग कई बार और कई दिनों तक कोशिश करके टिकट बुक करते हैं। इनमें से करीब 70% लोगों को वेटिंग लिस्ट वाले टिकट लेना पड़ता है, क्योंकि उनका प्लान पक्का होने तक कन्फर्म सीटें खत्म हो जाती हैं। रेल यात्रियों को बेहतर योजना बनाने में मदद करने के लिए, मेकमायट्रिप ने सीट अवेलेबिलिटी फोरकास्ट फीचर पेश किया है, जिससे यह पता चल सकता है कि किसी चुनिंदा ट्रेन की सीटें कब तक बिक सकती हैं। यह फीचर वर्षों के ऐतिहासिक बुकिंग डेटा और वास्तविक समय में मांग के संकेतों को मिलाकर बनाए गए आधुनिक मॉडलों पर आधारित हैं। डिमांड पैटर्न में हर हफ्ते काफी बदलाव आता है, जिससे कन्फर्म बुकिंग की समय-सीमा बदलती रहती है।

## वेस्टीज ने सशक्तीकरण के सफर के 21 साल पूरे किये

नई दिल्ली। वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने लोगों के जीवन को सशक्त बनाने के अपने सफर के 21 साल पूरे कर लिए। इस मौके पर त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में जश्न मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान न केवल वेस्टीज के उद्यमिता के सफर के दो दशक से अधिक समय का जश्न मनाया गया, बल्कि अपने प्रमुख उद्देश्यों: संपूर्ण कल्याण को सक्षम बनाने, आत्म निर्भरता और भारत एवं अन्य देशों में लाखों लोगों की वित्तीय आजादी को लेकर कंपनी की अथक प्रतिबद्धता भी सामने आई। लोगों को अपनी शर्तों पर वित्तीय आजादी के साथ जीवन जीने में मदद करने के लक्ष्य के साथ वेस्टीज ने एक अनूठा इकोसिस्टम तैयार किया है, जिससे महत्वाकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने में मदद मिलती है।

## इमार्टिकस लर्निंग खोलेगी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

लखनऊ। इमार्टिकस लर्निंग, उत्तर प्रदेश के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार कौशल से सशक्त बनाने और शिक्षा और उद्योग के बीच एक मजबूत संबंध को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज परिसरों में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगी। कंपनी द्वारा कौशल में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करने और टियर 2 और 3 शहरों में नए युग के करियर के अवसरों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित एक शिक्षाविद् शिखर सम्मेलन के दौरान यह घोषणा की गई। इस शिखर सम्मेलन में लखनऊ, कानपुर, अयोध्या और वाराणसी सहित राज्य भर के प्रमुख डिग्री कॉलेजों के प्रिंसिपल और अन्य प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया।

## ब्रांड कैंपेन फोर्सेस ऑफ त्यानी का अनावरण

बंगलुरू। त्यानी ज्वेलरी बाय करण जोहर ने अपने नए ब्रांड कैंपेन फोर्सेस ऑफ त्यानी का अनावरण किया है। इस कैंपेन के तहत अभिनेत्री शेफाली शाह को इस सीरीज की पहली ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पेश किया गया है। यह कैंपेन कंपनी के लिए एक नया और आत्मविश्वास से भरा अध्याय शुरू कर रहा है। इस अभियान में 10 से अधिक अलग-अलग और विशिष्ट व्यक्तित्वों को ब्रांड एम्बेसडर के रूप में शामिल किया जाएगा। फोर्सेस ऑफ त्यानी हमारे ब्रांड फिलासोफी के केंद्र में है ईंडिविजुअलिटी के जश्न से पुनर्परिभाषित किया जाना चाहिए।

## बींग ह्युमन क्लोदिंग का एसएस25 कैंपेन लॉन्च

मुंबई। बींग ह्युमन क्लोदिंग ने अपने एसएस25 कैंपेन का लॉन्च किया है, जो सजग जीवनशैली, वास्तविक कहानियों एवं बिंदास विकल्पों का जश्न है। फैशन को अधिक उद्देश्यपूर्ण बनाने के मिशन के साथ एसएस25 एक सजग कंपनी बनने की बींग ह्युमन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बींग ह्युमन का नया कलेक्शन 100 फीसदी फेयरट्रेड, ओर्गेनिक एवं रीसायकल्ड कॉटन का संयोजन है, इसमें रीसायकल्ड पीईटी बोतलों से बनी डेनिम शामिल हैं। ये मटीरियल पर्यावरण के प्रति सजग फैशन और जिम्मेदाराना मैनुफैक्चरिंग के लिए ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## महिंद्रा थार रॉक्स में डॉल्बी एटमॉस प्रदान करेगा मनोरंजन का बेहतर अनुभव

नई दिल्ली। डॉल्बी लैबोरेटरीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने मिलकर आज महिंद्रा थार रॉक्स एएक्स7एल वैरिएंट में डॉल्बी एटमॉस पेश किया। एसयूवी में 4 चैनल के साथ डॉल्बी एटमॉस इमर्सिव ऑडियो देने वाला पहला इनोवेशन है। थार रॉक्स एसयूवी में एंटरटेनमेंट के अनुभव को बदल रही है। डॉल्बी एटमॉस आपके हर सफर को बेहतर बनाकर अतुलनीय डेप्थ और रियलिज्म के साथ साउंड का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है।

# सेंसेक्स में 77 अंकों की गिरावट




मुंबई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में भी सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 77 अंक टूट गया। वैश्विक व्यापार को लेकर ताजा चिंता से दुनिया के अन्य बाजारों में गिरावट का रुख रहा जिसका असर घरेलू बाजार पर भी दिखा। इसके अलावा, रूस-यूक्रेन युद्ध, ब्रेंट क्रूड के दाम में तेज वृद्धि और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स एक समय 796.75 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, बाद में इसमें कुछ सुधार आया और अंत में यह 77.26 अंक के नुकसान के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 34.10 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,716.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 224.55 अंक टूट गया था। जून में अस्थिर शुरुआत के साथ मानक सूचकांक मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिका के इस्पात और एल्युमीनियम पर शुल्क को दोगुना कर 50 प्रतिशत करने की घोषणा के बाद नये व्यापार तनाव के कारण बाजार में सतर्क रुख देखने को मिला और कारोबार सीमित दायरे में रहा। जनवरी-मार्च, 2025 तिमाही में आश्चर्यजनक रूप से मजबूत जीडीपी वृद्धि के बाद सकारात्मक घरेलू संकेतों के बावजूद, व्यापार और युद्ध तक की बिगड़ती स्थिति की खबरों से सुबह बाजार काफी नीचे आ गया। उन्होंने कहा कि हालांकि, आरबीआई की इस सप्ताह होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में कटौती की उम्मीद के कारण बाजार में गिरावट सीमित रही। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।

मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 0.58 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप सूचकांक 0.36 प्रतिशत के लाभ में रहा। एशियाई बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में रहा। चीन में अवकाश के कारण बाजार बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख रहा।

# सोना 330 रुपये बढ़कर 98,930 रुपये पर और चांदी भी 100 रुपये मजबूत



नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बाद सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 330 रुपये बढ़कर 98,930 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

इससे पहले शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसके साथ ही 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इससे पहले के कारोबारी सत्र में यह 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा चांदी की कीमत 100 रुपये बढ़कर 100,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुई। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 59.21 डॉलर प्रति औंस यानी 1.80 प्रतिशत बढ़कर 3,348.61 डॉलर प्रति औंस हो गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की योजना की घोषणा के बाद बढ़ती अनिश्चितता के बीच सोने की कीमतों में तेजी आई है। यह शुल्क चार जून से प्रभावी होगी। मेहता ने कहा कि भू-राजनीतिक मोर्चे पर, रूस-यूक्रेन के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और पश्चिम एशिया में संघर्ष ने भी सोने की कीमतों को बढ़ाया है। निवेशक अमेरिकी के मई के आईएसएम मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स एंड इंडेक्स (पीएमआई) रिपोर्ट पर नजर रखेंगे, जिसे दिन के उत्तरार्द्ध में जारी किया जाना है। कारोबारी अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की टिप्पणी का भी इंतजार करेंगे।

## कॉरपोरेट दिवाला प्रक्रिया से संबंधित संशोधनों को आईबीबीआई ने किया अधिसूचित

नयी दिल्ली। आईबीबीआई ने कॉरपोरेट दिवाला प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधनों को अधिसूचित कर दिया है।

जिसका उद्देश्य प्रक्रियाओं को कारगर बनाना, लेनदारों के हितों की रक्षा करना और समाधान प्रक्रियाओं में अधिक निवेशक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 26 मई को कॉरपोरेट इकाइयों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया से संबंधित चौथे संशोधन विनियम, 2025 को अधिसूचित किया। इस संशोधन के महत्वपूर्ण बदलावों में कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) की मंजूरी के साथ समाधान पेशेवरों को न केवल पूरे कॉरपोरेट देनदार के लिए बल्कि व्यक्तिगत परिसंपत्तियों या दोनों के संयोजन के लिए भी अभिरुचि पत्र आमंत्रित करने की अनुमति देना शामिल है। आईबीबीआई ने कहा कि दोनों समूहों के लिए आवेदनों को सक्षम बनाने से समाधान प्रक्रिया समयसीमा में कमी ला सकती है, व्यवहार्य खंडों में मूल्यह्रास को रोक सकती है और व्यापक निवेशक भागीदारी को प्रोत्साहित कर सकती है। विनियमों ने चरणों में निष्पादित समाधान योजनाओं के तहत भुगतान के लिए रूपरेखा को भी संशोधित किया है।

# रुपया 16 पैसे बढ़कर 85.39 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे की मजबूती के साथ 85.39 (अस्थायी) पर बंद हुआ। डॉलर के कमजोर होने तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में आगे और कटौती किये जाने की उम्मीद से रुपये में यह तेजी रही।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, अस्थिर शेयर बाजारों, विदेशी कोषों की निकासी और कच्चे तेल की उंची कीमतों के कारण रुपये में तेज बढ़त पर रोक लग गयी। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अपनी अगली द्विमासिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और इसके नतीजों की घोषणा छह जून यानी शुक्रवार को करेगी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.55 पर खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 85.30 के उच्च स्तर तथा 85.55 के निचले स्तर के बीच रहने के बाद के अंत में 85.39 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 16 पैसे की तेजी है। शुक्रवार को रुपया डॉलर के मुकाबले सात पैसे गिरकर 85.55 पर बंद हुआ था। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से रुपये पर दबाव बढ़ा है। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 3.44 प्रतिशत बढ़कर 64.94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कारोबारी अमेरिका के व्यक्तिगत व्यय खपत (पीसीई) मूल्य सूचकांक और व्यक्तिगत आय के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं। डॉलर-रुपया हाजिर मूल्य 85.30 रुपये से 86 रुपये के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, विश्व की छह प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला, डॉलर सूचकांक 0.55 प्रतिशत घटकर 98.71 पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस्पात और एल्युमीनियम के आयात पर शुल्क दोगुना करके 50 प्रतिशत करने की योजना की घोषणा के बाद व्यापार अनिश्चितता के कारण डॉलर में गिरावट आई।

# रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक शोध रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) शुक्रवार को अपनी मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में आधा प्रतिशत की भारी कटौती कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऋण चक्र को फिर से बहाल करने और अनिश्चितताओं का मुकाबला करने के लिए ऐसा किया जा सकता है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को बैठक में लिए गए निर्णय की घोषणा करेगी। केंद्रीय बैंक ने फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे यह घटकर छह प्रतिशत पर आ गई है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने अपनी अप्रैल की नीति में रुख को तटस्थ से बदलकर उदार करने का भी फैसला किया था। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की शोध रिपोर्ट - एमपीसी बैठक की प्रस्तावना - 4-6 जून, 2025 में कहा गया है, हमें जून की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में आधा प्रतिशत कटौती की उम्मीद है, क्योंकि बड़ी दर कटौती अनिश्चितता का मुकाबला करने के काम आ सकती है।

# कोल इंडिया का उत्पादन 6.35 करोड़ टन



नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन मई महीने में सालाना आधार पर 1.4 प्रतिशत घटकर 6.35 करोड़ टन रहा है।

कोल इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में कंपनी का कोयला उत्पादन 6.44 करोड़ टन था। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों यानी अप्रैल-मई में भी कंपनी का कोयला उत्पादन घटकर 12.56 करोड़ टन रह गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 12.62 करोड़ टन था। कोयला खदानों से आपूर्ति किए जाने वाले कोयले का उठान भी मई में 7.8 प्रतिशत घटकर 6.4 करोड़ टन रह गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में यह 6.94 करोड़ टन था। अप्रैल-मई की अवधि में कोयले की आपूर्ति भी घटकर 12.85 करोड़ टन रही जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 13.37 करोड़ टन थी। कोल इंडिया लिमिटेड का घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान है। इसने वित्त वर्ष 2024-25 में 78.11 करोड़ टन कोयला उत्पादन किया था जो उसके वार्षिक लक्ष्य से लगभग सात प्रतिशत कम था। कोल इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में 87.5 करोड़ टन उत्पादन और 90 करोड़ टन आपूर्ति का लक्ष्य रखा है।

## बिस्सेल की ब्रांड अम्बेसडर बनी करीना कपूर खान

नई दिल्ली। बिस्सेल ने आज करीना कपूर खान को भारत में अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। करीना, बिस्सेल‍के उस वादे का प्रतीक हैं जो एक स्वच्छ, सहज और स्मार्ट जीवनशैली को दशार्ता है। इस साझेदारी के जरिए, ब्रांड का उद्देश्य भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति और गहराई से स्थापित करना है, जहां वह आधुनिक भारतीय घरों के लिए अत्याधुनिक क्लीनिंग समाधान पेश कर सके। करीना आज के भारतीय उपभोक्ता का प्रतिनिधित्व करती हैं जो समझदार है, आगे की सोच रखती है और अपने घर को स्वस्थ और सजीव बनाने के लिए समर्पित है। उनकी क्वालिटी के प्रति निष्ठा और सहज आकर्षण बिस्सेल के दृष्टिकोण से पूरी तरह मेल खाता है। हम उन्हें बिस्सेल परिवार में शामिल कर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक 30 हजार अरब अमेरिकी डॉलर के करीब होगी: अमिताभ कांत



नयी दिल्ली। जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत ने सोमवार को कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल चार हजार अरब डॉलर की है और 2047 तक इसके 30 हजार अरब डॉलर के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि देश को युवा आबादी का भी लाभ मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक सत्र में उन्होंने यह बात कही। कांत ने कहा कि अधिक युवा आबादी है। दुनिया के पश्चिमी हिस्से की अधिकतर आबादी बुजुर्ग हो रहा है और जापान की (अधिकतर आबादी) पहले ही बूढ़ी हो चुका है, यहां तक कि चीन की (अधिकतर आबादी) भी बूढ़ी हो रही है। भारत की अधिकतर आबादी की उम्र सिर्फ 28 वर्ष साल है और जब हमारे देश को (आजाद हुए) 100 साल हो जाएंगे, तब भी औसत आयु 35 वर्ष होगी। उन्होंने कहा कि 2047 में देश की अर्थव्यवस्था 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब होगी। देश 4,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था है और हाल ही में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। कांत ने टिकाऊ शहरीकरण पर जोर देते हुए कहा कि देश में करीब 50 लाख लोग शहरीकरण की प्रक्रिया में शामिल होंगे और भारत में 500 नए शहर बनाने की जरूरत होगी। आपको अगले पांच दशक में दो नए अमेरिका बनाने की जरूरत है। आपको भारत में हर पांच साल में एक शिकॉगो (अमेरिका का शहर) बनाने की जरूरत है। यही भारत के लिए चुनौती है। कांत ने साथ ही कहा कि भारत 400 हवाई अड्डे बनाने की महत्वाकांक्षा रखता है। देश में अभी 150 से अधिक चालू हवाई अड्डे हैं आपको बेहतरीन हवाई अड्डों, बेहतरीन विमानन कंपनियों की जरूरत है, आपको लंबी दूरी की उड़ानें संचालित करने की जरूरत है।

## पेज एक का शेष

### अपराधियों के

अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित होगा कि नागरिकों की आवाज सुनी जाए और उसका तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति बिल्कुल भी सहनशीलता नहीं बरती जाएगी। हम हर कीमत पर कानून का शासन को बनाए रखेंगे। राज्य के हर हिस्से में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। डीजीपी नें कहा कि यूपी में कोविड के बाद से साइबर अपराध नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण खतरे के रूप में उभरा है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने इसकी रोकथाम और पता लगाने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करके जवाब दिया है। साइबर खतरों से आगे रहने के लिए उन्नत तकनीकों का लाभ उठाते हुए इसे समय के साथ और मजबूत किया जाएगा।

डीजीपी राजीव कृष्ण नें कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दी जाने वाली पुलिस सेवाओं के दायरे और वितरण में और सुधार किया जाएगा। हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारी सेवाएँ नागरिकों की जरूरतों के हिसाब से सुलभकुशल और उत्तरदायी हो।

उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े पुलिस बल के रूप में, हमारे कर्मियों के काम को प्रभावित करने वाले प्रशासनिक और कल्याणकारी मुद्दों पर विशेष जोर दिया जाएगा। हम पुलिस कल्याण को प्राथमिकता देंगे।

डीजीपी राजीव कृष्ण नें पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पुलिसिंग के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कई प्रतिभाशाली पुलिस अधिकारी व कर्मी है। उनके कौशल और ज्ञान की पहचान की जाएगी और सभी लक्ष्यों को बेहतर बनाने के लिए उनका उपयोग किया जाएगा। जिससे बल के भीतर उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

### भारत के

कहा नया भारतीय विमान अधिनियम वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप है। इसके साथ एक सुव्यवस्थित नियामकीय ढांचा, अनुपालन में सुगमता और सरल कर व्यवस्था है। यह सब प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश अवसर का प्रदान करता है।

भारत में पिछली आईएटीए की सालाना आम बैठक 42 साल पहले 1983 में आयोजित की गई थी। इस बार की बैठक में 1,600 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए हैं जिनमें शीर्ष वैश्विक विमानन उद्योग के प्रमुख, सरकारी अधिकारी और अंतरराष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले चार दशक में देश में हुए परिवर्तनकारी बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि आज का भारत पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उन्होंने वैश्विक विमानन परिवेश में भारत की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा वैश्विक विमानन परिवेश में भारत न केवल एक विशाल बाजार है, बल्कि नीति, नेतृत्व, नवोन्मेष और समावेशी विकास का प्रतीक भी हैं।

मोदी ने कहा आज, भारत अंतरिक्ष-विमानन के क्षेत्र में एक वैश्विक अगुवा के रूप में उभर रहा है। नागर विमानन क्षेत्र ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक प्रगति देखी है, जिसे हर जगह स्वीकार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के विमानन क्षेत्र को आगे बढ़ाने वाले तीन बुनियादी स्तंभों का जिक्र किया। एक विशाल बाजार, जो केवल उपभोक्ताओं का समूह नहीं, बल्कि भारत के महत्वाकांक्षी समाज का प्रतिबिंब है, एक मजबूत जनसांख्यिकी और प्रतिभा, जहां युवा नवोन्मेषक कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी सफलताएं हासिल कर रहे हैं और एक खुला तथा सहायक नीति परिवेश, जो औद्योगिक विकास को सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है। मोदी ने उड़ान योजना की सफलता का उल्लेख किया और इसे भारतीय नागर विमानन इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय बताया।

### भारत-पराग्वे

में मौजूद हैं। मोदी ने कहा, हम डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, रेलवे, अंतरिक्ष और समग्र आर्थिक साझेदारी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नये अवसर देखते हैं। प्रधानमंत्री ने दक्षिण अमेरिकी व्यापार समूह मर्कोसुर के साथ भारत की तरजीही व्यापार व्यवस्था का भी उल्लेख किया।

### आस्था का सम्मान

बाधित न होने पाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव सभ्यता का विकास नदियों के किनारे हुआ है। हमारी जीवनदायिनी नदियों का पुनरोद्धार आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि गंगा दशहरा पर्व के दृष्टिगत गंगा नदी के घाटों की साफ.सफाई व साज-सज्जा कराई जाए। 4 जून को स्वच्छता कार्यक्रम और 5 जून को सायं आरती तथा अन्य आयोजन सुनिश्चित किए जाएं। घाटों पर स्नान के लिए चिन्हित स्थल निर्धारित किए जाएं। सतर्कता के दृष्टिगत गोताखोरों, पीएसी फ्लड यूनिट, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की तैनाती रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर पौधारोपण कराया जाए। इसमें सांसद, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। वहीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के 11वें संस्करण के। आयोजन की तैयारियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल अनुरूप मास्टर ट्रेनर तैयार कर जिलों में भेजे जाएं। योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सहभागिता होगी, का सीधा प्रसारण सभी स्थलों पर किया जाए। नगर विकास विभाग व ग्राम्य विकास विभाग द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम संचालित किया जाए। योग दिवस से अधिकाधिक नागरिकों को जोड़ने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने यातायात नियमों की अनदेखी को हादसों का मुख्य कारण बताया। रोड इंजीनियरिंग में सुधार, साइनेज, स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अवैध बस/ऑटो स्टैंड तत्काल हटाए जाएं। सड़क दुर्घटनाओं की ऑडिट कराकर जिम्मेदारी तय की जाए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी जनपदों में सिविल डिफेंस इकाई के गठन के निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई प्रणाली की समीक्षा की। अच्छा प्रदर्शन करने वालों की सराहना करते हुए उन्होंने अपेक्षानुसार प्रदर्शन न करने वाले अधिकारियों को सुधार के लिए सख्त निर्देश दिए।

### सड़क हादसों

लौटते वक्त यह हादसा हुआ।

पीलीभीत जिले के सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में तेज गति से गुजर रहे ट्रक ने बाइक सवार सिपाही और उसके साथी को कुचल दिया जिससे दोनों की मौत हो गयी। इस हादसे में सुनगढ़ी कोतवाली में तैनात सिपाही शिवम बालियान (30) और उसके साथ बाइक पर सवार बॉबी चौधरी (25) की मौके पर ही मौत हो गई।

बॉबी नगर के मोहल्ला बाग गुलशेर खां का निवासी था। दुर्घटना के समय सिपाही ड्यूटी करके अपने मित्र के साथ पुलिस लाइन स्थित आवास पर लौट रहा था। हादसे की खबर मिलते ही शहर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक चतुर्वेदी एवं सुनगढ़ी थाना के प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। अधिकारियों ने पत्रकारों को बताया कि मौके से फरार ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार करके उसके ट्रक को जब्त कर लिया है। पुलिस की सूचना पर मृतक सिपाही और युवक के परिजन देर रात यहां पहुंचे। पुलिस की जानकारी के अनुसार, सिपाही शिवम बालियान मूल रूप से सहारनपुर जिले के निवासी थे और उनके पिता हेमंत भी पुलिसकर्मी थे। शिवम को पिता की मौत के बाद नौकरी मिली थी।

### जेईई-एडवांस्ड

का विश्लेषण करना एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों पर ध्यान केंद्रित करना और समय-समय पर ब्रेक लेने को दिया है। उनका कहना है कि सफलता के इन सूत्रों से उन्हें राष्ट्रीय इंजीनियरिंग परीक्षा पास करने में मदद मिली।

### मेरठ : किसान

सूचित किया जाना आवश्यक है।

डीएफओ ने बताया कि वीडियो देखने पर प्रतीत होता है कि सांपों को मारा गया और उन्हें गड्ढे में दबाया गया। प्रारंभिक जांच के अनुसार ये पानी में पाए जाने वाले गैर-विषैले सांप हैं, जो सामान्यतः नालियों आदि में रहते हैं। विभागीय टीम मौके पर है और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है।

### स्वदेशी उत्पादों

कहा कि भारतीय मौसम विभाग द्वारा औसत से अधिक बारिश की संभावना को देखते हुए मानसून पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। नालों की सफाई, पेयजल एवं बिजली आपूर्ति, सड़कों की स्थिति और अस्पतालों की व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं। डेंगू, मलेरिया और कोरोना जैसी बीमारियों से निपटने के लिए भी सतर्कता बरती जाए। मुख्यमंत्री ने जिलों में अवैध रूप से बने आधार कार्ड, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड के खिलाफ सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही सड़कों से अवैध अतिक्रमण हटाने और भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन 1064 को प्रभावी रूप से प्रचारित करने के निर्देश दिए।

### असम में भीषण

सरसों तेल वितरित किया है। एएसडीएमए ने बताया कि इस समय राज्य में 764 गांव जलमग्न हैं और 3,524.38 हेक्टेयर कृषि भूमि क्षतिग्रस्त हो चुकी है। कई जिलों में सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे को बाढ़ ने नुकसान पहुंचाया है।

### यूपी में तेज

व पूर्वी यूपी के ज्यादातर जिलों में बारिश होगी। इस दौरान मेघ गर्जन के साथ वज्रपात और तेज हवाएं चलेंगी। पूर्वी यूपी के कुछ जिलों में भी एक या दो स्थानों पर बारिश हो सकती है। प्रदेश में बारिश का ये सिलसिला 5 जून तक जारी रहेगा। इस के बाद 6 जून से मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम विभाग की मुताबिक उत्तरी-पश्चिमी और दक्षिणी यूपी में बारिश के आसार ज्यादा हैं। पूर्वांचल में भी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, तेज बारिश तो नहीं होगी लेकिन हल्की बारिश के साथ ही हवा तेज चलेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ और आसपास के क्षेत्र में हवा 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है। साथ ही बूंदाबांदी की भी संभावना है। अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं आएगा। उसके बाद अगले 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में अचानक 2-4 डिग्री की गिरावट आएगी और फिर 3-5 डिग्री सेल्सियस तापमान में बढ़ोतरी होगी। 6 जून से भीषण गर्मी का दौर शुरू होने का अनुमान है। चक्रवाती परिसंचरण और पश्चिमी विक्षोभ के चलते बंगाल की खाड़ी व अरब सागर से नमी आ रही है और प्रदेश में बादल बारिश की स्थिति बनी हुई है।

### यूपी के 71

कार्यालय आते है। 253 लोग अपना पता बदलवाने के लिए और 426 लोग अपना नाम में परिवर्तन कराने के लिए आते है। आधार सेवा केंद्र पर नया आधार से लेकर आधार में किसी भी प्रकार नियमों के तहत संशोधन करा सकते है। इसके साथ ही कोई भी आवेदक जिले या प्रदेश से बाहर है और उसे जीवन प्रमाण पत्र के डीएम कार्यालय आना मजबूरी हो जाता है तो ऐसे में आधार में यह सुविधा मिलने जा रही है कि वह अपना फेसलेस सेवा के तहत आधार से अपडेट करा सकता है। इसके लिए आधार कार्डधारक को डीएम कार्यालय पर जाकर अपने जीवित होने का प्रमाण प्रस्तुत करने की कोई जरूरत नहीं होगी।




# अय्यर और पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना



अहमदाबाद। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर यहां आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान अपनी-अपनी टीमों की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का दूसरा अपराध था, जबकि पंड्या पर तीसरी बार अपराध करने के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया पंजाब किंग्स का यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर गति से संबंधित अपराधों के तहत इस सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसमें कहा गया है मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर भी जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि यह आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का तीसरा अपराध था, इसलिए पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। पंजाब किंग्स की अंतिम एकादश में शामिल खिलाड़ियों पर छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत का जुर्माना जबकि मुंबई इंडियंस के बाकी खिलाड़ियों 12 लाख रुपये जुमाना हैं।

# आस्ट्रेलियाई आलराउंडर मैक्सवेल ने वनडे से लिया संन्यास

मेलबर्न। आस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इस 36 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 एकदिवसीय मैच खेले। मैक्सवेल ने वनडे में कुछ यादगार पारियां खेली जिसमें वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ 128 गेंद पर खेली गई 201 रन की पारी भी शामिल है। उन्होंने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से कहा, "मुझे लगा कि मेरा शरीर जिस तरह से परिस्थितियों के अनुकूल प्रतिक्रिया



नहीं कर रहा था, उससे मैं टीम को थोड़ा निराश कर रहा था। मैंने (चयनसमिति के अध्यक्ष) जॉर्ज बेली के साथ अच्छी बातचीत की और उनसे पूछा कि आगे के बारे में उनके क्या विचार हैं। मैक्सवेल ने कहा हमने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप पर चर्चा की। मैंने उनसे कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें सफल हो पाऊंगा। अब समय आ गया है कि आप अन्य खिलाड़ियों के लिए योजना बनानी शुरू करें। मैक्सवेल को हाल में उंगली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग को बीच में ही छोड़ना पड़ा था। उन्होंने कहा, मैं शुरू से कहता रहा हूं कि अगर मुझे लगता है कि मैं अब भी खेलने लायक हूं तो मैं टीम में बना रहूंगा।

## संक्षेप

### महिला हॉकी : अर्जेंटीना ने भारत 2-4 से हराया

रोसारियो ( अर्जेंटीना )। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में अपना अभियान मेजबान अर्जेंटीना से 2-4 से हार के साथ समाप्त किया। कनिका सिवाच ( 11वें और 45वें मिनट ) ने प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत के लिए दो गोल दागे। खेल की शुरुआत तेज़ गति से हुई और पहले क्वार्टर में ही चार गोल हो गए। सोल गुइग्नेट गुनाजू ने पांचवें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके दो मिनट बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत ने 11वें मिनट में कनिका के गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने 13वें मिनट में गोल किया जिससे अर्जेंटीना ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। अर्जेंटीना की तरफ से चौथा गोल 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल ने किया।

### टेनिस : गत चैंपियन अल्काराज चौथे दौर में

पेरिस। गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष एकल के तीसरे दौर में बेन शेल्टन को शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि महिला वर्ग में एलिना स्वितोलिना ने पिछले साल की उपविजेता जैस्मिन पाओलिनी को पराजित किया। दूसरे वरीय और चार बार ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज ने शेल्टन पर तीन घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (8), 6-3, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की। अब क्वार्टरफाइनल में अल्काराज का सामना अमेरिका के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल से होगा। महिला वर्ग में 13वीं वरीय स्वितोलिना ने 2024 की उप विजेता पाओलिनी को 4-6, 7-6 (6), 6-। से हराकर पांचवीं बार रोलां गैरां के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से होगा। स्वियातेक ने 2022 विम्बलडन चैंपियन एलिना रिबाकिना को।-6, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। महिला वर्ग में अन्य क्वार्टरफाइनल में नंबर एक आर्यना सबालेंका का सामना झेंग किनवेन से होगा।

### श्रीहरि ने 200 मीटर में सर्वश्रेष्ठ समय निकाला

नयी दिल्ली। ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में ।:48:66 सेकंड का समय निकालकर सजन प्रकाश के 2021 में निकाले गए ।:49.73 सेकंड के समय को पीछे छोड़ा। नटराज ने इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। तैराकी में किसी समय को राष्ट्रीय रिकार्ड तभी माना जाता है जब उसे राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में हासिल किया गया हो।

### पंजाब ने खुद पहले स्थान पर रहने के लिए तैयार किया है

अहमदाबाद। पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल से पहले कहा कि उनकी टीम ने खुद को दूसरे या तीसरे स्थान पर रहने के लिए नहीं बल्कि पहले स्थान पर रहने के लिए तैयार किया है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स की टीम को पहले क्वालीफायर में आरसीबी से करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन उसने दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की।

# 18 साल का इंतजार खत्म करने उतरेंगे बेंगलुरु व पंजाब

## आईपीएल : कोहली ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया, श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स फाइनल में

एजेंसी

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का 18 साल का इंतजार खत्म करना होगा। सभी की निगाहें हालांकि हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक अपनी टीम को आईपीएल का चैंपियन नहीं बना पाए हैं।

आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन करने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने हजारों प्रशंसक नजर आ सकते हैं। आरसीबी ने अपनी पिछली समस्याओं को पीछे छोड़कर इस बार शुरू से लेकर अंत तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पहले क्वालीफायर में पंजाब को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और उनकी टीम अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होगी। कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। इस



बार उन्हें अन्य खिलाड़ियों का भी अच्छा सहयोग मिला जिसने मुख्य अंतर पैदा किया। इस वर्ष कोहली अकेले ऐसे खिलाड़ी नहीं रहे हैं जिन पर सबका ध्यान केंद्रित रहा है, बल्कि उन्होंने चुपचाप आरसीबी को मजबूत करने का काम किया है। फिल साल्ट ने भारतीय सुपरस्टार का अच्छा साथ देकर आरसीबी को अच्छी शुरुआत दिलाई, जबकि मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा बल्लेबाजी क्रम के भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। टिम डेविड चोटिल होने के कारण आरसीबी के पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए इसलिए यह देखना बाकी है कि वह इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गेंदबाजी में शांत और धैर्यवान जोश हेजलवुड (21 विकेट) ने आरसीबी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है।

मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालीफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर 11 वर्षों के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया।

दस टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है। प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अय्यर का साथ देने के लिए पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विपक्षी खेमे पर आक्रामक हमले भी कर सकते हैं।

# शतरंज : डी गुकेश ने कार्लसन को हराया

स्टावेंजर। मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर उनसे पहली बाजी में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। भारतीय खिलाड़ी की यह नार्वे के दिग्गज खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल शतरंज में पहली जीत है। रविवार की इस जीत से 19 वर्षीय गुकेश 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज कार्लसन और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से केवल एक अंक पीछे हैं। प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी चीन के वेई यी के खिलाफ आर्मागेडन



टाई-ब्रेक में जीत के बाद 7.5 अंकों के साथ हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इस टूर्नामेंट में लगभग सभी छह खिलाड़ियों के पास प्रतिष्ठित खिताब जीतने का मौका है। महिला वर्ग में आर वैशाली ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में कोनेरू हम्पी को हराया।

# एआईयू की डोपिंग उल्लघंन की वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर कायम

नयी दिल्ली। एथलेटिक्स नैतिकता इकाई (एआईयू) ने खुलासा किया है कि डोपिंग उल्लघंन के कारण प्रतिस्पर्धा करने में अयोग्ज्ञ रहे ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों की ताजा वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर बरकरार है। एआईयू ने 31 मई को सूची जारी की है जिसमें भारत के 128 एथलीट शामिल हैं और कीनिया (134) इसमें शीर्ष पर काबिज है। इस सूची में वो खिलाड़ी भी शामिल हैं जो राष्ट्रीय स्तर के मामलों और फैसलों के कारण अयोग्ज्ञ रहे।

कई वर्षों से भारत सबसे अधिक डोपिंग मामलों वाले देशों में शामिल रहा है और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के शीर्ष अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर यही चलन जारी रहा तो देश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। मई में एआईयू ने 14 खिलाड़ियों को प्रतिबंधित किया था जिसमें से पांच कीनिया के और तीन भारत के थे।

# साइकिलिस्टों ने दिया साइकिलिंग को दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संदेश

लखनऊ। साइकिलिंग को दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने हेतु प्रेरित करने के लिए विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में विशेष साइकिलिंग रैली का आयोजन सोमवार को लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन एवं पेडलयात्री साइकिलिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। गोमतीनगर स्थित 1090 चौराहे से शुरू हुई इस रैली में शहर के छह प्रमुख साइकिलिंग क्लबों के सदस्यों सहित 100 से अधिक साइकिलिस्टों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन की शुरूआत डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय (वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन व महासचिव पेडलयात्री साइकिलिंग एसोसिएशन) ने केक काटकर की। रैली 1090 चौराहे से होते हुए गोल्फ क्लब चौराहा, हजरतगंज, केडी सिंह बाबू स्टेडियम और फिर वापसी करते हुए जनेश्वर मिश्रा पार्क पर पूरी हुई। डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने इस दौरान कहा कि साइकिलिंग स्वास्थ्य के साथ-साथ ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी साधन है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सप्ताह में कम से कम चार दिन साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। वहीं लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव अनुराग बाजपेयी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए शहर में साइकिलिंग को एक स्थायी और हरित परिवहन के रूप में प्रोत्साहित करने की बात कही। इस आयोजन में लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन सहित पेडलयात्री साइकिलिंग एसोसिएशन, साइक्लोपीडिया, पैदल पुशर, पैडल प्रो व भवानी साइक्लिंग क्लबों के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी की। वहीं इस दौरान मुख्य रुप से उपस्थित लोगों में अमन बाजपेयी, संजय अग्रवाल, अरुण मौर्य, संदीप जोशी, अशोक, अंकित गुप्ता, सुजाता पॉल, डॉ. प्रभात रंजन, प्रभात यादव के नाम भी शामिल रहे।

**विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में लखनऊ में हुई रैली, 100 से अधिक साइकिलिस्टों ने लिया हिस्सा**

# 30 सितंबर से होगा आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप



एजेंसी

दुबई। महिला वनडे विश्व कप 2025 भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच खेला जायेगा जिसमे कोलंबो को तटस्थ अतिरिक्त स्थान के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था लेकिन टूर्नामेंट के मैच अब बेंगलुरू, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो में खेले जायेंगे। कोलंबो को इसलिये जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान आईसीसी टूर्नामेंटों के लिये भारत नहीं आयेगा और इस साल की शुरूआत में चैम्पियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। इसके तहत भारत ने अपने मैच दुबई में खेले थे जबकि पाकिस्तान और बाकी टीमों के मैच पाकिस्तान में हुए थे। आईसीसी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, यह टूर्नामेंट बेंगलुरू में 30 सितंबर से शुरू होगा। भारत में 12 साल बाद महिला क्रिकेट विश्व कप कराया जा रहा है। पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा जबकि दूसरा 30 अक्टूबर को बेंगलुरू में खेला



जायेगा। फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरू या कोलंबो में होगा। मेजबान भारत के अलावा गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका इसमें भाग लेंगे। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने अप्रैल में छह टीमों के क्वालीफायर में शीर्ष दो में रहकर इसमें जगह बनाई है। आस्ट्रेलिया सात बार का चैम्पियन है जबकि भारत एक बार भी नहीं जीत सका है।

**एसीसी ने मेजबान श्रीलंका के अनुरोध के बाद महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट स्थगित किया**

लाहौर। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण छह जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की। टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार-विमर्श के बाद लिया गया।

# क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने काम और जिंदगी में संतुलन लाने और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग में भी अपनी प्राथमिकतायें तय करने की कवायद में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से तुरंत प्रभाव से संन्यास ले लिया। तैतीस वर्ष के क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। अब उन्होंने सफेद गेंद के प्रारूप से भी विदा ले ली है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिये चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी20 मैच खेलकर 2764 रन बनाये हैं। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा , मेरे लिये यह दुखद दिन है क्योंकि मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है। मुझे यह तय करने में काफी समय लगा कि भविष्य में मेरे और परिवार के लिये क्या बेहतर है। यह काफी कठिन फैसला था लेकिन मैं इससे खुश हूं। दुनिया भर में टी20 लीग में काफी लोकप्रिय बल्लेबाज क्लासेन ने हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद के लिये आईपीएल में खेला और शतक भी लगाया।

# सात्विक-चिराग की अगुवाई में इंडोनेशिया में खिताबी जीत की ओर भारत

एजेंसी

जकार्ता। पूर्व चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे ।,450,000 डॉलर पुरस्कार राशि के इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुआई करते हुए वापसी की लय जारी रखना चाहेगी। फिटनेस हासिल करने के बाद दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थी और अब उनकी कोशिश इस टूर्नामेंट में और आगे तक पहुंचने की होगी ताकि वे 2023 में जीती गई ट्रॉफी को फिर से हासिल कर सकें। अभी सात्विक और चिराग की जोड़ी रैंकिंग में 27वें स्थान पर है लेकिन सिंगापुर के सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद उनके शीर्ष 20 के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

यह भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया आपेन में अपने अभियान की शुरूआत लियो रोली कार्नांडो और बागस मौलाना की इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ करेगी। सात्विक स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग पीठ की चोट के कारण पिछले कुछ सप्ताह से खेल से दूर थे। हालांकि इस स्टार जोड़ी ने पिछले हफ्ते सेमीफाइनल में पहुंचने के दौरान तकनीकी दक्षता दिखाकर मलेशिया के गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की नंबर एक जोड़ी को हराकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस साल लगातार खराब प्रदर्शन के बाद अब इस टूर्नामेंट में आगे तक पहुंचने का लक्ष्य



बनाएंगी। 29 साल की इस खिलाड़ी को फरवरी में गुवाहाटी में ट्रेनिंग के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी जिसके कारण वह एशिया टीम चैंपियनशिप से बाहर हो गई थीं। वापसी के बाद से वह थुई लिन्ह एनगुयेन, पुत्री कुसुमा वर्दानी और किम गा युन जैसी खिलाड़ियों हारकर टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गई। पिछले हफ्ते हालांकि 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की इस चैंपियन ने दूसरे दौर में चीन की तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन यू फी से हारने से पहले अपने पूर्व प्रदर्शन की झलक दिखाई थी। इंडोनेशिया के नए कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ सिंधू फिर से वही लय हासिल करने की कोशिश करेंगी। पहले दौर में उनका सामना जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा से होगा। महिला एकल में अन्य खिलाड़ियों में अनुपमा उपाध्याय का सामना कोरिया की किम गा यून से, रक्षिता श्री रामराज का सामना थाईलैंड की बाएं हाथ की खिलाड़ी सुपानिदा काटेथोंग से जबकि मालविका बंसोड़ का सामना इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा।

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज से जीती श्रृंखला

एजेंसी

कार्डिफ। जो रूट की नाबाद 166 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को सोफिया गार्डन्स में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज की टीम कीसी कार्टी के 103 रन तथा कप्तान शाई होप (78) और सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (59) के अर्धशतक के बावजूद 47.4 ओवर में 308 रन पर आउट हो गई, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने सात गेंद शेष रहते हुए सात विकेट पर 312 रन बनाकर जीत दर्ज की।

इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 133 रन था। रूट ने यहीं से विल जैक्स के साथ 121 गेंद पर 143 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। रूट ने अपनी पारी में 139 गेंद का सामना किया तथा 21 चौके और दो छक्के लगाए। विल जैक्स ने 49 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। रूट अपनी पारी



के दौरान इयोन मोर्गन को पछाड़कर इंग्लैंड के लिए वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। रूट के 7,082 रन हो गए हैं, जबकि मोर्गन के नाम पर 6,957 रन दर्ज हैं।

रूट ने मैच के बाद कहा, मैं इंग्लैंड के लिए जितना संभव हो सके उतना योगदान देना चाहता हूं। मेरे पास अभी भी देने के लिए बहुत कुछ है। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने 47 रन बनाए। वह सफेद गेंद की क्रिकेट में पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद अपनी पहली श्रृंखला में ही जीत दर्ज करने में सफल रहे।

**इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी में बनाए 587 रन**

कैंटरबरी। इंग्लैंड लायंस के निचले क्रम ने डटकर खेलते हुए भारत ए के गेंदबाजों को हताश किया जिससे मेजबान टीम ने सोमवार को यहां पहले अनौपचारिक टेस्ट के चौथे और अंतिम दिन के पहले सत्र के दौरान पहली पारी में 30 रन की बढ़त के साथ दबदबा बनाए रखा।

भारत ए के पहली पारी के 557 रन के स्कोर के जवाब में इंग्लैंड लायंस ने लंच से तुरंत पहले 587 रन पर पहली पारी समाप्त की। लंच से पहले एकमात्र ओवर में भारत ए ने बिना विकेट गंवाए नौ रन बना लिए थे जिसमें यशस्वी जायसवाल आठ रन बनाकर खेल रहे थे और उन्होंने दूसरी पारी की शुरूआत बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हुल पर छक्का जड़कर की। अब दो सत्र बाकी हैं तो भारत ए के बल्लेबाज कुछ आसान प्रथम श्रेणी रन जुटाना चाहेंगे। इससे पहले इंग्लैंड लायंस ने सात विकेट पर 527 रन से शुरूआत की और उसके निचले क्रम के बल्लेबाजों ने 60 रन जुटाए। एडी जैक (25 रन) और अजीत सिंह डेल (नाबाद 27 रन) ने भारत ए के गेंदबाजों को हताश करते हुए अंतिम विकेट के लिए 49 रन जोड़े।

# ऋण सुविधा का विस्तार करें पैक्स : शाह

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के तहत प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को ऋण सुविधा का विस्तार करने के लिए तत्काल कार्वाई का आह्वान किया, ताकि उनकी वित्तीय स्थिति में सुधार हो सके।

दुनिया का सबसे बड़ा सहकारी खाद्यान्न भंडारण नेटवर्क बनाने की योजना की समीक्षा करते हुए शाह ने खाद्य भंडारण योजना में पैक्स की व्यापक भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पैक्स को इस योजना का अभिन्न अंग बनाना आवश्यक है ताकि उनकी वित्तीय व्यवहार्यता और सामाजिक प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। एक सरकारी बयान के अनुसार, शाह ने खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को देशभर के गोदामों की राष्ट्रीय स्तर पर मैपिंग करने का निर्देश दिया, ताकि क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार योजना का कार्यान्वयन सुचारू रूप से किया जा सके। मंत्री ने एफसीआई, राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ), राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और राज्य भंडारण निगमों को पैक्स को अधिक से अधिक गोदामों से जोड़ने के निर्देश भी दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्यों को अपने स्तर पर अधिक से अधिक पैक्स को इस योजना में शामिल करना चाहिए और एक पूर्ण सहकारी आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने के लिए राज्य स्तरीय विपणन संघों को भी इससे जोड़ा जाना चाहिए।

शाह ने सभी संगठनों से इस योजना को समय पर और प्रभावी तरीके से समन्वित और कार्यान्वित करने का आह्वान किया ताकि यह आत्मनिर्भर भारत और सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो। बैठक में सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और मुरलीधर मोहोल के अलावा सहकारिता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उपभोक्ता मामले, एफसीआई, नाबार्ड, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) और अन्य संस्थानों के अधिकारी मौजूद थे। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पोर्टल के अनुसार, वर्तमान में भारत में एक लाख से भी अधिक पैक्स हैं। देशभर में कृषि अवसंरचना के विकास के लिए मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण प्रदान करने के लिए वर्ष 2020 में एआईएफ को शुरू किया गया था। यह योजना शुरू में 10 साल की अवधि (2020-2030) के लिए निर्धारित की गई थी, लेकिन इसे 2032-33 तक बढ़ा दिया गया है।

# पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर के बाद कल करेंगे मंत्रिपरिषद संग पहली बैठक



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी।

सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बैठक में मंत्रियों को ऑपरेशन सिंदूर का ब्योरा दिए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नीत केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने के मौके पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से अगले हफ्ते शुरू किए जाने वाले कार्यक्रमों में भी इस अभियान का जिक्र किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री ऑपरेशन सिंदूर पर बोलने के अलावा इस बात पर प्रकाश डाल सकते हैं कि उनकी सरकार का समग्र जोर किन चीजों पर है, क्योंकि मंत्री सरकार के एक साल पूरे होने के मौके पर देशभर में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में लोगों के बीच जाने को तैयार हैं। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से किए गए सटीक हवाई हमले और उसके बाद पाकिस्तान के हमलों के जवाब में पड़ोसी देश के सैन्य प्रतिष्ठानों, खासकर वायुसैनिक ठिकानों पर किए गए भारतीय हमले प्रधानमंत्री मोदी के हालिया भाषणों का मुख्य बिंदु रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादी कृत्यों में पाकिस्तान की भूमिका का जवाब देने के लिए भारत के नये रुख को रेखांकित करता है।

## संक्षेप

### पेशेवर संस्थानों में हो रही आरएसएस की घुसपैठ

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) से जुड़ी कथित अनियमितताओं का हवाला देते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि पेशेवर संस्थानों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की व्यवस्थित घुसपैठ हो रही है और इन्हें बर्बाद किया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नामक आरएसएस संगठन है। मुख्य विपक्षी दल के आरोपों पर फिलहाल आईसीएचआर और एबीआईएसवाई की तरफ से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, मई, 2014 के बाद से पेशेवर संस्थानों में आरएसएस की व्यवस्थित घुसपैठ हुई है और ऐसा एक उदाहरण भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद है। उन्होंने आरोप लगाया, अब इन कार्यकर्ताओं पर केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) जैसी किसी संस्था द्वारा वित्तीय कदाचार का आरोप लगाया गया है। यह 14 करोड़ रुपये का घोटाला है, जो आईसीएचआर के लिए एक बड़ी रकम है। रमेश ने आरोप लगाया कि घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नामक आरएसएस संगठन है।

# जम्मू कश्मीर: पुंछ के अग्रिम गांवों में 67 गोले निष्क्रिय किये गये

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास अग्रिम गांवों में 60 से अधिक गोलों को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया गया। रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

प्रवक्ता ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जान-माल की सुरक्षा के लिए जारी प्रयासों के तहत चजला, झूलास, मेंढर, मनकोट और लोअर कृष्णा घाटी गांवों में गोले निष्क्रिय किए गए। उन्होंने बताया कि सेना सात से 10 मई के बीच पाकिस्तान द्वारा की गई गोलाबारी के बाद बिना फटे गोलों को व्यवस्थित तरीके से निष्क्रिय कर रही है। प्रवक्ता ने कहा कि अक्सर नागरिक बस्तियों को निशाना बनाकर की जाने वाली गोलाबारी से प्रभावित क्षेत्रों में आम लोगों और पशुओं के लिए लगातार खतरा पैदा होता है। अब तक कुल 67 गोले सफलतापूर्वक निष्क्रिय किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि ये अभियान सेना द्वारा आबादी वाले और कृषि क्षेत्रों से खतरनाक विस्फोटकों को हटाने की व्यापक पहल का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रही सेना ने अत्यंत सावधानी के साथ इन गोलों को नष्ट किया है।

# रूस को संदेश देने को रक्षा खर्च बढ़ायेगा ब्रिटेन



लंदन। रूस को संदेश देने के लिए ब्रिटेन परमाणु ऊर्जा से संचालित नयी हमलावर पनडुब्बियां बनाएगा और यूरोप में युद्ध के लिए तैयार सेना का गठन करेगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने तीन दशक से अधिक समय पहले शीत युद्ध की समाप्ति के बाद ब्रिटेन की रक्षा नीति में सबसे बड़े बदलाव करने का संकल्प लेते हुए कहा कि लंदन रूस से उत्पन्न खतरे को नजरअंदाज नहीं कर सकता।

स्टॉर्मर ने बीबीसी से कहा कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि दुनिया बदल गई है। आज पिछले कई वर्षों से कहीं ज्यादा अस्थिरता और खतरे हैं। ब्रिटिश सरकार को स्टॉर्मर की ओर से ब्रिटेन के पूर्व रक्षा सचिव एवं नाटो महासचिव जॉर्ज रॉबर्टसन के नेतृत्व में की गई रणनीतिक रक्षा समीक्षा पर सोमवार को प्रतिक्रिया देनी है। यह 2021 के बाद अपनी तरह की पहली समीक्षा है, जो 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और पिछले साल डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने के बाद बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच हुई है। ब्रिटिश सरकार ने कहा है कि वह समीक्षा में की गई सभी 62 सिफारिशों को स्वीकार करेगी, जिनका मकसद जमीन, हवा, समुद्र और साइबरस्पेस में बढ़ते खतरों का मुकाबला करने में ब्रिटेन की मदद करना है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हेली ने कहा कि ये बदलाव मॉस्को को संदेश देंगे और ब्रिटिश सेना की सूरत बदलेंगे, जिसमें पिछले कई दशकों से सैनिकों की संख्या में लगातार कटौती की जा रही है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि सैनिकों की संख्या, जो मौजूदा समय में ऐतिहासिक रूप से सबसे कम है, उसमें 2030 के दशक की शुरुआत में ही वृद्धि होने की संभावना है।

# बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे चिराग पासवान



रायपुर। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को कहा कि अगर उनकी उम्मीदवारी से उनकी पार्टी की स्थिति और मजबूत होती है तब वह निश्चित रूप से आगामी बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे।

वह एक क्षेत्रीय समाचार चैनल के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंचने के बाद यहां के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे।

बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के बारे में पूछे जाने पर पासवान ने कहा, 'मैं पहले ही कह चुका हूं कि मैं खुद को लंबे समय तक केंद्र की राजनीति में नहीं देखता हूं। राजनीति में आने का कारण बिहार और बिहारी (बिहार के लोग) हैं। मेरा अपना विजन है- बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट। ऐसे में मैं चाहता हूं कि मेरा राज्य बिहार विकसित राज्यों के बराबर खड़ा हो। उन्होंने कहा कि तीसरी बार सांसद बनने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि दिल्ली में रहकर (बिहार के लिए काम करना) संभव नहीं हो सकता है। पासवान ने कहा कि उन्होंने पार्टी के सामने अपनी यह इच्छा जताई है कि वह जल्द ही बिहार लौटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी चाहेगी, यानी पार्टी इस बात का मूल्यांकन कर रही है कि क्या मेरे अभी चुनाव लड़ने से उसे फायदा होगा। कई बार ऐसा देखा गया है कि जब राष्ट्रीय स्तर के नेता राज्य का चुनाव लड़ते हैं, तब पार्टी को इसका फायदा मिलता है। भाजपा ने कई बार यह रणनीति आजमाई है, जब उन्होंने अपने सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारा और इसका फायदा उठाया। पासवान ने कहा कि यदि चुनाव मैदान में उतरने के उनके कदम से उनकी पार्टी मजबूत होती है और पार्टी का स्ट्राइक रेट (पार्टी द्वारा लड़ी गई सीट के सापेक्ष जीती गई सीटों का प्रतिशत) मजबूत होता है, तो वह चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारा स्ट्राइक रेट सौ प्रतिशत था। मैं चाहूंगा कि विधानसभा में भी मेरा स्ट्राइक रेट बेहतर हो। अगर मेरा स्ट्राइक रेट बेहतर होता है और गठबंधन का प्रदर्शन बेहतर होता है (मेरे विधानसभा चुनाव में उतरने से), तो मैं निश्चित रूप से चुनाव लड़ूंगा।

# भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सुरक्षित दुनिया बनाने का संकल्प दोहराया

मैड्रिड। द्रमुक सांसद कनिमोई करुणानिधि के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को स्पेन में आतंकवाद पीड़ितों के एक संगठन के साथ बैठक के दौरान एक सुरक्षित और अधिक दयालु दुनिया के लिए भारत के संकल्प को दोहराया और सीमा पार खतरों का सामना करने में नयी दिल्ली के अनुभव को साझा किया। यह उन सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है जिन्हें भारत ने 33 देशों की राजधानियों का दौरा करने का दायित्व सौंपा है। ताकि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक यह संदेश पहुंचाया जा सके कि पाकिस्तान का आतंकवाद से संबंध है। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे।

प्रतिनिधिमंडल अपनी पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार को यहां पहुंचा। स्पेन स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आतंकवाद के 4,800 से अधिक पीड़ितों के साथ खड़े एक संगठन द्वारा आयोजित बैठक में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद की पीड़ा पर गहन चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने सीमा पार खतरों का सामना करने में भारत के अनुभव को साझा किया तथा एक सुरक्षित, अधिक दयालु विश्व के निर्माण के लिए साझा संकल्प की पुष्टि की। यात्रा के दौरान, प्रतिनिधिमंडल स्पेन सरकार के प्रतिनिधियों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा तथा आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति से अवगत कराएगा। कनिमोई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कल स्पेन में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, मुझे तमिल समुदाय से मिलकर बहुत खुशी हुई।

# इजराइल के हमले में 14 फलस्तीनी मारे गये



दीर अल-बलाह। गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइल द्वारा एक आवासीय इमारत पर किए गए हमले में 14 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला जबालिया शरणार्थी शिविर पर किया गया। शिफा और अल-अहली अस्पतालों ने इस हमले में मारे गए लोगों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि मरने वालों में पांच महिलाएं और सात बच्चे शामिल हैं। इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है।

## इंटरटेनमेंट...

# 'हाउसफुल 5' के प्रमोशनल इवेंट में बेकाबू हुई भीड़



मुंबई। हाल ही में पुणे के मॉल में फिल्म हाउसफुल 5 का प्रमोशनल इवेंट रखा गया था, जहां फिल्म की स्टारकास्ट अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नाना पाटेकर, नरगिस फाखरी समेत कई एक्टर्स पहुंचे। बॉलीवुड हस्तियों को देखने के लिए भीड़ इतनी बेकाबू हो गई कि अक्षय कुमार को धक्का-मुक्की पर काबू करने के लिए हाथ जोड़ने पड़ गए। प्रमोशनल इवेंट से कई वीडियोज सामने आए हैं, जिसमें देखा जा रहा है

> अक्षय कुमार ने हाथ जोड़कर चिल्लाते हुए कहा- औरतें और बच्चे हैं धक्का-मुक्की मत करो

कि मंच के पास बढ़ने के लिए भीड़ ऐसी उतावली हो गई कि चीख-पुकार होने लगी। बच्चों, औरतों और बुजुर्गों को भीड़ में दबते देख अक्षय कुमार ने तुरंत मंच से हाथ जोड़ते हुए माइक पर कहा, हम लोगों को जाना पड़ेगा। धक्का मुक्की मत करो।

हाथ जोड़कर विनती करता हूं, यहां औरतें हैं, बच्चे हैं। मैं सभी से अनुरोध करता हूं प्लीज। इसके बावजूद इवेंट से कई वीडियोज सामने आए हैं, जिनमें या तो बच्चे बैरिकेड्स से फंसे दर्द में कराहते नजर आए हैं या फिर एक बच्चा सिक्योरिटी टीम से ये कहता हुआ नजर आया कि उसके अंकल को सांस लेने की तकलीफ है और वो भीड़ में फंस गए हैं। लंबे संघर्ष के बाद स्टारकास्ट की सिक्योरिटी टीम ने हालात पर काबू पाया, जिसके बाद फिल्म की स्टारकास्ट ने स्टेज में जमकर मस्ती की।

# कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' रिलीज कराने कर्नाटक हाईकोर्ट पहुंचे




**मुंबई**। 23 मई को दिए गए बयान के चलते कमल हासन विवादों में हैं। एक्टर कमल हासन ने कहा था- कन्नड़ भाषा का जन्म तमिल से हुआ है। इस बयान के बाद कर्नाटक सरकार ने उनकी अपकमिंग फिल्म ठग लाइफ की रिलीज पर रोक लगा दी थी।

कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स के इस फैसले के खिलाफ एक्टर ने कर्नाटक हाईकोर्ट में अपील की है। फिल्म 5 जून को देशभर में रिलीज होनी है। कमल हासन के प्रोडक्शन हाउस राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ने याचिका में कोर्ट से कर्नाटक सरकार, पुलिस डिपार्टमेंट और फिल्म ट्रेड बॉडीज को फिल्म की रिलीज में बाधा न डालने का निर्देश देने की अपील की है। याचिका में पुलिस महानिदेशक और शहर के पुलिस आयुक्त को स्क्रीनिंग के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देने की भी मांग की गई है। 24 मई को आयोजित हुए फिल्म के ऑडियो लॉन्च इवेंट के दौरान कमल हासन ने कहा था।

# 'रामायण' में मोहित रैना निभायेंगे भगवान शिव शंकर का किरदार?



मुंबई। नितेश तिवारी फिल्म 'रामायण' बना रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम और साई पल्लवी माता सीता की भूमिका निभाएंगी। अब खबर है कि मोहित रैना फिल्म में भगवान शिव का किरदार निभा सकते हैं।

मोहित रैना ने टेलीविजन पर कई वर्षों तक भगवान शिव की भूमिका निभाई है, जिससे उन्हें एक खास पहचान मिली है। इंडिया फोरम्स के मुताबिक, फिल्म 'रामायण' में भगवान शिव की भूमिका निभाने को लेकर मोहित रैना और मेकर्स के बीच बातचीत चल रही है। बताया जा रहा है कि यह बातचीत अपने अंतिम चरण में है। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मोहित रैना ने टीवी शो 'देवों के देव महादेव' में भगवान शिव की निभाई गई थी। यह उनके करियर का अब तक का सबसे आइकॉनिक किरदार रहा।

# अरब क्रिटिक ने खोली बॉलीवुड की पोल

मुंबई। राजकुमार राव और वामिका गब्बी स्टारर इन दिनों सिनेमाघरों में लगी हुई है। इंडियन क्रिटिक्स और ट्रेड एक्सपर्ट्स की मानें तो फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन कमाई कर रही है, हालांकि अरब के क्रिटिक हमद अल रेयामी की मानें तो दर्शकों को दिखाए जा रहे कमाई के आंकड़े फर्जी हैं।

इसके साथ ही उन्होंने बॉलीवुड के फर्जी बॉक्स ऑफिस नंबर्स की पोल खोल दी है। हमद ने हाल ही में

> भूल चूक माफ का कलेक्शन फर्जी, सिनेमाघर खाली हैं; स्त्री-छावा जैसी फिल्में की कमाई भी नकली

ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर कर लिखा है, फेक बॉलीवुड बॉक्स ऑफिस सिनेमा को मार रहा है। भूल चूक माफ की सो कोल्ड फेक कलेक्शन रिपोर्ट देखने के बाद मेरा बॉलीवुड के सो कोल्ड एनालिस्ट से भरोसा उठ गया है। वास्तविकता पर आते हैं, सिनेमाघर खाले थे, नंबर दिखाने के लिए सस्ते दामों पर टिकट बेचे गए। कहानी औसत दर्ज की थी।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K